राष्ट्रीय दैनिक
दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित



# प्रातः किरण

हर खबर पर पकड़
/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 प्रधानमंत्री मोदी ने पैरालंपिक पदक विजेताओं से की मुलाकात
रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए भारत ने शुरू की कोशिशें.... 12

वर्ष : 15 | अंक : 153 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 सितंबर, 2022 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## कश्मीर में चुनाव से 6 दिन पहले आतंकी ठिकाने मिले, पेड़ की जड़ में गड्ढा खोदकर रह रहे थे

### सेना के दो जवान गड्ढे के अंदर घुसे और उन्होंने हथियार बाहर निकाले, सेना ने हैंड ग्रेनेड, कारतूस, एके-47 की कॉर्ट्रिज को जब्त किया

श्रीनगर, एजेंसी

सेना ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के 6 दिन पहले कुपवाड़ा और कुलगाम जिले में गुरुवार,12 सितंबर को आतंकियों के 2 ठिकानों को खोज निकाला। कुपवाड़ा से भारी मात्रा में गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किया। वहीं, कुलगाम में सिर्फ ठिकाने का पता चला।कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में आतंकियों ने यह ठिकाना एक बड़े पेड़ की जड़ में गड्ढा खोदकर बनाया था। जड़ में 5 से 6 फीट जगह मिली।यहां से अङ-47 के 100 से ज्यादा कारतूस, 20 हैंड ग्रेनेड और 10 छोटे रॉकेट



मिले।इलेक्शन ऑब्जर्वेजर से मिली थी जानकारी इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर, कुपवाड़ा के केरन

- 10 छोटे रॉकेट, 20 हैंड ग्रेनेड मिले
- कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन चलाकर हथियार बरामद किए, सर्चिंग जारी

सेक्टर में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन चलाया। सेना को यह खुफिया जानकारी जम्मू-कश्मीर में तैनात एक इलेक्शन ऑब्जर्वेजर से मिली थी। जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों पर 3 फेज में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1



अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा। चुनाव नजदीक आते ही आतंकी गतिविधियां बढ़ीं, 4 दिन में 4 आतंकी ढेर जम्मू-कश्मीर में पहले फेज की वोटिंग में सिर्फ 6 दिन बचे हैं। ऐसे में आतंकी गतिविधियां भी बढ़ गई हैं। सेना ने पिछले चार दिनों में 4 आतंकी ढेर किए हैं। इस बीच पाक रेंजर्स की तरफ से भी गोलीबारी की घटना हुई। सेना के मुताबिक, ये घटनाएं चुनाव प्रभावित करने के लिए की जा रही हैं।

**8 सितंबर:** सेना ने राजौरी में घुसपैठ कर रहे 2 आतंकी ढेर किए जम्मू-कश्मीर के राजौरी में लाइन ऑफ कंट्रोल पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों को सेना ने 8 सितंबर की देर रात मार गिराया था। व्हाइट नाइट कॉर्प्स के मुताबिक सेना की तलाशी अभियान में एक और ट4 राइफल बरामद हुआ है। सर्च ऑपरेशन में अब तक 2 एके-47, 1 एम-4 राइफल, 1 पिस्तौल, 8 ग्रेनेड, गोला-बारूद, समेत की सामान बरामद किया जा चुका है।

**11 सितंबर:** उधमपुर में 2 आतंकी ढेर, पाक रेंजर्स ने भी गोलीबारी की जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में 11 सितंबर को सुरक्षाबलों से एनकाउंटर में 2 आतंकी मारे गए। सेना ने बताया कि आर्मी के फर्स्ट पैरा के जवानों को बुधवार सुबह उधमपुर के खंडरा टॉप के जंगलों में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 29.0°C
न्यूनतम तापमान 19.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 61,380 |
| चांदी | 73,300 |
| सेंसेक्स | 58,992 |
| निफ्टी | 17,360 |

## माकपा महासचिव सीताराम येचुरी का 72 साल की उम्र में निधन

नई दिल्ली, प्रात : किरण




मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव और पूर्व सांसद सीताराम येचुरी का गुरुवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 72 साल के थे और यहां एम्स में उनका इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। येचुरी को निमोनिया और फेफड़े में संक्रमण के बाद 19 अगस्त को एम्स में भर्ती कराया गया था। बाद में उन्हें आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया था। वामपंथी नेता की हाल ही में मोतियाबिंद की सर्जरी हुई थी। चेन्नई में 12 अगस्त 1952 को जन्मे येचुरी अगस्त 2005 से 2017 तक लगातार दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे थे। वह अप्रैल 2015 से माकपा के महासचिव पद पर थे। इससे पहले 1992 से वह माकपा पोलित ब्यूरो के सदस्य और 1984 से माकपा की केंद्रीय समिति से सदस्य रहे थे।

उनके निधन पर शोक जताते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, सीताराम येचुरी जी एक मित्र थे। हमारे देश की गहरी समझ रखने वाले भारत के विचार के रक्षक थे। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं हमारे बीच होने वाली लंबी चचाओं को याद करता हूं और दुख की इस घड़ी में उनके परिवार, दोस्तों और अनुयायियों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, यह जानकर दुख हुआ कि सीताराम येचुरी का निधन हो गया है। वह एक अनुभवी सांसद थे और उनका निधन राष्ट्रीय राजनीति के लिए एक क्षति होगी। मैं उनके परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। येचुरी ने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई की और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। उनके परिवार में पत्न ी सीमा चिश्ती येचुरी और दो बेटे हैं। उन्होंने दिवंगत पार्टी नेता हरकिशन सिंह सुरजीत के मार्गदर्शन में सियासत में कदम रखा था। वह 2015 में प्रकाश करात के बाद माकपा महासचिव बने थे।

### मुर्मु और शाह ने येचुरी के निधन पर दुख व्यक्त किया






श्रीमती मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक संदेश में लिखा, सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। पहले एक छात्र नेता के रूप में और फिर राष्ट्रीय राजनीति में और एक सांसद के रूप में, उनकी एक विशिष्ट और प्रभावशाली आवाज थी। एक प्रतिबद्ध विचारक होते हुए भी, उन्होंने पार्टी लाइनों से ऊपर उठकर मित्र बनाए। उनके परिवार और सहकर्मियों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।

श्री शाह ने अपने संदेश में कहा, सीपीआई (एम) के महासचिव और पूर्व राज्यसभा सांसद, सीताराम येचुरी जी के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ। उनका निधन राजनीतिक क्षेत्र के लिए क्षति है। मैं उनके परिवार के सदस्यों और दोस्तों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय को सहने की शक्ति दे। श्री येचुरी का लम्बी बीमारी के बाद गुरुवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया।

### राजनाथ और गडकरी सहित कई केंद्रीय मंत्रियों ने येचुरी के निधन पर शोक जताया

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई वरिष्ठ नेताओं ने बृहस्पतिवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव और राज्यसभा के पूर्व सदस्य सीताराम येचुरी के निधन पर शोक जताया और सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान को याद किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, माकपा महासचिव और पूर्व राज्यसभा सदस्य सीताराम येचुरी के निधन से दुखी हूं। अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में उन्होंने एक सुलझे हुए सांसद के रूप में पहचान बनाई। वह अपने ज्ञान और अभिव्यक्ति के लिए भी जाने जाते थे। उन्होंने कहा, वह मेरे दोस्त भी थे, जिनके साथ मुझे कई बार



संवाद का मौका मिला। मैं उनके साथ अपनी बातचीत को हमेशा याद रखूंगा। उनके शोक संतप्त परिवार और समर्थकों के प्रति संवेदना। गडकरी ने कहा, ह्यह्यसीताराम येचुरी के निधन से गहरा दुख हुआ। सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। इस कठिन समय में उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति हार्दिक संवेदना ।केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि माकपा के वरिष्ठ नेता सीताराम येचुरी के दुखद निधन से उन्हें गहरा दुख हुआ है। उन्होंने संसद में उनके साथ बिताए पलों को याद करते हुए उनके परिवार, सहयोगियों और प्रशंसकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने येचुरी के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि उनका माकपा महासचिव के साथ एक लंबा जुड़ाव था। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम कई दशक पहले इंडिया गेट के लॉन में क्रिकेट खेलते थे जब हम किशोरावस्था में थे। बौद्धिक क्षमता रखने वाले येचुरी ने अपना जीवन एक विचारधारा के लिए समर्पित कर दिया, जिसमें वह दृढ़ता से विश्वास करते थे।

## राजनाथ ने विदेशी मित्र देशों से किया भारत की एयरोस्पेस इंडस्ट्री ठीक से देखने का आह्वान

- राजनाथ सिंह ने जोधपुर में 'तरंग शक्ति' के दौरान भारतीय रक्षा विमानन प्रदर्शनी का उद्घाटन किया
- भारत दौरे पर आईं वायु सेनाओं को रक्षा विनिर्माण उद्योगों का प्रत्यक्ष अनुभव हासिल करना चाहिए



नई दिल्ली, प्रात : किरण

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोधपुर में चल रहे अंतरराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' में हिस्सा लेने आये विदेशी मित्र देशों से भारत की एयरोस्पेस इंडस्ट्री को ठीक से देखने और अध्ययन करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भारत दौरे पर आईं वायु सेनाओं को भारतीय रक्षा विनिर्माण उद्योगों का प्रत्यक्ष अनुभव हासिल करना चाहिए। कुछ समय पहले तक भारत को हथियार और उपकरण के मामले में सिर्फ आयातक देश के रूप में देखा जाता था लेकिन आज भारत लगभग 90 देशों को हथियार और उपकरण निर्यात करता है। अभ्यास तरंग शक्ति के दौरान भारतीय वायु सेना ने जोधपुर में भारतीय रक्षा विमानन प्रदर्शनी लगाई है, जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को किया।

अभ्यास के दूसरे चरण में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, बांग्लादेश, सिंगापुर, यूएई की वायु सेनाएं लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर, विशेष ऑपरेशन विमान, मध्य हवा में ईंधन भरने वाले और हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली (अवाक्स) सहित 70-80 विमानों के साथ हिस्सा लेने आईं हैं। इस अभ्यास में अमेरिका अपने एफ-16 और ए-10 विमानों के साथ भाग ले रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जो हमारी वायु सेना और हमारे रक्षा क्षेत्र के विकास की स्वर्णिम कहानी कहते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय वायु सेना अपनी स्थापना के समय से ही अपनी शक्ति और शौर्य के लिए जानी जाती रही है। देश को जब-जब भी जरूरत पड़ी, वायु सेना ने डटकर उस परिस्थिति का सामना किया और अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्र का गौरव बढ़ाया। लगभग 60 साल बाद भारत के आकाश में इतना बड़ा सामरिक अभ्यास आयोजित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आइडिया ऑफ इंडिया के संरक्षक थे येचुरी : राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी के निधन पर दुख जताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि येचुरी देश के बारे में गहरी समझ रखने वाले और भारत की अवधारणा (आइडिया ऑफ इंडिया) के संरक्षक थे। येचुरी का बृहस्पतिवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, सीताराम येचुरी जी मित्र थे। हमारे देश की गहरी समझ रखने वाले और भारत की अवधारणा के संरक्षक थे। मुझे हमारे बीच होने वाली लंबी चचाओं की कमी खलेगी।

### बिहार में खत्म हो रहा राजद का जनाधार, तेजस्वी यादव करते हैं आसमानी वादे : राजीव रंजन

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बयानबाजियों का दौर शुरू हो गया है। इसी कड़ी में बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार की कानून व्यवस्था को विफल बताते हुए कहा कि सीएम नीतीश कुमार सुषुप्त अवस्था में हैं। उनके इस बयान पर जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने पलटवार करते हुए कहा कि सत्ता में जो आने की स्थिति में नहीं होते हैं, वह ऐसे ही आसमानी बातें और वादे करते हैं, तेजस्वी यादव को पता है उनकी पार्टी का जनाधार समाप्त हो रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस में 29 पदक जीतने वाले पैरा-एथलीटों से मुलाकात की

नई दिल्ली, प्रात : किरण



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली में अपने आवास पर पेरिस पैरालंपिक-2024 में ऐतिहासिक 29 पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित करने वाले पैरा-एथलीटों से मुलाकात की। एक घंटे से अधिक समय तक चली इस बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पैरा-एथलीटों से बातचीत की और पेरिस में उनकी सफलता की कहानियां सुनी। उल्लेखनीय है कि भारत ने ऐतिहासिक पैरालंपिक अभियान में 29 पदक (7 स्वर्ण, 9 रजत, 13 कांस्य) जीते, जो 2021 में टोक्यो में जीते गए 19 पदकों के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर है। पेरिस में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली निशानेबाज अवनी लेखरा ने प्रधानमंत्री मोदी को एक हस्ताक्षरित टी-शर्ट भेंट की।

## पीएम नरेंद्र मोदी ने सीजेआई के घर गणेश पूजा की

### पीएम मोदी और सीजेआई के मुलाकात की आलोचना करने वालों पर बरसी भाजपा, कहा-मुद्दा मुलाकात नहीं गणपति पूजा है

नई दिल्ली, प्रात : किरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को नई दिल्ली स्थित भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के घर पर गणपति पूजा समारोह में शामिल हुए थे। इसे लेकर देश में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। पीएम मोदी की चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ से मुलाकात को लेकर विपक्षी दलों ने आलोचना की, जिसपर भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि मुद्दा मुलाकात नहीं बल्कि गणपति पूजा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने पार्टी



मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए विपक्षी दलों को यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान होनी वाली इफ्तार पार्टियों की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश महाराष्ट्र से आते हैं और उन्होंने गणपति पूजन का कार्यक्रम अपने घर पर रखा और स्वाभाविक तौर पर उन्होंने बहुत लोगों को बुलाया होगा। संबित पात्रा ने पीएम मोदी और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के बीच हुई मुलाकात की आलोचना करने वाले लोगों पर पलटवार करते हुए कहा कि यहां मुद्दा यह मुलाकात का नहीं, बल्कि गणपति पूजा है। यूपीए सरकार के दौरान बतौर प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह इफ्तार की पार्टी रखा करते थे, क्या उसमें सुप्रीम कोर्ट के उस समय के मुख्य न्यायाधीश नहीं जाते थे, क्या उस समय दोनों की मुलाकात नहीं होती थी, क्या उस समय दोनों के बीच एक टेबल पर बैठकर बातचीत नहीं होती थी? उन्होंने कहा कि वह भी एक त्योहार (इफ्तार पार्टी) है और यह भी एक त्योहार (गणपति पूजा) है, तो फिर अब आपत्ति क्यों की जा रही है? दो त्योहारों के बीच यह भेदभाव क्यों किया जा रहा है?

**योजना** आयुष्मान योजना के तहत लाभ, 4.5 करोड़ परिवार को फायदा, बीजेपी ने घोषणापत्र में वादा किया था...

## 70+ उम्र वाले सभी को 5 लाख तक फ्री इलाज

नई दिल्ली, प्रात : किरण

केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना को और विस्तार दे दिया है। अब 70 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इसके तहत हर साल 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त कराया जा सकता है। बुधवार को मोदी कैबिनेट ने इस फैसले को मंजूरी दे दी है।

सरकार के मुताबिक, 6 करोड़ सीनियर सिटिजंस को इस योजना का लाभ मिलेगा। इसमें देश के करीब 4.5 करोड़ परिवार शामिल होंगे। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के अपने घोषणापत्र में यह वादा किया था। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि शुरूआत में योजना के लिए 3,437 करोड़ रुपए खर्च किए




जाएंगे। जैसे-जैसे लोग इस योजना से जुड़ेंगे, इसका दायरा बढ़ाया जाएगा।

सरकार ने कहा कि 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के सभी बुजुर्ग चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, वे इस योजना का फायदा उठा सकेंगे। उनके लिए एक नया अलग कार्ड जारी किया जाएगा। जो परिवार पहले से आयुष्मान के दायरे में हैं, उन्हें 70 पार के सीनियर सिटिजंस के लिए हर साल 5 लाख रु. तक का एडिशनल कवर मिलेगा। इसका इस्तेमाल परिवार के अन्य लोग नहीं कर सकेंगे।

> शुरूआत में योजना के लिए 3,437 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। जैसे-जैसे लोग इस योजना से जुड़ेंगे, इसका दायरा बढ़ाया जाएगा।
> -केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव



केंद्र ने 2017 में योजना की शुरूआत की थी आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी बीमा योजना है, जो देश के सबसे गरीब 40 प्रतिशत लोगों को हर साल 5 लाख रुपए तक की मुफ्त इलाज की सुविधा देती है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के तहत केंद्र सरकार ने यह योजना साल 2017 में शुरू की थी। हालांकि, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्य इस योजना को मानने से इनकार कर रहे हैं और राज्य में खुद अपनी योजना चला रहे हैं। इस योजना के तहत देश भर के सिलेक्टेड सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज करवाया जा सकता है। भर्ती होने के 10 दिन पहले और बाद के खर्च का भी इस योजना के तहत भुगतान का प्रावधान है।

इस योजना में सभी बीमारियां होती हैं कवर आयुष्मान योजना में पुरानी बीमारियां भी कवर होती हैं। किसी बीमारी में अस्पताल में एडमिट होने से पहले और बाद के खर्च इसमें कवर होते हैं। ट्रांसपोर्ट पर होने वाला खर्च इसमें कवर होता है। सभी मेडिकल जांच, ऑपरेशन, इलाज जैसी चीजें इसमें शामिल हैं। इस योजना के तहत अब तक साढ़े 5 करोड़ से ज्यादा लोग अपना इलाज करा चुके हैं।

### कौन-कौन से लोग बनवा सकते हैं आयुष्मान कार्ड



- ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले
- अनुसूचित जाति या जनजाति और आदिवासी
- गरीबी रेखा के नीचे आने वाले लोग
- असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले
- दिहाड़ी मजदूरी करने वाले
- परिवार में कोई दिव्यांग हो

## बसपा के झूठे प्रचार की वजह से कांग्रेस यूपी व देश से उखड़ गई : उदित राज

नई दिल्ली, प्रात : किरण



कांग्रेस नेता उदित राज ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती पर गुरुवार को जमकर हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस को उत्तर प्रदेश और देश से उखाड़ने के लिए बसपा सुप्रीमो मायावती को जिम्मेवार ठहराया है। आज कांग्रेस मुख्यालय में प्रेसवार्ता में पार्टी नेता उदितराज ने कहा कि तीन-चार दशक से बसपा झूठा प्रचार करती रही, जिसका कांग्रेस ने जवाब नहीं दिया। इसकी वजह से कांग्रेस पहले उत्तर प्रदेश व बाद में देश से उखड़ गई। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। कांग्रेस के हर सवाल का जवाब बसपा सुप्रीमो को देना होगा। बसपा सुप्रीमो मायावती का राजनीतिक तौर पर खात्मा होने तक कांग्रेस उनसे सवाल पूछती रहेगी। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि बसपा ने शुरू से ही कांग्रेस की आलोचना करके अपनी जमीन तैयार की, उसका अपना कोई भौतिक आधार नहीं रहा है। कभी उन्होंने पदार्फाश रैली तो कभी थू-थू रैली निकाली और हमेशा बाबा साहब आम्बेडकर को आगे रखकर कांग्रेस पर भावानात्मक अत्याचार करती रही।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 सितम्बर, 2024



## बाइक में खालिस्तान लिखकर घूम रहा संदिग्ध चढ़ा पुलिस के हत्थे, धारा 81 के तहत की गई कार्रवाई




**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने बाइक में खालिस्तान लिख कर घूम रहे एक युवक को हिरासत में लिया है। आरोपी से ख़ुफ़िया तंत्र सहित जनपद के अधिकारियों ने पूछताछ की और युवक पर 81 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। दरअसल,रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। आरोप है कि युवक अपनी बाइक में खालिस्तानी लिख कर बाजार में घूम रहा था। इसी बीच मंगलवार को बीती देर रात तक जनपद की पुलिस, ख़ुफ़िया तंत्र और पुलिस अधिकारी युवक से पूछताछ करते रहे। इसके बाद आरोपी से आईबी की टीम के द्वारा भी पूछताछ की गई। बताया गया कि संदिग्ध युवक बरेली के बहेड़ी का रहने वाला है और काशीपुर रोड किनारे ठंडई बेचता है। वहीं पुलिस ने उसकी बाइक पर पक्के खालिस्तान लिखा हुआ पाए जाने पर बाइक सवार युवक को हिरासत में लिया है।वहीं मौके पर पुलिस ने युवक से पूछताछ के साथ ही उसका मोबाइल खंगाला है। बता दें कि इससे पूर्व भी जनपद में खालिस्तान समर्थक संदिग्ध लोगों को पुलिस हिरासत में लेते हुए पूछताछ कर चुकी है। साथ ही संदिग्ध लोगों की काउंसलिंग करा कर उन्हे सख्त हिदायत के बाद छोड़ दिया था।वहीं इस मामले में रुद्रपुर की सीओ सिटी निहारिका तोमर ने बताया कि युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया था। उसकी बाइक पर खालिस्तानी लिखा हुआ था। इसके चलते पुलिस ने युवक की काउंसलिंग कराई है।

### संक्षिप्त समाचार

### पत्नी की हत्या का आरोपी पति और ससुर गिरफ्तार

**रुड़की, एजेंसी।** सोहलपुर गांव में महिला की मौत के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। पिरान कलियर थाना क्षेत्र के सोहलपुर सिकरोड़ा निवासी एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। महिला के पिता कंवरपाल सिंह निवासी दधेड़ा मुजफ्फरनगर यूपी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि फरवरी 2013 को उसने अपनी पुत्री पूजा की शादी नितिन के साथ की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि दामाद सहित अन्य ससुरालियों ने जहर देकर उसकी बेटी पूजा की हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर पर पति नितिन, पल्ला उर्फ पाल सिंह, सास सविता, ननद कामिनी, देवर राहुल, देवरानी लक्ष्मी के खिलाफ दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। एसएसआई आमिर खान ने बताया कि आरोपी पति और ससुर को बेड़पुर चौक से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### बड़ी बहन की हत्या के आरोपी भाई को भेजा जेल

**रुड़की, एजेंसी।** मंगलौर के मोहल्ला मलानपुरा में बड़ी बहन की हत्या करने के आरोपी अमन को पुलिस ने जेल भेज दिया है। आरोपी ने रविवार रात शइस्ता को उसके प्रेमी से फोन पर बात करते हुए पकड़ लिया था। इससे नाराज होकर अमन ने चाकू से उसका गला रेत दिया था। पुलिस ने सोमवार को अमन की मां की तहरीर पर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया था। एसपी देहात एसके सिंह ने बताया कि आरोपी अमन के पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है। साथ ही उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### प्राधिकरण ने निर्माणाधीन व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स सील किया

**ऋषिकेश, एजेंसी।** हरिद्वार रोड पर निर्माणाधीन एक व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स को मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की टीम ने सील कर दिया है। प्राधिकरण की कार्रवाई से शहर में अन्य अवैध निर्माण करने वाले लोगों में खलबली मची है। मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की टीम सोमवार को हरिद्वार रोड स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास निर्माणाधीन पांच मंजिला व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स पहुंची। टीम ने यहां प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृत हो रहे निर्माण को सील कर दिया। टीम ने बताया कि प्राधिकरण ने पहले भी इस निर्माण कार्य को रोकने को लेकर नोटिस जारी किया था। उसके बाद भी करीब 30 फीट गुणा 65 फीट के क्षेत्रफल में कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। प्राधिकरण के सहायक अभियंता शशांक सक्सेना ने बताया कि स्वीकृत मानचित्र को प्रस्तुत नहीं करने पर सुनील ग्रोवर और शंभू पासवान को नोटिस दिया था। निर्धारित तिथि तक स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत नहीं करने पर कॉम्प्लेक्स सील कर दिया गया है। टीम में अवर अभियंता प्रिंस कुमार, अवर अभियंता संजय जगूड़ी, सुपरवाइजर वीरेंद्र खंडूड़ी आदि शामिल रहे।

### रेलवे फाटक की मरम्मत के चलते दो दिन बंद रहेगी सड़क

**रुद्रपुर, एजेंसी।** रेलवे फाटक पर मरम्मत के चलते दिनेशपुर मार्ग 11 सितंबर और रुद्रपुर-हल्द्वानी मार्ग 13 सितंबर को बंद रहेगा। ऐसे में लोगों को वैकल्पिक मार्ग से ही आवागमन करना होगा। सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेलपथ रुद्रपुर सिटी ने एसडीएम रुद्रपुर को पत्र लिखकर अवगत कराया है। बताया है कि रुद्रपुर सिटी और छतरपुर स्टेशन के बीच दिनेशपुर-रुद्रपुर मार्ग पर अशोक लेलैंड कंपनी के पास रेलवे फाटक 99/बी पर मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके लिए 11 सितंबर की सुबह 10 बजे से रात आठ बजे तक दिनेशपुर-रुद्रपुर मार्ग बंद रहेगा।वैकल्पिक मार्ग के रूप में रुद्रपुर शहर से होते हुए रुद्रपुर-काशीपुर एनएच पर आवागमन जारी रहेगा। इसी तरह छतरपुर और हल्दी स्टेशन के बीच रुद्रपुर-हल्द्वानी मार्ग स्थित रेलवे फाटक 104/ए की मरम्मत की जाएगी। इसके लिए 13 सितंबर को सुबह 10 बजे से रात आठ बजे तक रुद्रपुर-हल्द्वानी मार्ग पर यातायात ठप रहेगा। इसके लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में लालकुआं शहर होते हुए लालकुआं-रुद्रपुर मार्ग पर यातायात चलेगा।

## डेढ़ माह में ढाई लाख पशुओं का होगा टीकाकरण

**रुद्रपुर, एजेंसी।** पशुओं में खुरपका-मुंहपका रोग नियंत्रण के लिए टीकाकरण अभियान का आगाज हो गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एसबी पांडे ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि डेढ़ माह में पूरे जिले में 2.40 लाख पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य का रखा गया है। मंगलवार को राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पशुपालन विभाग के सदर अस्पताल से एफएमडी रोग निवारण के लिए वृहद टीकाकरण अभियान की शुरुआत हुई। सीवीओ ने बताया कि जिले में दो लाख गाय- भैंस और 40 हजार भेड़-बकरियों के टीकाकरण का लक्ष्य है। इसके लिए 183 अधिकारियों और कर्मचारियों की 84 टीमें बनाई गई हैं। 20 अक्तूबर तक चलने वाले अभियान में टीमें घर-घर जाकर पशुओं को टीके लगाएंगी। वहां उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. केके जोशी, डॉ. सपना मिश्रा, डॉ. डीके शर्मा, डॉ. हिमांशु पाठक आदि थे।

### चार कारोबारियों को लगाया हजारों का चूना

**रुद्रपुर, एजेंसी।** शहर के चार व्यापारियों से एक युवक ने हजारों रुपयों का सामान खरीदने के बाद भुगतान के नाम पर गच्चा दे दिया। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा की अगुवाई में मंगलवार को व्यापारी कोतवाली पहुंचे और एसएसआई अशोक कुमार को तहरीर सौंपी। उन्होंने कहा कि चार व्यापारियों का मुख्य बाजार में प्रतिष्ठान है। छह सितंबर को एक युवक ने उनकी दुकानों से सामान खरीदा और उनको फर्जी एप से भुगतान कर विवरण दिखाया था। केक एंड बेक्स से 5,800 रुपये का सामान खरीदा था। एसएसआई ने फुटेज की जांच कर युवक की पहचान कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### पत्नी से मारपीट करने वाले सिपाही को एसएसपी ने किया निलंबित

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले में दिनेशपुर थाने में तैनात सिपाही गोविन्द आर्य को निलंबित कर दिया है। रुद्रपुर में एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले में दिनेशपुर थाने में तैनात सिपाही गोविन्द आर्य को निलंबित कर दिया है। उन्होंने सिपाही के खिलाफ विस्तृत विभागीय जांच के आदेश दिए है। सिपाही की पत्नी ने एसएसपी से शिकायत की थी। इस मामले को देखते हुए एसएसपी ने विभागीय जांच का आदेश भी दिया है। एसएसपी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त चेतावनी दी और कहा कि अगर पद पर रहते हुए किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा किसी पीड़ित, फरियादी, वादी और महिला के साथ किसी प्रकार की शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी ।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**काशीपुर, एजेंसी।** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुरादाबाद रोड स्थित बाईपास पुल के पास ठाकुरद्वारा निवासी राजेश (23) व अमित (25) बाइक से काशीपुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से बचने के प्रयास में वह सड़क किनारे गिर कर घायल हो गए। मौजूद लोगों ने दोनों को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### हरिद्वार-देहरादून के लिए ट्रेन पुन-संचालित होने की आस

**काशीपुर, एजेंसी।** पांच साल बाद यात्रियों की मांग पर हरिद्वार-देहरादून के लिए ट्रेन संचालित होने की आस जगी है। इसके लिए रेलवे बोर्ड को सुझाव भेजे जा रहे हैं। सोमवार को स्टेशन परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें समिति सदस्यों ने हरिद्वार-देहरादून के लिए ट्रेन पुन~ संचालित करने, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में तत्काल सेवा शुरू करने, मंगलवार व बृहस्पतिवार की सुबह करीब 6~10 बजे संचालित ट्रेन प्रतिदिन करने आदि के सुझाव दिए। इसकी रिपोर्ट तैयार कर रेलवे बोर्ड को भेजी जा रही है। वहां पर स्टेशन अधीक्षक रवि शंकर सिंह, डीसीआई सचिन अग्रवाल, अभिषेक गोयल, विजेंद्र पाल, कल्पना राणा आदि मौजूद रहे।

## दुर्गम क्षेत्रों में गर्भवतियों को भी मिलेगी हेली एंबुलेंस की सुविधा, सीएस ने दिए निर्देश

**रूड़की, एजेंसी।**
मुख्य सचिव ने निर्देश दिएं कि शीघ्र ही हेली एंबुलेंस संचालन के लिए एसओपी को अंतिम रूप दिया जाए।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से संचालित होने वाली हेली एंबुलेंस सेवा का लाभ प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों से गंभीर स्थिति में गर्भवतियों को हेली एंबुलेंस सेवा का लाभ मिलेगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने हेली एंबुलेंस सेवा की मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) में गर्भवतियों को प्राथमिकता के आधार पर सेवा देने का प्रावधान करने के निर्देश दिए।



सचिवालय में मुख्य सचिव ने हेली एंबुलेंस सेवा शुरू करने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि शीघ्र ही हेली एंबुलेंस संचालन के लिए एसओपी को अंतिम रूप दिया जाए। इसके लिए एम्स ऋषिकेश के साथ ही जिलाधिकारियों, सीएमओ, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों व अन्य हितधारकों के साथ समन्वय कर एसओपी तैयार कर स्वास्थ्य विभाग को भेजा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि एसओपी में राज्य के दुर्गम क्षेत्रों की गंभीर स्थिति वाली गर्भवतियों को तत्काल आपात चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए हेली एंबुलेंस सेवा में प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

बैठक में एम्स ऋषिकेश के अधिकारियों ने बताया कि एयरो मेडिकल सर्विस की एसओपी का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया।

## कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने सड़क पर उतरे चंपावत के एसपी

**चंपावत, एजेंसी।**
उत्तराखंड के चंपावत में इन दिनों बढ़ रहे मादक पदार्थों की तस्करी, नशे की लत में डूबे युवाओं की बढ़ती संख्या तथा सड़क दुर्घटना पर सरकार और प्रशासन दोनों ही चिंतित दिखाई दे रहे हैं। इसके चलते प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य को ड्रग्स और अपराध मुक्त बनाने को लेकर सख्त दिखाई दे रहे हैं। इसी के साथ पुलिस अफसरों को सख्त निर्देश भी दे रहे हैं। इसी बीच चंपावत के एसपी अजय गणपति कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने खुद ही बीती रात में सड़क पर उतरे।

दरअसल, जिले में पिछले कुछ समय से बढ़ती आपराधिक घटनाओं के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधों पर लगाम लगाने और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए हैं।

ऐसे में चंपावत के पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों को कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस पीकेट, यातायात व्यवस्था, क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु पुलिस संकल्प बद्ध है। इस दौरान जिले के लोहाघाट क्षेत्र अंतर्गत होटल, ढाबा तथा सार्वजनिक स्थानों में मादक पदार्थों का सेवन कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले तथा यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई।



## यौन शोषण के आरोपी मुकेश बोरा के खिलाफ पुलिस ने की मुनादी

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
उत्तराखंड के हल्द्वानी में महिला से शारीरिक शोषण और उसकी बेटी से छेड़छाड़ मामले में नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। इस मामले को लेकर आरोपी मुकेश के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा और कस दिया है। इसमें मुकेश बोरा के खिलाफ ढोल नगाड़ो के साथ मुनादी कराई जा रही है। साथ ही पुलिस अब कुर्की की कार्रवाई भी करेगी।

दरअसल,यौन शोषण के आरोपी मुकेश पर लालकुआं थाने में धारा 376 और पॉक्सो की धाराओं में मुकदमा दर्ज़ है। इसमें मुकेश फिलहाल फ़रार चल रहा है और पुलिस के द्वारा उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने फरार चल रहे बोरा पर शिकंजा और कस दिया है। पुलिस अब मुकेश बोरा की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी में है। इसके लिए कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने धारा 82 के तहत नोटिस चस्पा कर दिया गया है, और साथ ही आरोपी के घर और आस पास के क्षेत्रों में ढ़ोल नगाड़ो के साथ मुनादी भी कराई जा रही है। बता दें कि बीती 1 सितंबर 2024 को लालकुआं थाने में एक महिला ने मुकेश बोरा के खिलाफ परमानेंट नौकरी दिलाने के नाम पर शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज़ करवाया था। इसके दो दिन बाद ही पुलिस ने पीड़िता की बेटी के बयान के आधार पर मुकेश बोरा के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ा दी थी।

## अटल उत्कृष्ट जीआईसी सराईखेत में शिक्षक नहीं

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
जीआईसी सराईखेत को अटल उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा प्राप्त है लेकिन शिक्षकों की कमी से इसकी उत्कृष्टता पर सवाल उठ रहे हैं। विद्यालय में एक मात्र नियमित प्रवक्ता है जबकि सात पद रिक्त हैं। छात्र-छात्राओं का डॉक्टर, इंजीनियर बनना किसी चुनौती से कम नहीं है।

सराईखेत स्थित जीआईसी को अटल उत्कृष्ट का दर्जा मिलने के बाद विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद जगी थी लेकिन हालत पहले से भी अधिक खराब हो गए हैं। विद्यालय में प्रवक्ताओं के आठ पद स्वीकृत हैं लेकिन हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, भूगोल, भौतिक विज्ञान प्रवक्ताओं के पद रिक्त हैं। सिर्फ एक विषय में नियमित प्रवक्ता हैं। शिक्षकों की कमी से छात्र-छात्राओं को हिंदी, अंग्रेजी समेत कई विषयों का ज्ञान नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में वे दूसरे विद्यालयों की ओर रुख कर रहे हैं।

विद्यालय में वर्ष 2022 से प्रधानाचार्य का पद रिक्त है। एक शिक्षक को प्रधानाचार्य का प्रभार दिया गया है। एक साथ दोहरी जिम्मेदारी होने से शिक्षक कक्षाओं में समय नहीं दे पाते हैं। इस कारण कोर्स समय पर पूरा करना किसी चुनौती से कम नहीं होता है।

## जागेश्वर धाम में प्रवेश के समय में बदलाव, बीते दिनों मंदिर में हुए हुड़दंग के बाद एएसआइ ने उठाया कदम

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
प्रसिद्ध ज[illegible] के बाद श्रद्धालुओं के प्रवेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण(एएसआइ) विभाग ने रोक लगा दी है। इसके अलावा सूर्योदय से पहले भी कोई श्रद्धालु मंदिर परिसर में प्रवेश नहीं कर पाएगा। बीते दिनों हुए हुड़दंग के बाद एएसआइ हरकत में आई और नियमों में सख्ती कर दी है। जागेश्वर धाम में बीते दिनों पीलीभीत से आए श्रद्धालुओं ने रात के वक्त हंगामा काटा था। ये श्रद्धालु कपाट बंद होने के बाद भी गेट फांदकर पालतू कुत्तों सहित मंदिर में प्रवेश कर गए थे। विरोध करने पर उन्होंने एएसआइ के सुरक्षा गार्ड को पीट दिया था। इससे मौके पर खूब हंगामा हुआ था। इस प्रकार की घटनाएं पूर्व में भी हो चुकी हैं। इसी को देखते हुए एएसआइ ने अपने नियम का सख्ती से पालन करवाने की तैयारी कर ली है। मंगलवार को



एएसआइ ने मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर इस संबंध में एक नोटिस भी चस्पा कर दिया है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है श्रद्धालु सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले मंदिर परिसर में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। एएसआइ के सीए नीरज मैठानी ने बताया कि राष्ट्रीय संरक्षित स्मारकों में श्रद्धालुओं या पर्यटकों का प्रवेश सूर्योदय से सूर्यास्त तक ही है। ये नियम पूर्व में से ही है। उन्होंने बताया कि बीते दिनों हुई घटना को देखते हुए जागेश्वर मंदिर प्रवेश द्वार पर नोटिस बोर्ड चस्पा किया गया है, ताकि लोगों को इसकी जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि सायंकालीन आरती के बाद श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में किसी भी हाल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। एएसआइ ने मंदिर प्रवेश द्वार पर नोटिस चस्पा करते हुए लिखा है कि प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल एवं अवशेष नियम 1959 के अध्याय 02, नियम 05(1) के अनुसार राष्ट्रीय संरक्षित स्मारक जागेश्वर मंदिर समूह यात्रियों/दर्शनार्थियों के लिए सूर्योदय से सूर्यास्त तक खुला रहेगा।

## बिना गणवेश के छात्र-छात्राओं को कॉलेज में नहीं दिया प्रवेश

**काशीपुर, एजेंसी।**
राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रशासन ने बुधवार को बिना ड्रेस में आने वाले छात्रों को प्रवेश नहीं करने दिया। इस दौरान छात्रों की प्राध्यापकों के साथ बहस भी हुई, लेकिन सख्ती के कारण उन्हें वापस लौटा दिया गया।

राधेहरि पीजी कॉलेज में सत्र 2017-18 से ड्रेस कोड लागू है लेकिन छात्र इसे गंभीरता नहीं ले रहे थे। इससे महाविद्यालय में बाहरी तत्व भी मंडराते रहते हैं। तीन अगस्त को छात्रों के दो गुट भिड़ गए थे। जांच के बाद बाहरी तत्वों के महाविद्यालय में आने की बात सामने आई थी। इसको



लेकर तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य डॉ. महीपाल सिंह ने छात्रों को गणवेश में आने के लिए एक महीने का समय दिया था। कुछ छात्र ड्रेस में आने लगे, लेकिन अधिकांश छात्र इसे गंभीरता से नहीं ले रहे थे।

इस बीच छात्रों ने उनके साथ बहस भी की लेकिन प्राध्यापकों ने छात्रों की एक न सुनीं और उन्हें वापस लौटा दिया गया। वहीं ड्रेस में आने वाले छात्र-छात्राओं का ताली बजाकर स्वागत किया। वहां पर चीफ प्रॉक्टर डॉ. एमके सिन्हा, डॉ. महीपाल सिंह, डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. आदित्य प्रकाश, डॉ. राघव झा, डॉ. रूचि कुलश्रेष्ठ, डॉ. आकाश मिश्रा, डॉ. स्नेहलता, डॉ. जानकी सुयाल आदि मौजूद रहे।

महाविद्यालय में करीब 6 हजार छात्र-छात्राएं पंजीकृत है। इनमें से करीब 25 प्रतिशत ड्रेस पहनकर आ रहे हैं। बिना ड्रेस में आने वाले छात्रों को महाविद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ड्रेस कोड पूरी तरह से लागू होने पर बाहरी तत्वों पर अंकुश लगेगा।

### वकील पर अभद्रता, धमकी देने का आरोप, केस दर्ज

**पंतनगर, एजेंसी।** जिला कोर्ट गए सेवानिवृत्त दरोगा ने वकील पर अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी वकील के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ईश्वर कॉलोनी रुद्रपुर निवासी सेवानिवृत्त एसआई राजेंद्र प्रसाद कोहली ने दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2009 में वह कोतवाली रुद्रपुर में तैनात थे। उसी दौरान आरोपी एडवोकेट भुक्कन लाल सैनी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ था। जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। बाद में जमानत पर उसे छोड़ दिया गया था। वर्तमान में वह मुकदमा सिविल जज जूनियर डिवीजन बाजपुर की अदालत में विचाराधीन है।

## मारपीट में देवर का भाभी पर दरांती से जानलेवा हमला, आठ टांके आए; चचेरे भाइयों में हुआ था विवाद

**नैनीताल , एजेंसी।** नैनीताल से सटे ग्रामीण क्षेत्र में चचेरे भाइयों में विवाद हो गया। विवाद में एक भाई अपने परिवार के साथ चचेरे भाई के घर में घुस गया और मारपीट शुरू कर दी। यही नहीं चचेरे देवर ने भाभी पर दरांती से हमला कर घायल कर दिया।

नैनीताल नगर से सटे ग्रामीण क्षेत्र में चचेरे भाइयों में विवाद हो गया। विवाद में एक भाई अपने परिवार के साथ चचेरे भाई के घर में घुस गया और मारपीट शुरू कर दी। यही नहीं चचेरे देवर ने भाभी पर दरांती से हमला कर घायल कर दिया। घायल महिला का बीडी पांडे अस्पताल में इलाज चल रहा है। महिला के पति ने राजस्व पुलिस को घटना की सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। घुग्घू सिगड़ी निवासी चंदन सिंह ने बताया कि उसका चचेरे भाइयों से जमीन और अन्य मामलों को लेकर विवाद चल रहा है। मंगलवार देर शाम को चचेरे भाई के साथ उसकी फिर से कहासुनी हो गई। इस चचेरा भाई अपने परिवार सदस्यों के साथ उनके घर में घुस आया और मारपीट करने लगा। आरोपी ने उनकी पत्नी पूजा (33) पर दरांती से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। रात में वाहन की व्यवस्था नहीं होने पर बुधवार सुबह वह पत्नी को लेकर बीडी पांडे अस्पताल पहुंचे जहां पत्नी के सिर पर आठ टांके आए। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि मामला राजस्व क्षेत्र का है। यदि शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### नकदी के साथ दो सटोरियां गिरफ्तार

नई दिल्ली। सिविल लाइन्स थाना पुलिस टीम ने दो सटोरियों को गिरफ्तार है। पकड़ा गए आरोपियों में अलीमुद्दीन और दीपक है। पुलिस ने इनके पास से 3,230 रुपए, एक डायरी, पेन और कार्बन पेपर बरामद किया है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। उत्तरी जिला डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि थाना प्रभारी सतविंदर सिंह की देखरेख में गठित टीम क्षेत्र में शाम की गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान, जब वह बर्फ खाना चौक के पास अशोका मार्केट पहुंचे, इसी बीच, एक गुप्त सूचना मिली कि 6-7 व्यक्ति झांसी रानी फ्लाईओवर, सिविल लाइंस के नीचे गुरु नानक वाटिका के पास पार्क में सट्टा खेल रहे हैं। सूचना स्थल पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही लोगों की भीड़ तुरंत मौके से तितर-बितर हो गई, लेकिन उनमें से दो को मौके पर ही काबू कर लिया।

### कांग्रेस लोकतंत्र में विश्वास करती है : देवेन्द्र यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा और हिंसा की सोच रखने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि किसी भी तरह की हिंसा की दुर्भावना और भाईचारे को कमजोर करने वाले बयान व भाषा देश को कमजोर करती है। कल भाजपा के कुछ नेताओं की तरफ से हमारे नेता राहुल गांधी के प्रति जो बयान सार्वजनिक रूप से आए है वो निश्चित तौर पर समाज को बांटने और भाईचारे को कमजोर करने का प्रयास है। कांग्रेस इस तरह के बयानों और शब्दों की पुरजोर निंदा करती हैं। देवेन्द्र यादव ने कहा कि देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4080 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा में इसी नफरत और हिंसक सोच के खिलाफ लोगों में भाईचारा और सदभावना को बढ़ाने के लिए काम किया था। राहुल गांधी के संदेश में स्पष्ट था कि किसी भी तरह की नफरत और भेदभाव और हिंसा के खिलाफ हम सभी को मिलकर प्रेम और मौहब्बत के रास्ते पर चलना है। इसी भावना के तहत राहुल जी ने अपनी अमरीकी यात्रा के द्वारा स्पष्ट किया कि उनके मन में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए कोई दुर्भावना नही है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि स्वतंत्रता दिलाने वाली कांग्रेस का रास्ता महात्मा गांधी के समय से ही धर्म निरपेक्ष और अहिंसा का रहा है और आजादी के बाद से ही गरीबों, वंचितो के उत्थान लिए काम किया। वर्तमान की विकट परिस्थितयों में हमारे नेता राहुल गांधी देश के गरीब, शोषित, वंचितों, पिछड़ों को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ रहे है, जिसके तहत उन्होंने लगभग 6300 किलोमीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम से महाराष्ट्र तक की। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस भी लगातार दिल्ली के कमजोर तबके व आर्थिक रुप से कमजोर वर्गों विशेषकर पुर्नवासित कॉलोनियों, झुग्गी झौपड़ी, स्लम और मलीन बस्तियों में रहने वाले लोगों के अधिकारों के सरंक्षण और उन्हें न्याय दिलाने के लिए संघर्षरत हैं व इनको विशेष रुप से संविधान की रक्षा के संकल्प के साथ दलितों और गरीबों के उत्थान के लिए काम कर रही हैं।

### दिल्ली नगर निगम ने रोहिणी क्षेत्र के रिठाला में 6 जींस रंगाई की फैक्ट्री सील की

नई दिल्ली दिल्ली नगर निगम के रोहिणी क्षेत्र ने रिठाला इलाके में चल रही 6 जींस रंगाई की फैक्ट्रियां सील की। सुश्री नवनीत मान, उपायुक्त रोहिणी क्षेत्र ने बताया कि यह कार्रवाई आज सीलिंग योजना के अंतर्गत की गई है। सीलिंग की कार्रवाई के दौरान इलाके में चल रही सभी छः फैक्ट्रियों को सील किया गया। सीलिंग के दौरान बिजली और पानी के कनेक्शन भी कटे गए।

# बेरोजगारी के संकट को दूर करेंगे बिजनेस ब्लास्टर्स : आतिशी

नई दिल्ली, प्रात : किरण

दिल्ली सरकार ने अपने सभी स्कूलों में लगातार तीसरे साल ह्यबिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम को शुरू किया। गुरुवार को शिक्षा मंत्री आतिशी ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह प्रोग्राम बेरोजगारी के संकट को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आतिशी ने कहा कि 2.45 लाख स्टूडेंट आंत्रप्रेन्योर, 40 करोड़ रुपये की सीड मनी और 40 हजार से ज्यादा स्टार्ट-अप आईडिया के साथ एक बार फिर बिजनेस-ब्लास्टर्स प्रोग्राम कामयाब साबित होगा। बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम के युवा आंत्रप्रेन्योर आज अपने स्टार्ट-अप्स के दम पर न सिर्फ लाखों रुपये कमा रहे है, बल्कि सैकड़ों लोगों को रोजगार भी दे रहे



हैं। उन्होंने कहा कि यदि हर बच्चे को सही शिक्षा और मौका दिया जाए तो देश भर में लाखों रोजगार पैदा किए जा सकते हैं।

आतिशी ने कहा कि भारत बेरोजगारी के मामले में दुनिया के तीन प्रमुख देशों में शामिल है। आज देश में 42 फीसदी युवा बेरोजगार है। युवाओं के लिए 2030 तक नौ करोड़ नौकरियों की मांग है। देश का युवा जब नौकरी पाने की लाइन में लगने के जगह नौकरी देने वाले बनेंगे, तभी देश से बेरोजगारी का संकट खत्म होगा। आतिशी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि युवाओं के लिए रोजगार का कोई भी प्रावधान उनकी ओर से नहीं किया जा रहा है। सरकार जब चपरासी-क्लर्क या अन्य ऐसे पद पर नौकरियां निकालती हैं तो लाखों पढ़े लिखे युवा उसके लिए आवेदन करते हैं। आतिशी ने कहा कि पिछले तीन साल से दिल्ली सरकार के स्कूलों में बिजनेस ब्लास्टर्स कार्यक्रम चल रहा है। इसके तहत 11वीं-12वीं के बच्चों को सीड मनी दी जाती है। छात्र खुद ग्रुप्स में अपने स्टार्ट-अप्स की शुरूआत करते हैं और टॉप 150 स्टार्ट-अप्स को पब्लिक इन्वेस्टमेंट के लिए खोला जाता है।

# मेट्रो में अब एक क्यूआर टिकट से करें कई बार यात्रा

## दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने मल्टीपल जर्नी क्यूआर टिकट सुविधा का शुभारंभ किया

नई दिल्ली, प्रात : किरण

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने बृहस्पतिवार को मल्टीपल जर्नी क्यूआर टिकट (एमजेक्यूआरटी) सुविधा का शुभारंभ किया। दिल्ली मेट्रो की यह अत्याधुनिक तकनीक है, जिसे यात्रा को सुगम बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। अब यात्रियों को रोज-रोज क्यूआर टिकट खरीदने का झंझट नहीं रहेगा। एक ही क्यूआर टिकट पर बार-बार यात्रा की जा सकेगी।

डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने मेट्रो भवन में अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में नई सुविधा की शुरूआत की। शुक्रवार से यात्री इस सुविधा का इस्तेमाल का सकेंगे। यह सुविधा डीएमआरसी के दिल्ली सारथी (मोमेंटम 2.0) ऐप पर उपलब्ध रहेगी। इसके इस्तेमाल के लिए लोगों को यात्रा में छूट भी दी जाएगी। पीक आवर्स यानी सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे व शाम 5 बजे




से रात 9 बजे के दौरान 10% की छूट और ऑफ-पीक आवर्स के दौरान 20% की छूट भी मिलेगी। यात्रियों को सबसे पहले दिल्ली सारथी (मोमेंटम 2.0) ऐप पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके लिए सबसे पहले 150 रुपये का रिचार्ज कराना होगा। इसे लोग आगे की यात्रा के लिए इस्तेमाल कर सकेंगे। इसके लिए कोई सिक्योरिटी डिपॉजिट नहीं रखा गया है। यात्री यूपीआई, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड से भी रिचार्ज कर सकते हैं। इसमें न्यूनतम 50 रुपये और अधिकतम 3000 रुपये तक का रिचार्ज किया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि रिचार्ज 50 रुपये के गुणक के हिसाब से होगा।

# दिल्ली के श्मशान घाटो पर दाह संस्कार कराने वाले पंडितों की दक्षिणा तय

नई दिल्ली, प्रात : किरण

राजधानी दिल्ली के श्मशान घाटो पर आए दिन पंडितों और दाह संस्कार कराने आए परिजनों के बीच दक्षिणा को लेकर छींटाकशी होती रहती थी, जिसके कारण दुखी परिजन जहां अपने परिजन की मृत्यु से दुखी होते थे, वही दाह संस्कार कराने वाले पंडितों द्वारा हजारों में दक्षिणा जबरन मांगने से भी परेशान होते थे, यहां तक की कई बार पंडितों के इस आचरण से निम्न वर्ग के व्यक्ति अपने परिजन की अस्थियां एकत्रित करने भी नही आते थे, कि कही फिर पंडित जी ज्यादा पैसो की डिमांड ना करने लग जाए। ऐसी शिकायतों के बाद दिल्ली नगर निगम के एमएचओ ने बीती 11 मार्च 2024 को आदेश पारित कर तय किया था, कि दिल्ली के सभी श्मशान घाटो में दाह संस्कार कराने वाले पंडितों को 500 रुपए की राशि दाह संस्कार के नाम की दी जाएगी और अस्थियां इकठ्ठा करने आने पर 350 रुपए प्रति व्यक्ति दिए जाएंगे। इन आदेशों को पालन कराने में दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों को कडी मशक्कत करनी




पड़ी, जिसके बाद दिल्ली की मेयर व स्थानीय निगम पार्षदों द्वारा लोगों के हित की बजाए पंडितों के लिए दवाब बनाया जाने लगा। इसके बावजूद दिल्ली नगर निगम ने इस मामले में आम नागरिकों के हितो को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के प्राचीन निगम बोध घाट, जमना बाजार, सराय काले खां, पंजाबी बाग, ग्रीन पार्क, पंचकुईया रोड श्मशानघाट, सुभाष नगर श्मशान घाट, द्वारका श्मशानघाटो सहित सभी श्मशानघाटो पर रेट पट्टिका लगाई है, जिसमें निगम द्वारा निर्धारित रेटो को अंकित किया गया है। बहरहाल, निगम के इस ऐतिहासिक कदम से जहां आम व्यक्ति को आए दिन के घाट पर होने वाले झगडो से निजात मिलेगी, वही अब पंडितों द्वारा अभद्र व्यवहार करने पर भी पुलिस शिकायत करने का अधिकार भी होगा। निगम के इस फैसले के अनेको धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने समर्थन किया है।

# सांसद खंडेलवाल ने चांदनी चौक और खारी बावली क्षेत्र का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

नई दिल्ली, प्रात : किरण

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र में चांदनी चौक, भगीरथ प्लेस, फाउंटेन, नई सड़क, दंगल मैदान, रेलवे स्टेशन रोड, चर्च मिशन रोड और खारी बावली का निरीक्षण किया। खंडेलवाल का ये दौरा स्थानीय निवासियों और व्यापारियों के सामना की जा रही नागरिक चुनौतियों को हल करने के उद्देश्य से की गई है।

प्रवीण खंडेलवाल ने अपने संसदीय क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं, जैसे अतिक्रमण, गड्ढे, खराब स्वच्छता और जलभराव का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सार्वजनिक स्थलों की स्थिति को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सड़कों पर फैली गंदगी, गड्ढे और अवैध अतिक्रमण अस्वीकार्य हैं। उन्होंरने संबंधित अधिकारियों से कहा कि इन्हें तुरंत ठीक करने की जरूरत है।



उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन सभी समस्याओं का विस्तृत विवरण लेने और यह सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए कि हर समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए खंडेलवाल ने कहा कि वह कुछ दिनों में चांदनी चौक का अचानक दौरा करेंगे, ताकि सुधारात्मक उपायों की प्रगति की व्यक्तिगत रूप से जांच कर सकें।

खंडेलवाल ने कहा कि मैं चुपचाप स्थिति की निगरानी करूंगा कि क्या काम संतोषजनक रूप से पूरा किया गया है। यदि समस्याएं बनी रहती हैं या काम अधूरा है, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, चांदनी चौक देश में विभिन्न व्यापारों का केंद्र और एक ऐतिहासिक स्थान भी है। इसलिए मैं इसकी सांस्कृतिक विरासत और गरिमा को बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं शाहजहानाबाद पुनर्विकास निगम के पुनर्गठन की योजना बना रहा हूं, जो अकेले इस ऐतिहासिक स्थान की देखभाल करेगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिति बिगड़ती जा रही है, क्योंकि कई एजेंसियां इस जगह की देखभाल कर रही हैं और वे कुछ नहीं कर रही हैं, सिवाय एक-दूसरे पर आरोप लगाने के। दरअसल उनका ये निरीक्षण चांदनी चौक में बुनियादी ढांचे और स्वच्छता में सुधार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि निवासियों और व्यापारियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर संरक्षित वातावरण मिले। चांदनी चौक सांसद प्रवीण खंडेलवाल के इस दौरे में उनके साथ दिल्लीब सरकार के विभिन्न विभागों के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें डीसी सिटी वंदना राव, कोतवाली एसीपी, जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी, अर्बन शेल्टर बोर्ड, बीएसईएस, ट्रैफिक पुलिस, शाहजहानाबाद पुनर्विकास निगम के अधिकारी शामिल रहे। उनके साथ दिल्ली प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर, चांदनी चौक जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, और अन्य प्रमुख संगठनों के व्यापारी नेता भी उपस्थित थे।

# निगम वार्ड समिति बैठक में पार्षदों ने उठाई समस्याएं, अधिकतर समस्याएं सफाई और अतिक्रमण से रही जुड़ी

नई दिल्ली, प्रात : किरण

बेसब्री से दिल्ली नगर निगम की वार्ड समिति की बैठक का इंतजार कर रहे निगम पार्षदों ने गुरूवार को अपने वार्ड की अनेकों समस्याएं वार्ड समिति की बैठक में उठाई जिसके बाद निगम उपायुक्त ने कहा कि पार्षदों की सभी समस्याओं को हल करने का प्रयास किया जाएगा। बता दें कि गुरूवार को नरेला जोन वार्ड समिति के अध्यक्ष पवन कुमार सहरावत की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पार्षदों ने जनता के सामने आ रही समस्याएं गिनाई। पार्षद श्वेता खत्री, संदीप, मास्टर जय भगवान, नेहा, जनता देवी, अंजू अमन, गजेंद्र दराल, योगेश राणा, दिनेश भारद्वाज, रामचंद्र, मनोनीत निगम पार्षद विनोद सहरावत, सुनीत चौहान, लक्ष्मण आर्य ने जनता




की समस्याएं बताई।

इनमें अधिकतर शिकायतें क्षेत्र में बढ़ते अवैध अतिक्रमण, नाले नालियों की सफाई नहीं होना, क्षेत्र में खुले में कूड़ा- कचरा फैला होना, बख्तावरपुर वार्ड में ऑटो टिप्पर नहीं आना, अधिकतर वार्ड में आवारा मवेशियों का आंतक और उनसे चोटिल होना, मुंडका में मुख्य मार्ग पर जलभराव होना और उसकी बदहाल हालत, कुछ स्कूलों में जलभराव और बच्चों की अधिक संख्या होना, जगह जगह सड़कों पर खुले में अवैध रूप से मीट मांस मछली की दुकानें संचालित होना, मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण के चलते यातायात जाम लगना शामिल रहीं। इस दौरान पार्षदों ने कहा कि इन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान होना चाहिए ताकि जनता को राहत मिल सके।

### बैठक में सभी विभागों से शामिल हो अधिकारी

वार्ड समिति के अध्यक्ष पवन सहरावत ने बताया कि अगली वार्ड समिति बैठक में दिल्ली सरकार और नरेला जोन से संबंधित सभी विभागों के अधिकारी निर्धारित समय से बैठक में शामिल हो। वहीं, उपायुक्त पवन यादव ने अपने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि अगली बैठक में सभी अधिकारी बैठक में शामिल हों।

# एमसीडी ने अवैध विज्ञापनों पर की कार्रवाई




नई दिल्ली, प्रात : किरण

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के विज्ञापन विभाग ने गुरुवार को अवैध विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध विज्ञापन व होडिंगों को बड़ी मशीनों से हटाया। एमसीडी ने यह अभियान पहाड़गंज पुलिस स्टेशन से लेकर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की बीच चलाया और संबंधित विभापन नीति का उल्लंधन करने पर कार्रवाई की। निगम की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार विज्ञापन विभाग के उपायुक्त मोहित बंसल के निर्देश पर विज्ञापन विभाग के कर्मशल अधिकारी राहुल देशवाल, निरीक्षक नीरज कुमार और संदीप, जेई अमित कुमार की टीम ने पुलिस और सीआरपीएफ की मदद से यह कार्रवाई की गई। एमसीडी प्रशासन ने बताया




कि विज्ञापन नीति का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। विज्ञापन विभाग सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बनी विज्ञापन नीति के तहत उल्लंघनकताओं पर कार्रवाई करता रहता है और जुमार्ना राशि वसूलता है।

# दिल्ली भाजपा की राजनीति में अगले माह होगा बड़ा फेरबदल

नई दिल्ली, प्रात : किरण

जी हाँ हेडलाइन आप बिलकुल ठीक पढ़ पा रहे हैं। इसे हम नवरात्र में भी लिख सकते थे क्योंकि कोई शुभ काम हिन्दू धर्म में नवरात्र के दौरान ही किया जाना बेहतर माना जाता है। लेकिन हरियाणा के चुनाव भी तो हैं और पार्टी को पड़ोसी राज्य में टीम भी लगानी है तथा परिणाम भी बड़ी आतुरता के साथ देखने है। परिणाम क्या होने हैं हमे तो आभास है। हो सकता है आपको भी हों, वैसे हम एग्जिक्ट पोल और सर्वे में कम ही यकीन करते है लेकिन ईमानदारी से किये आंकलन कभी गलत नहीं होते। ये बात एक बार हमने मुख्यमंत्री शीला दीक्षित जी को कही थी तो उन्होंने हामी भरते हुए कहा था एड्जेक्टली। परिणामों के बाद भाजपा में कुछ ना कुछ उठापटक तो होनी ही है, जिसके लिए लोगो का ध्यान भी बटाना होगा और कुछ बड़े निर्णय लेने होंगे। ना केवल दिल्ली अपितु विधानसभा चुनाव परिणामो के बाद भाजपा में बड़े स्तर पर संगठनात्मक फेरबदल होना है दिल्ली भी उससे अछूती नहीं रहने वाली। आज हम केवल दिल्ली की बात करते हैं दरअसल सियासत में वीरेन्द्र सचदेवा का कद अरविन्द केजरीवाल के सामने कहीं नहीं टिकता। वैसे तो भाजपा के पास केजरीवाल की टक्कर का कोई बड़ा नाम है भी नहीं और यदि ले देकर एक दो नाम हैं भी तो उनमे आपसी टकराव बहुत ज्यादा है लिहाजा 26 साल से दिल्ली की सत्ता से बे-दखल पार्टी बड़ा रिस्क लेने के मूड में नहीं है। पार्टी अभी नहीं तो कभी नहीं के मॉड में है, पार्टी को लगता है अब ना तो केजरीवाल का दिल्ली में किसी से गठबंधन होना और ना ही केजरीवाल के प्रचार में पुरानी वाली धार रहने वाली। शायद इसीलिए पार्टी के रणनीतिकार अब विधानसभा को भंग करवा राष्ट्रपति शासन लगवाने के मशविरे पर भी काम नहीं करने वाले। ऐसा कर केजरीवाल के खिलाफ एंटी क्म्बेंसी का अस्त्र भी फेल होने की सम्भावनाएं रहेगी। उलटे केजरीवाल सहनुभूति बटोरने में कामयाब हो जायेगें। लिहाजा पार्टी बड़े चेहरे के साथ भ्रष्टाचार को ही मुद्दा बनाना चाहेगी। अब सवाल उठता है आखिर कौन हो सकता है वो बड़ा चेहरा, दिल्ली की सियासत में छोटे पर्दे और बड़े पर्दे वाले ही बड़े चेहरे नहीं हो सकते और ना ही वो केजरीवाल के सामने टिकने वाले, टिकने की बात तो छोड़ ही दीजिये यदि पार्टी उनसे केजरीवाल के सामने चुनाव लड़ने की भी बोल दें तो उनके तोते उड़ जायेगें।

# कुशकनाला डिपो में पहुंचाया गया बसों को, परीक्षण के बाद उतारा जाएगा सड़कों पर

नई दिल्ली। दिल्ली की छोटे मार्गों पर यात्रियों को बस सुविधा देने के लिए परिवहन विभाग को मोहल्ला बसों की पहली खेप मिल गई है। इसमें 55 बसें आई हैं और फिलहाल इन्हें कुशकनाला डिपो में भेजा गया है। अब इन बसों के परीक्षण की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। दिल्ली के परिवहन मंत्री अक्तूबर में इन बसों को हरी झंडी दिखाकर इनका नियमित संचालन शुरू कर सकते हैं। संचालन शुरू हो जाने से यात्रियों को अंतिम गंतव्य स्थल तक परिवहन सुविधा मिल सकेगी। दिल्ली सरकार ने नौ मीटर लंबी इलेक्ट्रिक बसों को मोहल्ला बस का नाम दिया है और इन्हें ऐसे मार्गों पर चलाने का निर्णय लिया है, जहां सड़कों की चौड़ाई कम होने की वजह से अब तक बस सेवा शुरू नहीं की गई है। इससे पहले दिल्ली परिवहन विभाग के बेड़े में शामिल बसों की लंबाई 12 मीटर है और उन्हें संकरे इलाकों में नहीं चलाया जा सकता है। परिवहन विभाग ने जुलाई माह से मोहल्ला बसों का ट्रायल शुरू किया था।

# दिल्ली की समस्याओं पर भाजपा सांसदों ने की उपराज्यपाल से मुलाकात

## 351 कमर्शियल और मिक्स्ड लैंड सड़कों को शीघ्र किया जाए नोटिफाई

नई दिल्ली, प्रात : किरण

दिल्ली के भाजपा सांसदों ने उपराज्यपाल से आग्रह किया है कि राजधानी की 350 से ज्यादा सड़कों को मिक्स्डलैंड और कमर्शियल सड़कों के रूप में शीघ्र नोटिफाई कराया जाए ताकि हजारों लोगों को राहत मिल सके। इसके अलावा 69 तथाकथित एफ्लुएंट कॉलोनियों को मालिकाना अधिकार और किसानों को अधिग्रहित भूमि के बदले वैकल्पिक प्लॉट देने की नीति को पुनः लागू करने की भी मांग की है।

भाजपा के सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल आज उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना से मिला और इन मांगों के संबंध में चर्चा की। भाजपा सांसदों ने कहा कि काफी समय से इन इन समस्याओं को हल नहीं किया जा सका।



उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने इस संबंध में शीघ्र ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत, योगेंद्र चंदोलिया, प्रवीण खंडेलवाल और बांसुरी स्वराज शामिल थे।

दक्षिण दिल्ली से सांसद बिधूड़ी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल महोदय को कई समस्याओं की जानकारी दी। दिल्ली नगर निगम द्वारा 2007 में 351 सड़कों को मिक्स लैंड और कमर्शियल लैंड यूज के रूप में प्रयोग का प्रस्ताव पास करके दिल्ली सरकार को भेजा था लेकिन दिल्ली सरकार ने उन्हें अब तक नोटिफाई नहीं किया। इसके अलावा दिल्ली में जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई है, उसके बदले उन्हें वैकल्पिक आवासीय प्लॉट दिए जाने की योजना आम आदमी पार्टी सरकार ने रोक दी है। ऐसे 16 हजार आवेदन अभी लंबित पड़े हैं। जिन किसानों की मृत्यु हो गई है उनके उत्तराधिकारियों के नाम पर म्युटेशन नहीं किया जा रहा, जिससे उन्हें कानूनी उत्तराधिकार नहीं मिल पा रहा। दिल्ली की 69 एफ्लुएंट कॉलोनियों को मालिकाना अधिकार नहीं दिए गए हैं जबकि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी ऐसी ही भावना व्यक्त की है।

बिजली का कनेक्शन मांगने पर गांवों और अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को प्राइवेट बिजली कंपनियां डीडीए का एनओसी लाने के नाम पर परेशान कर रही हैं। बिजली कनेक्शन के लिए एनओसी की यह शर्त हटाई जाए। सांसदों ने सुझाव दिया कि दिल्ली को सीलिंग और तोड़फोड़ से राहत दिलाने के लिए कट ऑफ डेट के साथ एक एमनेस्टी स्कीम लाई जाए ताकि जायज शुल्क लेकर उनकी दुकानों को नियमित किया जा सके। शहरी क्षेत्र, सदर पहाड़गंज और करोल बाग क्षेत्रों में स्थित नजूल संपत्तियों का भी मालिकाना हक वर्तमान आवासी को प्रदान किया जाए। यह भी अनुरोध किया गया कि 20 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत भूमिहीनों को मकान बनाने और कृषि के लिए जो जमीन दी गई थी, उसका उन्हें मालिकाना हक दिया जाए।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

**पत्र संख्या. 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/24-25/डब्लू– I (NIT-42) दिनांक: 11.09.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/करनाल के तहत एसएसई/डब्ल्यू/केकेडीई के अनुभाग में डीयूके पर एलसी नंबर 72, 77, 84, 86, 87 पर एलएचएस प्रदान करके लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने के पहले से निष्पादित कार्य में दीवारों, छत और फर्श को बनाए रखने जैसे शेष कार्य। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 45944905.10/– |
| 3 | धरोहर राशि | रु. 379700/– (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। नोट : एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| 4 | समापन अवधि | 12 महीने |
| 5 | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 04.10.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 04.10.2024 को 15:00 बजे। |
| 6 | निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |
| 7 | समान प्रकार के कार्य | ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |

**नोट** :– शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। **2851/24**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024

## संक्षिप्त खबरें

### सेंट स्टीफेंस और डीयू के गतिरोध से छात्रों का दाखिला अटका

नई दिल्ली। सेंट स्टीफेंस कॉलेज और डीयू में बीच चल रहे गतिरोध से छात्रों का दाखिला अटका है। कॉलेज के स्टाफ एसोसिएशन ने गवर्निंग बॉडी से जल्द से जल्द हस्तक्षेप करने और छात्रों की मदद करने का अनुरोध किया है। स्टाफ एसोसिएशन ने पत्र में उन छात्रों के भविष्य को लेकर गहरी चिंता जताई गई है, जिनका कॉलेज में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित सीटों के बावजूद लंबित है। दरअसल, 2024 के शैक्षणिक सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा सुपरन्यूमेरेरी श्रेणी में अनाथ और सिंगल गर्ल चाइल्ड के तहत प्रवेश के लिए आवंटित सीटों को सेंट स्टीफेंस कॉलेज ने अस्वीकार कर दिया था। इसके परिणामस्वरूप कई छात्रों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया, जिनमें से केवल उन छात्रों को प्रवेश मिला है, जिन्होंने कानूनी तौर पर मामला दर्ज किया था। कॉलेज प्रशासन की इस कार्रवाई के कारण जिन छात्रों के पास कानूनी लड़ाई लड़ने की न तो आर्थिक क्षमता थी और न ही जानकारी, वे पीछे छूट गए हैं। एसोसिएशन ने इस स्थिति को दुखद और अमानवीय बताया है।

### मेट्रो में धार्मिक नारेबाजी का वीडियो वायरल

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो में एक समुदाय के कुछ लोगों की ओर से धार्मिक नारेबाजी करने का मामला सामने आया है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह जोर बाग से उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन के बीच का बताया जा रहा है। यह वीडियो कब का है, इसे लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं है। जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया मंच एक्स पर गुरुवार को कई लोगों ने इस वीडियो को साझा किया है। इसमें एक समुदाय के कुछ लोग सफर करते हुए धार्मिक नारे लगा रहे हैं। वीडियो साझा करने वाले लोगों का दावा है कि येलो लाइन पर यह घटना हुई है। उधर, डीएमआरसी सूत्रों का कहना है कि उन्हें भी इस वीडियो का सोशल मीडिया से पता चला है।

### बादल-बारिश से छह डिग्री नीचे आया दिल्ली का पारा

नई दिल्ली। राजधानी में गुरुवार को घने बादल छाए रहे। इस दौरान कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई। इसके चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में गुरुवार सुबह से ही घने बादल छाए रहे। इस दौरान हल्की बूंदाबांदी और बारिश होती रही। धीरे-धीरे होने वाली बारिश के चलते नमी में इजाफा हुआ और तापमान में गिरावट आई है। सफदरजंग मौसम केन्द्र में दिन का अधिकतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है। यहां पर आर्द्रता का स्तर 100 से 87 फीसदी तक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिल्ली में अभी हल्की से मध्यम बारिश के आसार बने हुए हैं। शुक्रवार को दिल्ली में बादल छाए रहेंगे और कई जगहों पर अच्छी बारिश देखने को मिल सकती है।

**बेरोजगारी की महामारी को दूर करेंगे केजरीवाल सरकार के बिजनेस ब्लास्टर्स; लगातार तीसरे साल दिल्ली सरकार के स्कूलों में लॉंच हुआ बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम**

## शिक्षा मंत्री आतिशी ने साल 2024-25 के लिए बिजनेस बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम की घोषणा की

नई दिल्ली, प्रात: किरण, संवाददाता

केजरीवाल सरकार ने पिछले 2 सालों की उपलब्धि को देखते हुए अपने सभी स्कूलों में लगातार तीसरे साल बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम को लॉंच किया है। गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए शिक्षा मंत्री आतिशी ने साल 2024-25 के लिए बिजनेस बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम की घोषणा की। उन्होंने कहा कि, 2.45 लाख स्टूडेंट एंत्रप्रेन्योर, 40 करोड़ रुपये की सीड मनी और 40,000 से ज्यादा स्टार्ट-एप आईडियाज के साथ एक बार फिर बिजनेस-ब्लास्टर्स प्रोग्राम सुपरहिट साबित होगा।

उन्होंने कहा कि, एक तरफ पूरा शिक्षा तंत्र युवाओं को सिर्फ. नौकरी की लंबी लाइनों में खड़ा होने के लिए तैयार कर रहा है लेकिन दूसरी तरफ केजरीवाल सरकार अपने स्कूली बच्चों को रोजगार ढूँढने के बजाय रोजगार देने वाला बना रही है।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम के हमारे युवा एंत्रप्रेन्योर आज अपने स्टार्ट-अप्स के दम पर न सिर्फ. लाखों रुपये कमा रहे है बल्कि सैकड़ों लोगों को रोजगार भी दे रहे है। उन्होंने कहा कि, यदि 12वीं की पढ़ाई कर निकले बच्चे युवाओं को रोजगार दे सकते है तो यदि हर बच्चे को सही शिक्षा और मौका दिया जाए तो देश भर में लाखों रोजगार पैदा किया जा सकते है।

उन्होंने कहा कि, भारत बेरोजगारी के मामले में विश्व के टॉप 3 देशों में शामिल है। देश में 42% युवा बेरोजगार है। युवाओं के लिए 2030 तक 90 मिलियन नौकरियों की दरकार है। उन्होंने कहा कि, जब युवा नौकरी पाने की लाइन में लगने के बजाय नौकरी देने वाले बनेंगे तभी देश से बेरोजगारी का संकट खत्म होगा और बिजनेस ब्लॉस्टर्स जैसे प्रोग्राम इस दिशा में महत्वपूर्ण है।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, आज के दौरान में भारत में बेरोजगारी की समस्या सबसे बड़ी है। आज भारत के युवाओं की बेरोजगारी 42% पर पहुँच गई है। बेरोजगारी के आँकड़े में भारत दुनिया के टॉप 3 देशों में आता है। मेकेंजी के 2022 के रिपोर्ट के अनुसार भारत को यदि अपने सभी युवा जनसंख्या को नौकरी देनी है तो 2030 तक भारत में 90 मिलियन (9 करोड़) नॉन-एग्रीकल्चर नौकरियों की जरूरत है।



उन्होंने कहा कि, एक तरफ बेरोजगारी बढ़ रही है, युवाओं को नौकरियों की जरूरत है तो दूसरी तरह भाजपा शासित केंद्र सरकार की तरफ से युवाओं के लिए रोजगार का कोई भी प्रावधान नहीं हो रहा है। रोज अखबारों में खबर आती है कि जब कोई भी सरकार चपरासी-क्लर्क या अन्य ऐसे पद पर नौकरियाँ निकालती है तो लाखों पढ़े लिखे युवा उसके लिए अप्लाई करते है।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, हमारा पूरा शिक्षा तंत्र आज युवाओं को सिर्फ. नौकरी की लंबी लाइनों में खड़ा होने के लिए तैयार कर रहा है। वही दूसरी तरफ दिल्ली सरकार का ये प्रयास है कि, दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था से जो युवा निकलकर आए वो नौकरी ढूँढने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बने।

उन्होंने कहा कि, इसी के तहत पिछले 3 साल से दिल्ली सरकार के स्कूलों में बिजनेस ब्लास्टर्स कार्यक्रम चल रहा है। इसके तहत 11वीं-12वीं के बच्चों की सीड मनी दी जाती है। स्टूडेंट्स खुद ग्रुप्स में अपने स्टार्ट-अप्स की शुरूआत करते है। और टॉप 150 स्टार्ट-अप्स को पब्लिक इन्वेस्टमेंट के लिए खोला जाता है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कुछ स्टूडेंट स्टार्ट-अप्स के विषय के साझा करते हुए कहा कि, एक स्टार्ट-अप आर.के.ई मोल्ड्स जो बोतलों के लिए मोल्ड बनाने का काम करती है। आज के दिन के ये स्टूडेंट स्टार्ट-अप 20 लोगों को रोजगार दे रहा है और हर महीने ये स्टार्ट-अप 13.5 लाख रुपये काम रहा है।

एक अन्य स्टूडेंट स्टार्ट-अप ए.के.लॉजिस्टिक्स जो अब एक रजिस्टर्ड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। 12वीं पास करने के बाद स्टूडेंट्स ने ट्रांसपोर्टेशन के अपने इस बिजनेस में 50 लोगों को रोजगार दे रहे है। कस्टमाइज्ड चॉकलेट बनाने वाले स्टूडेंट स्टार्ट-अप ह्यडार्क चॉकोबिट्सह्ल 40 महिलाओं को रोजगार दे रहा है। एक अन्य स्टूडेंट स्टार्ट-अप ह्यडिस्पोजल वालाह्ल 20 लोगों को तो ह्यपढ़ाई-वढाईह्ल स्टार्ट-अप 10 लोगों को रोजगार दे रहा है।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, अगर 12वीं की पढ़ाई कर स्कूल से निकले बच्चे हमारे देश के युवाओं को रोजगार दे सकते है तो यदि हर बच्चे को सही शिक्षा और सही मौका दिया जाए तो देश भर में लाखों रोजगार पैदा किया जा सकते है।

उन्होंने कहा कि, मुझे आज ये घोषणा करते हुए खुशी है कि, इस साल 2024-25 में भी बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम की शुरूआत दिल्ली सरकार के सभी स्कूलों में की जा रही है। इस साल केजरीवाल सरकार अपने स्टूडेंट्स को 40 करोड़ रुपये की सीड मनी देगी। अबतक 2.45 लाख स्टूडेंट्स इस साल बिजनेस ब्लास्टर्स में अपने 40,000 से ज्यादा बिजनेस आइडियाज के साथ भाग ले रहे है।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, मुझे पूरा भरोसा है कि, जिस तरह पिछले सालों में बिजनेस ब्लास्टर्स के तहत हमारे स्टूडेंट्स ने न सिर्फ. शानदार स्टार्ट-अप्स तैयार किए और लोगों को रोजगार दिया, उसी तरह इस साल भी बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम के तहत हमारे बच्चे नौकरी ढूँढने वाले नहीं बल्कि अपनी पढ़ाई खत्म करने से पहले ही नौकरी देने वाले बनेंगे।

## न्यायिक अधिकारी की बहाली न होने से एससी नाराज, पत्नीग के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के आरोप पर हुआ था बर्खास्त

नई दिल्ली, प्रात: किरण, संवाददाता

एक महिला न्यायिक अधिकारी के साथ कथित अफेयर के लिए बर्खास्त किए गए न्यायिक अधिकारी को बहाल नहीं करने के पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने नाखुशी जताई है। शीर्ष अदालत ने 2022 में इस न्यायिक अधिकारी के बर्खास्तगी पत्र को रद कर दिया था।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा कि शीर्ष अदालत ने 20 अप्रैल, 2022 को पुरुष न्यायिक अधिकारी के 25 अक्टूबर, 2018 के बर्खास्तगी आदेश को रद कर दिया था और हाई कोर्ट की पूर्ण पीठ को बर्खास्तगी के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि 26 अक्टूबर, 2018 को हाई कोर्ट की उसी खंडपीठ ने अवैध संबंध के आरोप पर अविश्वास जताते हुए महिला न्यायिक अधिकारी की बर्खास्तगी को रद कर दिया था।शीर्ष अदालत ने हालिया आदेश में कहा कि जब बर्खास्तगी आदेश रद (2022 में सुप्रीम कोर्ट ने) कर दिया गया है। साथ ही बर्खास्तगी आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करने के हाई कोर्ट के फैसले को भी रद कर दिया गया है तो कर्मचारी को सेवा में वापस लिया जाना चाहिए। फिर निदेशों के अनुसार कार्यवाही करनी चाहिए, लेकिन न तो हाई कोर्ट ने और न ही राज्य ने इस पर कोई फैसला लिया और न ही बर्खास्तगी की तिथि से बकाये वेतन पर कोई आदेश जारी किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायिक अधिकारी उसके 20 अप्रैल, 2022 के फैसले की तिथि से दो अप्रैल, 2024 को जारी नए बर्खास्तगी आदेश तक पूर्ण वेतन के हकदार होंगे और अपीलकर्ता को सेवा में मानते हुए सभी लाभ भी दिए जाएंगे। जहां तक 17 दिसंबर, 2009 को जारी पहले बर्खास्तगी आदेश से लेकर इस अदालत के बहाली आदेश तक की अवधि का सवाल है तो लगातार सेवा में मानते हुए अपीलकर्ता 50 प्रतिशत बकाया वेतन के हकदार होंगे और उसकी गणना कानून के तहत सभी लाभों को ध्यान में रखते हुए की जाएगी।पीठ ने न्यायिक अधिकारी को हाई कोर्ट की पूर्ण पीठ के 3 अगस्त, 2023 के प्रस्ताव एवं 2 अप्रैल, 2024 को जारी नए बर्खास्तगी आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती देने की छूट भी दी। इस मामले में पुरुष न्यायिक अधिकारी की पत्नी ने नवंबर-दिसंबर, 2008 में उनके विरुद्ध एक महिला न्यायिक अधिकारी के साथ संबंधों का आरोप लगाया था।

### अदालती कार्रवाही से बचकर रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चोरी के मामले में जमानत पर छूटा आरोपी जो अदालती कार्रवाही से बच रहा था। विशेष अभियान के दौरान थाना सदर बाजार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी जतिन है। (इससे पहले वह थाना सदर बाजार, बाड़ा हिंदू राव और सब्जी मंडी, दिल्ली में दर्ज स्नैचिंग और चोरी के 10 आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया। उत्तरी जिला डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि एसीपी हीरा लाल (थाना प्रभारी सदर बाजार) की देखरेख में गठित टीम क्षेत्रों में उद्घोषित अपराधियों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए अथक प्रयास कर रही थी। टीम को 11 सितम्बर को गुप्त सूचना मिली कि एक जमानतदार अपराधी, जिसका नाम जतिन है, नाला रोड, सदर बाजार, दिल्ली के पास किसी से मिलने आएगा और अगर समय रहते छापेमारी की जाए तो उसे पकड़ा जा सकता है। तुरंत, गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी धर दबोचा।

### अतिक्रमण-सड़कों पर हुए गड्ढों से दिल्लीवासियों को निजात मिलेगी

नई दिल्ली। 18 महीने बाद गुरुवार को दिल्ली नगर निगम के भाजपा शासित जोन में अलग-अलग वार्ड समिति की बैठक हुई। इसमें आवारा पशुओं के नियंत्रण, खराब स्ट्रीट लाइट, जलभराव, साफ-सफाई, अतिक्रमण, सड़कों पर हुए गड्ढों, जलभराव सहित मच्छर जनित बीमारियों के मुद्दों को लेकर चर्चा और प्रस्ताव पारित किए गए। वार्ड समिति की यह बैठक शांतिपूर्ण रही। निगम अधिकारी सहित सभी पार्षद बैठक में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। साथ ही कुछ प्रस्ताव भी पारित किए गए। शाहदरा उत्तरी जोन और सेंट्रल जोन में बैठक का आयोजन नहीं हो सका। वार्ड समिति नजफगढ़ जोन के चेयरमैन अमित खरखड़ी ने बताया कि पहले दिन आवारा पशुओं की समस्या को दूर करने, पार्कों में पेड़ों की छंटाई, जोन में जलभराव की परेशानी के समाधान को लेकर सहमति बनी। इसके अलावा निगम के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और निगम कर्मियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। क्षेत्र को अवैध पार्किंग से मुक्त बनाने, फुटपाथ पर होने वाले अतिक्रमण को रोकने, सड़कों पर हुए गड्ढों को भरने, वार्डों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने और मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम की दिशा में काम करने को लेकर सभी पार्षदों ने बैठक में सहमति जताई।

## राज्यसभा सांसद संजय सिंह की उपस्थिति में बल्लभगढ़ से रविंद्र फौजदार और तिगांव विधानसभा से आभाष चंदेला ने भरा नामांकन

बल्लभगढ़/ फरीदाबाद

- केजरीवाल की पांच गारंटियों पर चुनाव लड़ रही है आम आदमी पार्टी : संजय सिंह
- हरियाणा की जनता ने सभी को मौका दिया, इस बार अरविंद केजरीवाल की पांच गारंटियों को मौका दें : संजय सिंह
- बीजेपी ने अग्निवीर के नाम पर नौजवानों के साथ धोखा किया : संजय सिंह
- भाजपा के सत्ता का घमंड झाड़ू से दूर करने का वक्त आ गया : संजय सिंह

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की उपस्थिति में तिगांव विधानसभा से आभाष चंदेला और बल्लभगढ़ से रविंद्र फौजदार ने नामांकन किया। इससे पूर्व, पार्टी कार्यालय में कार्यकताओं को संबोधित किया और रोड शो निकाला। रोड शो के दौरान जगह जगह आम आदमी कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। सांसद संजय सिंह ने रोड शो के दौरान अपने संबोधन में कहा कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल ने तिगांव विधानसभा से आभाष चंदेला और वल्लभगढ़ से रविंद्र फौजदार को उम्मीदवार बनाया है। इस बार हरियाणा में आम आदमी पार्टी केजरीवाल की पांच गारंटियों पर चुनाव लड़ रही है। ये हम सभी हमारी माताओं बहनों, भाईयों और बुजुर्गों की जिम्मेदारी है कि 5 अक्टूबर को झाड़ू के निशान पर वोट पड़े। राजनीति की गंदगी को साफ करने के लिए झाड़ू जरूरी है। भाजपा के सत्ता का घमंड झाड़ू से दूर करने का वक्त आ गया है।

उन्होंने कहा इस बार ये झाड़ू के निशान को याद रखना है। आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की सरकार में पांचों गारंटियों पर काम होगा। हरियाणा में अच्छे स्कूल और अस्पताल बनाने, फ्री शिक्षा, फ्री ईलाज, महिलाओं के लिए हर महीने एक हजार रुपये की सम्मान राशि और बेरोजगारों को सौ फीसदी रोजगार देने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि आपने भाजपा को मौका दिया, कांग्रेस पार्टी को मौका दिया। चौटाला की पार्टी को दिया। जेजेपी को मौका दिया। लेकिन, हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी की पांच गारंटियों को इस बार एक मौका दें और झाड़ू का बटन दबाने का काम करें। पिछले दस साल में बीजेपी ने महंगाई के नाम पर धोखा, बेरोजगारी के नाम पर धोखा, अग्निवीर के नाम पर नौजवानों के साथ धोखा करने का काम किया।

उन्होंने कहा कि पिछले दस साल में भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा को पीछे ले जाने का काम किया। दस साल के अंदर हरियाणा को बर्बाद करने का काम बीजेपी ने किया। इस बार बीजेपी के अहंकार को मिटाना है, भारतीय जनता पार्टी को हराना है। इस बार बीजेपी की एक भी सीट नहीं आना चाहिए। बीजेपी का सूपड़ा साफ होना चाहिए।

उन्होंने कहा बीजेपी ने अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने का काम किया। मनीष सिसोदिया को जेल में डालने का काम किया। मैं छह महीने जेल में रहकर आया। सतेंद्र जैन को जेल में डाल रखा है। अकेले अरविंद केजरीवाल जनता के हकों की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस बार जनता बीजेपी की तानाशाही का बदला लेने का काम करेगी। हरियाणा की जनता बीजेपी को सबक सिखाने का काम करेंगी।

## भारतीय सेना की टुकड़ी ओमान से सैन्य अभ्यास अल नजाह के लिए रवाना

नई दिल्ली, प्रात: किरण, संवाददाता

भारत-ओमान संयुक्त सैन्य अभ्यास अल नजाह के पांचवें संस्करण के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी गुरुवार को रवाना हो गई। यह अभ्यास 13 से 26 सितंबर तक ओमान के सलालाह में रबकूट प्रशिक्षण क्षेत्र में होगा। अभ्यास अल नजाह 2015 से भारत और ओमान के बीच बारी-बारी से हर दो साल में आयोजित किया जाता है। इस अभ्यास का पिछला संस्करण राजस्थान के महाजन फायरिंग रेंज में हुआ था। यह संयुक्त अभ्यास रक्षा सहयोग को मजबूत करेगा और दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और आगे बढ़ाएगा। सेना ने आज एक बयान में बताया कि कुल 60 कर्मियों वाली भारतीय सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री रेजिमेंट की एक बटालियन करेगी। इसी तरह ओमान की शाही सेना की टुकड़ी में भी 60 सैन्य कर्मी शामिल होंगे, जिसका प्रतिनिधित्व फ्रंटियर फोर्स के सैनिक करेंगे। इस संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय ङक्क के तहत आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है।

## कापसहेड़ा इलाके में 28 वर्षीय एक महिला की उसके देवर ने की हत्या

नई दिल्ली, प्रात: किरण, संवाददाता

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के कापसहेड़ा इलाके में 28 वर्षीय एक महिला की उसके देवर ने चाकू मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि कापसहेड़ा में एक महिला की हत्या के संबंध में बुधवार रात 10.38 बजे एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। कॉल मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और महिला का शव एक घर से बरामद किया गया, जिस पर चाकू से वार किया गया था। 32 वर्षीय आरोपी पीड़िता का देवर है। वह मौके से फरार हो गया है। अधिकारी ने कहा कि क्राइम और एफएसएल टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और मौके से साक्ष्य को इकट्ठा किया। उन्होंने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी ने कहा, जांच के दौरान यह पता चला है कि आरोपी के महिला के साथ अवैध संबंध थे और बुधवार को दोनों के बीच किसी मुद्दे पर झगड़ा हुआ था। पुलिस ने बताया कि पीड़िता एक निजी कंपनी में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करती थी, जबकि उसका पति एक ऑनलाइन उत्पाद बेचने वाली कंपनी में काम करता है। उन्होंने बताया कि आरोपी भी अपने भाई की कंपनी में काम करता है। पुलिस ने कई टीमें गठित कीं, जिन्हें आरोपी को पकड़ने के लिए उसके संभावित ठिकानों पर भेजा गया। गुरुवार सुबह 8.30 बजे दिल्ली कैंट रेलवे पुलिस स्टेशन से एक और सूचना मिली कि बिजवासन रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति घायल अवस्था में मिला है और उसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के बाद उसकी पहचान उसी आरोपी के रूप में हुई, जिसने कथित तौर पर कापसहेड़ा में अपनी भाभी की हत्या की थी।

### तीन वर्षीय बच्ची को अगवा कर, झाड़ियों में किया दुष्कर्म

नई दिल्ली। घर के बाहर चारपाई पर सो रही तीन वर्षीय बच्ची को अगवा कर झाड़ियों में ले जाकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर बेगमपुर थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ बीएनएस की धारा 5 (2) और 6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर, आरोपित को वारदात के कुछ ही घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आगे की जांच कर रही है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने बताया कि बीते सोमवार को तीन वर्षीय एक बच्ची के साथ दुष्कर्म के संबंध में बेगमपुर थाना पुलिस को जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई, जहां पीड़ित बच्ची की मां ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी अपने घर के सामने ही गली में चारपाई पर सो रही थी। कुछ देर बाद उन्होंने देखा कि उनकी बेटी चारपाई से गायब है।

## राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की उपस्थिति में असंध से आप उम्मीदवार अमनदीप जुंडला ने भरा नामांकन

अंसध/करनाल, प्रात: किरण



- इससे पूर्व, कार्यकताओं को संबोधित किया और शहर में रोड शो निकाला
- जैसे मिर्ची सुनने वाले ऑलवेज खुश, वैसे ही केजरीवाल चुनने वाले भी ऑलवेज खुश रहते हैं : राघव चड्ढा
- बीजेपी की हालत फ्लॉप फि ल्म जैसी जिसकी टिकट कोई नहीं लेता : राघव चड्ढा
- हरियाणा में कोई नेता बीजेपी की टिकट नहीं लेना चाहता, जिन्हें टिकट मिली वो भी टिकट वापस कर रहे : राघव चड्ढा
- दिल्ली और पंजाब में आप की सरकार, हरियाणा में आप की सरकार बनी तो विकास का ट्रीपल इंजन चलेगा : राघव चड्ढा
- हरियाणा से बेरोजगारी तब खत्म होगी जब हरियाणा के भ्रष्ट नेताओं को बेरोजगार करोगे : राघव चड्ढा

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की उपस्थिति में असंध विधानसभा से उम्मीदवार अमनदीप जुंडला ने नामांकन किया। इससे पूर्व, पार्टी कार्यालय में कार्यकताओं को संबोधित किया और शहर में रोड शो निकाला। रोड शो के दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं और जनता ने फूलों की बारिश की। जगह जगह लोगों ने उनका स्वागत किया ' सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि इस बार हरियाणा विधानसभा का चुनाव सबसे दिलचस्प चुनाव है। क्योंकि आजाद भारत के इतिहास में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली आम आदमी पार्टी सभी 90 सीटों पर पूर दमखम से चुनाव लड़ने जा रही है। जब आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ती है तो हारने के लिए नहीं लड़ती, बल्कि सरकार बनाकर देश की सेवा करने के लिए चुनाव लड़ती है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने सभी पार्टियों को मौका देकर देख लिया। किसी ने भी हरियाणा के लिए काम नहीं किया, केवल अपनी पार्टी और परिवार को अमीर बनाने के लिए काम किया है। हरियाणा की जनता ने बीजेपी, जजपा, कांग्रेस और इनेलो सबकी सरकार बनाकर देख ली लेकिन किसी ने जनता का उद्धार नहीं किया। इस बार हरियाणा की जनता एक बार आम आदमी पार्टी को मौका देकर देखे। दिल्ली वाले ने आम आदमी पार्टी को एक बार आजमाया था अब हर बार झाड़ू का बटन दबारक आई लव यू केजरीवाल बोलते हैं। इस बार भाजपा और जजपा को जमानत जब्त पार्टी बनाना है। हरियाणा में बीजेपी की हालत फ्लॉप पिक्चर जैसी हो गई है। जो बीजेपी के उम्मीदवार बनना चाहते थे वो आज घर पर बैठे हैं और जिनको बीजेपी टिकट दे रही है वो लोग अपनी टिकट वापस दे रहे हैं। यहां तक की कुछ लोग नामांकन भी वापस ले रहे हैं, ऐसी हालत बीजेपी की हो गई है।

उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ जजपा है जिसे पूरे हरियाणा में जमानत जब्त पार्टी के नाम से जाना जा रहा है। जजपा ने हरियाणा के साथ विश्वासघात किया। अब हरियाणा के लोग उनका हराने के लिए उत्सुक है। कांग्रेस ने भी जनता का भला नहीं किया। इसलिए इस बार आम आदमी पार्टी और अमनदीप जुंडला को वोट देकर देखो। आम आदमी पार्टी काम के नाम पर वोट मांगती है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय स्कूलों से बेहतर सरकार स्कूल बन गए हैं। 24 घंटे बिजली मिलती है, अस्पतालों में बड़े से बड़ा ओपरेशन भी मुफ्त होता है, महिलाओं के लिए बस यात्रा मुफ्त और बुजुर्गों को लिए तीर्थ यात्रा मुफ्त और इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजल और पानी सभी सेवाएं मुफ्त की हैं।

उन्होंने कहा कि यदि अरविंद केजरीवाल के दिल्ली वाले स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, मुफ्त बस यात्रा, मुफ्त तीर्थ यात्रा और मुफ्त बिजली व पानी हरियाणा में भी चाहिए तो झाड़ू का बटन दबारकर हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनाओ। सबसे बड़ी बात ये है कि अरविंद केजरीवाल खुद हरियाणा के हैं। आज आपका बेटा अरविंद केजरीवाल आपके लिए संघर्ष कर रहा है। इस बार झाड़ू के निशान बटन पर बटन दबाकर हरियाणा में अरविंद केजरीवाल की सरकार बनाने का काम करना है। आपने सुना होगा, मिर्ची सुनने वाले हमेशा खुश, वैसे ही अरविंद केजरीवाल को चुनने वाले हमेशा खुश रहते हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के एक तरफ दिल्ली है और दूसरी तरफ पंजाब है जहां आम आदमी पार्टी की सरकार है। यदि हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी तो ये ट्रीपल इंजन मिलकर देश की सभी सुबों से ज्यादा प्रगति करेंगे। मुफ्त बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी। असंध के लोगों ने सभी पार्टियों के नेताओं को आशीर्वाद दिया, लेकिन बीजेपी ने तो हरियाणा के नौजवान और किसानों को बेज्जत और उन्हें नुकसान पहुंचाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि इस देश में यदि कहीं पर सबसे ज्यादा बेरोजगारी है तो हरियाणा में है। इसमें हरियाणा की जनता की नहीं बल्कि हरियाणा के नेताओं की गलती है, जिन्होंने हरियाणा को बेरोजगार रखा।

## बैंक के ऐप के जरिये बुजुर्ग के खाते में सेंध, लखनऊ से दो गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण, संवाददाता

शाहदरा निवासी एक बुजुर्ग बैंक ऑफ बड़ौदा के ऐप का इस्तेमाल कर रहे थे। इस बीच किसी ने खाते में सेंध लगाकर साढ़े छह लाख रुपये उड़ा लिए। पीड़ित को जब पता चला तो उन्होंने शाहदरा साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच के बाद दो आरोपियों को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों की पहचान अतरौली रोड, मऊ मोहनलाल गंज, लखनऊ निवासी वैभव श्रीवास्तव (25) और हिंद नगर कालोनी, ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ निवासी रजनीश वर्मा (22) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी स्नातक कर चुके हैं और अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगों के गिरोह का हिस्सा हैं। रजनीश ने वैभव से बैंक खाता खोलने के लिए कहा था। उसके खाते में ही ठगी की रकम आई थी। इसके बाद रकम को कई खातों में घुमाकर विदेश भेज दिया गया था। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि लोनी रोड, रामनगर, शाहदरा निवासी जसपाल सिंह ने कुछ दिन पहले ठगी की शिकायत दी थी। वे बैंक ऑफ बड़ौदा का ऐप इस्तेमाल कर रहे थे। उन्होंने अपने खाते की जांच की तो साढ़े छह लाख रुपये गायब मिले। टेक्निकल सर्विलांस और खाते की पड़ताल करने पर पता चला कि रकम लखनऊ के एक बैंक खाते में ट्रांसफर हुई है। पुलिस पड़ताल करते हुए लखनऊ पहुंची। इसके बाद वैभव को दबोच लिया। वैभव ने बताया कि उसने रजनीश के कहने पर खाता खोलकर उसका नियंत्रण रजनीश को सौंप दिया था।

### वसंत कुंज में 1000 करोड़ रुपये की जमीन से कब्जे हटाए

नई दिल्ली। वसंत कुंज में बृहस्पतिवार को डीडीए ने करीब एक हजार करोड़ रुपये की 25 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त करवाया। यहां पर लोगों ने कॉलोनी बसा ली थी। विरोध की आशंका को देखते हुए पुलिस बल के साथ डीडीए का दस्ता सुबह मौके पर पहुंचा। शाम तक चली कार्रवाई में डीडीए ने अवैध ढांचों को ढहा दिया। डीडीए के मुताबिक, रंगपुरी रम्बा में कुछ लोगों ने डीडीए की जमीन पर कब्जा कर प्लॉट काटकर चहारदीवारी खड़ी कर दी थी। कुछ जगहों पर निर्माण भी हो गया था। अदालत से डीडीए के हक में फैसला आने के बाद कार्रवाई की गई। विरोध की आशंका देखते हुए कब्जा हटाने मौके पर पहुंचे डीडीए दस्ते के साथ जिले के अधिकारियों समेत करीब 200 पुलिसकर्मी मौजूद रहे। डीडीए का दस्ता पहुंचने पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा भी हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकारी सुविधा से वंचित चोरगांय ग्रामीण

असरगंज (मुंगेर)। असरगंज प्रखंड अंतर्गत चोरगांय पंचायत के वार्ड नंबर 6 के ग्रामीणों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जहां सरकार पेयजल आपूर्ति हेतु लाखों रुपये खर्च कर नल जल योजना के लिए पानी की टंकी व समरसीबर लगवाया है। वहीं पिछले 3 माह से जल आपूर्ति बंद है। जिससे गांव के 225 घरों के लिए लगभग 1000 आबादी के इस गांव में का पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। गांव में 3 चापाकल है जिसमें 1 खराब पड़ा है। सिर्फ 2 चापाकल के भरोसे 1000 लोग निर्भर है। इस संबंध में पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि बोरिंग फेल हो गया है। नये बोरिंग के लिए विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है।

### महंगी किमत पर खाद खरीदने को मजबूर किसान

असरगंज (मुंगेर)। असरगंज प्रखंड के उर्वरक विक्रेताओं की मनमाने किमत किसानों से वसूल किया जा रहा है। उर्वरक दुकानदारों पर किसी भी प्रकार का भय प्रशासनिक अधिकारियों का नहीं है। न ही पोस मशीन का पर्ची ही किसानों को दिया जा रहा है। जिससे किसान काफी परेशान हैं। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख राकेश कुमार ने बताया कि जल्द ही उर्वरक निगरानी समिति की बैठक होगी।

### साइबेरियन पक्षी के बच्चे को वन विभाग को सौंपा



जमुई [ झाझा ] आवारा पशुओं से साइबेरियन पक्षी के बच्चे को पक्षी प्रेमियों के द्वारा बचाकर उसे सुरक्षित वन विभाग को लोगों के द्वारा सौंप दिया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए पक्षी प्रेमी दीपक कुमार शर्मा एवं अन्य ने बताया कि बाजार के पास किसी तरह साइबेरियन पक्षी का बच्चा गिरा पड़ा था जहां आसपास कुछ कुत्ता उसे नोचने की कोशिश कर रहा था तभी उस पक्षी के बच्चे को कुत्तों से बचाने के बाद उसका डिटमेंट करते हुए फिर उसे वन विभाग को छोड़ दिया। वन विभाग के कर्मी ने पक्षी प्रेमियों को पूर्ण भरोसा दिया कि साइबेरियन पक्षी के बच्चे को सुरक्षित वनक्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा।

# पंचायतों में शिविर लगाकर जमीन की जमाबंदी का आधार से लिंक कार्य प्रारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



सोनो/जमुई : सोनो प्रखंड के सभी पंचायतों में राज्य सरकार के भूमि और राजस्व विभाग के निर्देश पर जमीन की जमाबंदी को आधार कार्ड से लिंक करने का कार्य बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इस कार्य के लिए, अंचलाधिकारी सुमित कुमार के निर्देशन में विभिन्न पंचायतों में राजस्व कर्मचारियों द्वारा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां भू-स्वामियों की जमीनों का रिकॉर्ड अपडेट किया जा रहा है। इस प्रक्रिया से भविष्य में भूमि विवादों को रोकने और जमीन के रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। दहियारी पंचायत में सफल शिविर का आयोजन गुरुवार को दहियारी पंचायत के पंचायत भवन में राजस्व कर्मचारी निशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी जमीन की जमाबंदी को आधार कार्ड से लिंक करवाने का कार्य करवाया। शिविर में आने वाले सैकड़ों भू-स्वामियों की जमाबंदी के दस्तावेजों की जांच, आधार लिंकिंग, लगान रसीद संबंधी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, जिनके दस्तावेजों में त्रुटियाँ पाई गईं, उनका तत्काल निवारण भी किया गया। शिविर का उद्देश्य न केवल आधार से लिंक करने तक सीमित था, बल्कि भू-स्वामियों को उनके भूमि संबंधी अधिकारों और दस्तावेजों के बारे में जागरूक करना भी था। शिविर में जिन ग्रामीणों को किसी प्रकार की कठिनाई हुई, उनके लिए ऑन-द-स्पॉट समाधान उपलब्ध कराया गया, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। भूमि रिकॉर्ड में पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम सरकार की यह पहल भूमि रिकॉर्ड को आधार कार्ड से जोड़ने की है, जिससे जमीन संबंधी विवादों की संभावनाएं काफी हद तक समाप्त हो जाएंगी। आधार लिंकिंग से हर भू-स्वामी की पहचान स्पष्ट होगी और जालसाजी की गुंजाइश खत्म होगी। इसके साथ ही, राजस्व विभाग के लिए भी जमीन से जुड़े रिकॉर्ड को मैंटेन करना और अपडेट रखना आसान होगा। ग्रामीणों की सकारात्मक प्रतिक्रिया दहियारी पंचायत के शिविर में स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य माधो बैठा, जितेंद्र यादव, रामविलास यादव, मोती यादव, पंकज बरनवाल, मेघन रजक, कार्तिक मंडल और बरसा सोरेन जैसे प्रमुख लोग उपस्थित थे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की। उन्होंने बताया कि यह सरकार का एक बहुत अच्छा कदम है, जो भूमि स्वामित्व में पारदर्शिता लाएगा और किसी भी प्रकार की त्रुटियों को खत्म करने में मददगार साबित होगा। भूमि स्वामियों के लिए आसान प्रक्रिया शिविर में आये भू-स्वामियों को विशेष रूप से जानकारी दी गई कि कैसे वे अपने आधार कार्ड को जमाबंदी से लिंक कर सकते हैं। उन्हें बताया गया कि इसके लिए किन दस्तावेजों की आवश्यकता होगी और आधार लिंक होने के बाद उन्हें किस प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी। शिविर में यह भी स्पष्ट किया गया कि जिनके पास पहले से डिजिटल जमाबंदी की जानकारी नहीं है, वे इसे जल्द से जल्द प्राप्त कर सकते हैं। राज्य सरकार की आगे की योजना अंचलाधिकारी सुमित कुमार ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में अन्य पंचायतों में भी इसी तरह के शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उनका लक्ष्य है कि हर पंचायत में शत-प्रतिशत जमीन की जमाबंदी को आधार से लिंक किया जाए, ताकि हर भू-स्वामी को डिजिटल भूमि रिकॉर्ड की सुविधा मिल सके। इससे राज्य के राजस्व विभाग के कामकाज में भी तेजी आएगी और भूमि संबंधी विवादों का जल्द से जल्द निपटारा किया जा सकेगा। भूमि रिकॉर्ड में पारदर्शिता और सुगमता निष्कर्ष राज्य सरकार द्वारा भूमि रिकॉर्ड में पारदर्शिता और सुगमता लाने के इस प्रयास को ग्रामीणों ने काफी सराहा है। शिविरों के माध्यम से गांव-गांव में पहुंचकर सरकार इस प्रक्रिया को सरल और सुगम बना रही है, जिससे लोगों को अपनी जमीन के अधिकार और दस्तावेज से संबंधित किसी भी समस्या का समाधान समय पर मिल सके।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार सरकार के ओर से आयोजित स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत गुरुवार को रिलैबल इंफ्रा सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के नगर पंचायत संग्रामपुर के सार्वजनिक स्थल पर गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाई गई। इस दौरान नुक्कड़ नाटक में शामिल कलाकारों ने सूखा एवं गीला कचरा को अलग-अलग डब्बे में रखना, सूखे कचरे को रिसाइकल कर नई वस्तुओं का निर्माण करना, गीले कचरे को कंपोस्ट बनाकर बगीचों में उपयोग करना सहित खुला शौच मुक्त समाज निर्माण को लेकर ह्लसुनो गौर सेह्व नाम के नुक्कड़ नाटक कर लोगों को स्वच्छता से संबंधित उपायों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी खुले में शौच से होने वाली बीमारियों सहित महिलाओं एवं लड़कियों के सम्मान को लेकर गीत के माध्यम से उन लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक जयप्रकाश ,नंदकिशोर यादव , दिवाकर कुमार,मुकेश कुमार , राजेश केसरी साहित्य नगर पंचायत कर्मी जनप्रतिनिधि एवं नुक्कड़ नाटक के कलाकार सफाई कर्मी आदि सामिल थे।

# सात स्थलों पर एपीएचसी और एचडब्ल्यूसी के लिए जमीन नही हो रहा मुहैया

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] ग्रामीण क्षेत्र में एक तरफ स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाए जाने की बात कि जा रही है तो वही दूसरी प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायत में जमीन उपलब्ध नही होने के कारण अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निर्माण नही हो पा रहा है। अस्पताल की ओर से स्थानीय अंचलाधिकारी से सात स्थलों पर जमीन मुहैया कराए जाने को लेकर लिस्ट की जानकारी दी गई है। रेफरल अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक सुभाषचंद्र के द्वारा धमना पंचायत में एपीएचसी, एचडब्ल्यूसी, छापा पंचायत में एपीएचसी, बूढ़ीखार में एपीएचसी, टेलवा बाजार, चितोचक और बैजला में एचडब्ल्यूसी का निर्माण करवाए जाने की बात अंचलाधिकारी को दिया गया। स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया कि नामित जगहों पर सरकारी जमीन ज्योहि मिल जाती है वैसे ही भवन का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। आगे स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया कि अंचलाधिकारी से जमीन मुहैया को लेकर जब पूछा गया तो उन्होनें आमिन न होने की बात कि जिसके कारण नामित स्थलों पर एपीएचसी और एचडब्ल्यूसी का निर्माण कार्य रूका हुआ है। स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया कि उक्त सभी जगहों पर एपीएचसी और एचडब्लूसी का निर्माण हो जाता है उनक्षेत्र में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य की सुविधा सुगम तरीके से मिल जाएगा।

# जमीनी विवाद में हुए मारपीट में दो लोग जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर)। गोतिया के द्वारा जमीन पर जबरन कब्जा कर लिए जाने एवं डायन कहने का आरोप लगाते हुए मारपीट करने का एक मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में थाना क्षेत्र के श्रीपुर गांव की पीड़िता गीता देवी पति कपिल देव शाह के द्वारा गुरुवार को संग्रामपुर थाने में आवेदन दिया गया है। अपने आवेदन में पीड़िता गीता देवी ने बताया है कि बुधवार की देर रात्रि उनके पड़ोसी एवं गोतिया मनोज शाह, संतोष शाह, कंचन साह, छोटू शाह एवं उनके परिजनों के द्वारा मेरे घर में घुसकर मारपीट की गई। मारपीट में यह लोग एक दूधं मुंही बच्ची को भी जमीन पर पटक दिए। इन्होंने बताया कि इस मारपीट में उनके पति एवं पुत्र घायल हो गया है जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में किया जा रहा है।

आवेदन में गीता देवी ने आरोप लगाया है कि सभी आरोपी मेरे पूरे परिवार को डायन करके संबोधित करता है और बराबर मारपीट और गाली गलौज करते रहता है। इन लोगों के द्वारा धमकी दिया जाता है कि तुम लोग को जान से मार देंगे।उन सभी ने मेरी जमीन पर भी कब्जा किया हुआ है और जब भी इस संबंध में कहने जाते हैं तो वह सब एकजुट होकर हम लोग के साथ मारपीट करने लगता है।इस बार भी हम लोगों को लाठी डंडे से मारा गया है। उन्होंने प्रशासन से निवेदन किया है कि इस मामले में आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए। इस संबंध में थाना अध्यक्ष रूबीकांत कच्छप ने बताया कि मामले की जांच करवाई जा रही है एवं आरोप साबित होने पर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# पंचायत सरकार भवन निर्माण की मांग को लेकर अंचलाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] प्रखंड क्षेत्र के करहरा पंचायत के मुख्यालय में ग्राम करहरा में पंचायत सरकार भवन निर्माण करवाए जाने को लेकर पंचायत के उपमुखिया, वार्ड सदस्यों एवं ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय पहुंचकर अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगों को रखा। पंचायत के उपमुखिया बजरंगी यादव ने इस संदर्भ में बताया कि 7 सितंबर को पंचायत भवन में एक बैठक वार्ड सदस्य, ग्रामीणों के बीच किया गया जिसमें जिला पंचायत राज पदाधिकारी के द्वारा तीन सितंबर को जारी किए गए ज्ञापन संख्या 1053 से संबंधित पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए भूमि चयन प्रक्रिया में अंचलाधिकारी झाझा से जांच प्रतिवेदन के लिए मांग कि गई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत राज करहरा में पंचायत ससरकार भवन का निर्माण हेतु जिला पंचायत राज पदाधिकारी के पत्रांक संख्या एवं प्रमंडलीय आयुक्त मुंगेर के आदेश के आलोक में जिला पदाधिकारी जमुई के द्वारा 27 मार्च 2023 को जारी पत्रांक संख्या 524के द्वारा ग्राम पंचायत राज करहरा के ग्राम मुख्यालय में भूमि उपलब्धता के आधार पर भूमि का प्रतिवेदन भेजा गया परंतु उपमुख्यमंत्री कोषांग के द्वारा 20 अगस्त 2024 के पंत्राक 806 के द्वारा ग्राम पंचायत राज करहरा का पंचायत सरकार भवन ग्राम मुख्यालय में न बनाकर मुख्यालय से बाहर आस्ता में बनाने हेतु निर्देशित किया गया। उपमुखिया ने बताया कि ग्राम मुख्यालय के समीप कुल 10 वार्ड है जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की आबादी छह हजार है एवं ग्राम आस्ता पहाड़ी के दूसरी ओर है। जिसमें कुल 3 वार्ड है एवं एससी एसटी कि आबादी सिर्फ दो हजार है। इसलिए अंचलाधिकारी से मांग करते है कि इसकी जांच किया जाएगा और प्रतिवेदन जिला में भेजे।

# रेलवे के निजीकरण एवं बहाली को लेकर युवाओं ने निकाला प्रतिरोध मार्च




प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आगेर्नाइजेशन की युवाओं के द्वारा रेलवे के निजीकरण के खिलाफ एवं बहाली इत्यादि की मांगों को लेकर प्रतिरोध मार्च निकाला गया। प्रतिवाद मार्च जुलूस के शक्ल में संग्रामपुर के अंबेडकर चौक से चलकर बाजार के सभी मार्गों से गुजरते हुए महावीर चौक तक पहुंचा। प्रतिवाद मार्च में शामिल युवा रेलवे को निजी कंपनियां के हाथों देना बंद करो, रेलवे में खाली पड़े पदों की बहाली अभिलंब करो, सभी ट्रेनों में स्लीपर एवं जनरल कोच की संख्या बढ़ाओ, सीनियर सिटीजन की सुविधा बहाल करने के संबंध में नारे भी लगा रहे थे। जुलूस का नेतृत्व सौरभ कुमार दास समीर कुमार दास नयन कुमार यादव एवं संदीप कुमार भारती के द्वारा संयुक्त रूप से की गई।बाजार के महावीर चौक पर पहुंचकर जुलूस सभा में तब्दील हो गई। मौके पर मौजूद ए आई डी वाई ओ के राज्य काउंसिल मेंबर संतोष कुमार दास ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की रेलवे को निजी कंपनियों के हाथों देकर गरीब जनता को लूटने की खुली छूट दे रखी है। ए आई डी वाई ओ के संयोजक सिंटू कुमार यादव ने कहा देश की गरीब जनता प्रवासी मजदूर ट्रेन में जान को हथेली पर रखकर यात्रा करने पर मजबूर हैं। संगठन एक कमेटी के प्रभारी सौरभ कुमार दास ने कहा रेलवे में लाखों लाख रिक्त पद की बहाली ना कर सरकार बेरोजगार युवाओं की फौज खड़ी कर रही है। सभा में दीपक कुमार दास, राजेश लहरी, आनंद कुमार, अमन कुमार, प्रताप कुमार, शिवम कुमार आदि उपस्थित थे।

# बालू तस्करी की सूचना पर छापेमारी करने गई पुलिस पर हमला, थानाध्यक्ष घायल, तीन गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/बरहट। थानान्तर्गत गुगुलडीह इलाके (गिद्धौर और बरहट का सीमावर्ती इलाका) में बालू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई करने गई पुलिस टीम पर स्थानीय बालू माफियाओं एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा हमला किये जाने एवं मारपीट करने की सूचना प्राप्त हुई थी। बालू माफियाओं के विरुद्ध की कार्रवाई में पंकज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक, गिद्धौर थाना एवं 3 सिपाही घायल हुए हैं। घटना की जानकारी के बाद सदर एसडीपीओ सतीश सुमन और एसडीओ अभय तिवारी अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और पूरे इलाके का मुआयना करते हुए पूरे मामले की जांच में जुट गए हैं। सूचना पर तत्क्षण कार्रवाई करते हुए बरहट थानाध्यक्ष द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। सभी घायलों को बेहतर इलाज हेतु गिद्धौर एवं सदर अस्पताल ले जाया गया है। घटनास्थल पर यथेष्ट सतर्कता एवं नियंत्रात्मक कार्रवाई हेतु अतिरिक्त बल के साथ की गई छापामारी में कुल 3 लोगों को हिरासत में लिया गया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है। घटनास्थल से एक ट्रैक्टर एवं एक बाइक को जब्त किया गया है। जमुई पुलिस की बालू माफियाओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत विधिसम्मत कार्रवाई अनवरत जारी है। मामले को लेकर एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि प्रस्तुत घटना में संलिप्त सभी बालू माफियाओं की शिनाख्त की जा चुकी है एवं पुलिस द्वारा इनकी गिरफ्तारी/कुर्की हेतु ठोस कार्रवाई की जा रही है।

## जमीन विवाद में एक व्यक्ति के साथ कि गई मारपीट

जमुई [ झाझा ] जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति के साथ गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। मामला थानाक्षेत्र के बलियाडीह गांव की है। घायल व्यक्ति की पहचान फुकर अंसारी के रूप में हुई है। इधर घायल अवस्था में गिरे पड़े व्यक्ति को उसके परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया जहां उसका इलाज किया गया।

# +2 उच्च विद्यालय धोबघट का झाझा विधायक दामोदर रावत ने किया औचक निरीक्षण

## कहा विद्यालय बच्चों में शिक्षा से जुड़े बेहतर संस्कार गढ़ने का प्रयास करें शिक्षक



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। गुरूवार को प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय धोबघट गिद्धौर का निरीक्षण झाझा विधानसभा के विधायक दामोदर रावत द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक दामोदर रावत ने विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक कुमार किशलय से स्कूल की विधि व्यवस्था से संबंधित वस्तु स्थिति की जानकारी ली व विद्यालय के विधिवत संचालन सहित स्वच्छता, पेयजल,शौचालय, बिजली आदि की व्यवस्था का मुआयना किया व व्यवस्था पर संतोष जताया।वही उन्होंने विद्यालय में बेहतर शिक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिये विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक कुमार किशलय को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।वहीं निरीक्षण के दौरान विधायक दामोदर रावत ने विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं को संस्कारित शिक्षा देने की शिक्षक शिक्षिकाओं से बात कही गयी। उन्होंने कहा कि सरकार का शिक्षा विभाग लाखों रुपये शिक्षा पर खर्च कर रही है आप अपनी भी समस्याओं को विभाग के समक्ष रखें ताकि उनका भी निराकरण किया जा सके। इस मौके पर निरीक्षण के क्रम में छात्रों की उपस्थिति में बढ़ोतरी को लेकर अभिभावकों को जागरूक करने की बात विद्यालय प्रभारी से कही गयी।इस मौके जदयू नेता दिनेश मंडल,कृष्णा रावत आदि मौजूद थे।

# सूर्य मंदिर कमिटी की नयी कार्यकारिणी का हुआ गठन

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। बुधवार को सूर्य मंदिर कमिटी रक्सौल की विशेष बैठक थाना परिसर में पदेन अध्यक्ष स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के सूर्य मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण के जिम्मा से विमुख होने पर पुरानी कार्यकारिणी भंग कर नयी कार्यकारिणी का गठन एसडीएम, एसडीपीओ एवं थानाध्यक्ष रक्सौल की उपस्थिति के बीच सर्वसम्मति से हुआ। बैठक में धार्मिक आस्था व पर्यटकीय आकर्षण का केन्द्र रक्सौल का धरोहर सूर्य मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के कई प्रस्तावों पर चर्चा हुई। नयी कार्यकारिणी में पदेन अध्यक्ष स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा, संरक्षक मंडल में एसडीएम शिवाक्षी दीक्षित, एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार , थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा एवं रिपूराज मिल के निदेशक रामेश्वर प्रसाद गुप्ता को स्थान मिला। वहीं विधायक ने सचिव पद पर शम्भु प्रसाद चौरसिया, गणेश धनोठिया को कोषाध्यक्ष, कार्यालय सचिव ई.रामदास प्रसाद एवं मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी के नाम को प्रस्तावित किया, जिसे बैठक में उपस्थित सभी लोगों से ध्वनि मत से अनुमोदित किया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक श्री सिन्हा ने नयी कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए इस बात को रेखांकित किया कि अब इस महती जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा एवं सफलतापूर्वक निर्वहन करने के मद्देनजर जनभावनाओं का समुचित ख्याल रखा जाना चाहिए, क्योंकि यह मंदिर जनमानस के आस्था में रचा-बसा हुआ है। उन्होंने यह भी भरोसा जताया कि शहर के इस धरोहर की बुनियाद दरकने न पाये इसके लिए नयी कार्यकारिणी सतत सचेष्ट रहेगी तथा रिपूराज मिल के निदेशक रामेश्वर गुप्ता से समन्वय बना दीर्घकालिक योजना बनाकर इसके जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के कार्य को द्रुत गति से धरातल प्रदान करने तथा धार्मिक आस्था एवं पर्यटकीय आकर्षण का केन्द्र बनाने के लिए कटिबद्ध रहेगी। गौरतलब है कि विधायक की अनुशंसा पर बैठक में उपस्थित रिपूराज मिल के निदेशक रामेश्वर गुप्ता ने घोषणा की सूर्य मंदिर के जीर्णोद्धार एवं इसके सौंदर्यीकरण में लगने वाली सम्पूर्ण राशि का खर्च का वहन रिपूराज मिल करेगा। वहीं बैठक में मंदिर परिसर में अवस्थित सभी शेड दूकानदारों को माह सितम्बर 2024 तक के किराया का भुगतान पुराने दर से करने तथा पहली अक्टूबर से नये अनुबंध एवं सर्वसम्मति द्वारा निर्धारित दर से किराया की राशि भुगतान करने के पारित प्रस्ताव के आधार पर करने को निर्देशित किया गया। इस मौके पर स्थानीय विधायक, एसडीएम , एसडीओपी , थानाध्यक्ष एवं रामेश्वर गुप्ता समेत कमिटी के सभी सदस्यों ने मंदिर परिसर का मुआयना किया। वहीं मंदिर के सौदर्यीकरण के लिए आर्किटेक्ट जीवेश नंदन ने सूर्य मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद के स्वरूप का प्रारूप दिखाया। इस मौके पर कमिटी के मीडिया प्रतिनिधि के रूप में विजय कुमार गिरि, मोहन सिंह प्रभाकर, मनोज कुमार गुप्ता, नवीन कुमार सिंह का नाम शामिल किया गया। वहीं सदस्य के रूप में भरत प्रसाद गुप्ता, आनंद रूँगटा, ई.जीतेन्द्र कुमार, राजकिशोर राय उर्फ भगतजी, पन्नालाल प्रसाद, कन्हैया सर्राफ, राजू कुमार गुप्ता, राकेश कुशवाहा, आलोक कुमार श्रीवास्तव, राकेश कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार, विनोद कुमार गुप्ता रिपूसूदन गुप्ता,.संजय कुमार गुप्ता, पवन किशोर कुशवाहा, दीपक कुमार गुप्ता, विमल रूँगटा, पंकज वर्णवाल, अनिल कुमार ,मृत्युंजय सिंह एवं कमलेश कुमार का नाम शामिल किया गया। इसकी जानकारी कमिटी के मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है।

# बरियारपुर प्रखंड के हरिणमार पंचायत में विशेष शिविर का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार)। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के निर्देश पर गुरुवार को बरियारपुर प्रखंड के हरिणमार पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगा कर स्थानीय ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हो उनके आवेदन पर सुनवाई की गयी। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। विगत 27 अगस्त को जिलाधिकारी द्वारा हरिण मार पंचायत का औचक निरीक्षण किया गया था, जहां उन्होंने विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए, स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं से भी रूबरू हुए थे। ग्रामीणों ने बताया कि सुदूर ग्रामीण इलाका होने के कारण यहां कोई पदाधिकारी निरीक्षण में नहीं आते हैं। किसी भी योजना संबंधी कार्य अथवा लाभ के लिए आवेदन देने के लिए प्रखंड मुख्यालय जाना पड़ता है, जिससे हम लोगों को काफी परेशानी होती है। इस बात पर जिलाधिकारी ने सभी ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रत्येक माह में दो बार शिविर लगाकर आप के आवेदन पर सुनवाई करते हुए संबंधित योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए ही आज हरिणमार पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड पंजीयन, वृद्धा, विधवा, दिव्यांगजन पेंशन सहित अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए हैं, जहां ग्रामीणों के आवेदन की जांच कर उचित कार्रवाई कर योजनाओं का लाभ दिया गया है। वहीं विभिन्न विभागों से संबंधित सैकड़ों आवेदन भी प्राप्त किए गए, जिन पर जांचोपरांत करवाई कर उचित लाभ दिया जाएगा। पंचायत में स्वास्थ सुविधा के लिए दूर जाने के ग्रामीणों की मांग पर बिंदा दियारा स्थित पंचायत सरकार भवन में ही सप्ताह में तत्काल तीन दिन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का संचालन किया जाएगा तथा प्रत्येक दिन स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्थाई हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही आधार कार्ड पंजीयन तथा निर्माण, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र निर्माण के लिए भी अब उन्हें प्रखंड मुख्यालय न जा कर पंचायत सरकार भवन में ही आवेदन जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को दो डाटा एंट्री ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया गया। इसके अलावा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीकरण के लिए स्थानीय स्तर के ही शपथ प्रमाण पत्र का ऑन द स्पॉट वेरिफिकेशन किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय आने जाने में होने वाली परेशानी एवं अतिरिक्त व्यय से भी मुक्ति मिलेगी। वहीं पशुओं को होने वाली बीमारी से बचाव के लिए सप्ताह में एक दिन चलंत पशु चिकित्सालय की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जिससे ग्रामीणों को उसका भी लाभ मिल सके। साथ ही किसान चौपाल की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# कलम पकड़ने वाले हाथ में पिस्टल ! आसार अच्छे नहीं

ब्रह्मानन्द ठाकुर

जमाना बड़ी तेजी से बदला है। अब छोटी उम्र के बच्चे  कलम पकड़ने की जगह रिवाल्वर थामने लगे हैं ।सिर्फ थामते ही नहीं ,गोलियां भी चल जातीं हैं। एक हमारा जमाना था ।स्कूल परिसर में पांव धरते ही सारी अकड़ छू मंतर हो जाती थी। एक आज का जमाना है। अपने परिवार  और समाज में दब्बु माने जाने वाले बच्चे  भी स्कूल में कदम रखते ही शेर बन जाते हैं ।उपर से बिल्कुल शांत और अंदर  से खौलती किशोरावस्था  आगे क्या रंग दिखाएगी ,कहना मुश्किल है। इस सम्बंध मे जुलाई और सितम्बर महीने में घटी दो घटनाएं विचलित करने वाली है। पहली घटना बीते 31 जुलाई को सुपौल के एक प्राइवेट स्कूल में घटी। 9 साल का एक बच्चा  अपने पिता का लोडेड पिस्टल स्कूल बैग में रख स्कूल पहुंच गया। कहते हैं कि उसका पिता उसी स्कूल में गार्ड का काम करता है।  सामूहिक प्रार्थना के बाद कक्षा में जाते हुए उस बच्चे ने अपने स्कूल बैग से पिस्टल निकाली। इसी क्रम में अचानक फायर हो गया। गनीमत रही  कि गोली तीसरी कक्षा के एक छात्र के हाथ में लग गई।  फिर मामला पुलिस के जिम्मे ।जांच , कार्रवाई वगैरह - वगैरह। दूसरी घटना बीते 10 सितंबर को मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थानांतर्गत महमदपुर कंठ स्थित मेंटर  कोचिंग क्लासेज  नामक कोचिंग सेंटर की है। उस कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाला एक छात्र अपने घर से लोडेड पिस्टल लेकर कोचिंग पहुंचा था। अपने एक साथी पर धौंस जमाने के लिए वह रिवाल्वर का प्रदर्शन करने लगा कि गोली चल गई । गोली उसी कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाली एक छात्रा को लग गई। दोनों एक ही गांव के बताए जाते हैं। कोचिंग संचालक द्वारा घायल छात्रा को  तत्काल एक  निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने गोली निकाल दी ।छात्रा इलाजरत है। गोली चलाने वाले छात्र के पिता अवैध शराब के धंधेबाज बताए जा रहे हैं।  इस मामले में भी पुलिस की कार्रवाई जारी है।  ऐसी घटनाएं समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इसकी जड़ें हमें वर्तमान सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था में तलाशनी होगी ।बदलते दौर में शिक्षा का उद्देश्य भी बदला है ।बदलाव प्रकृति का शाश्वत नियम है लेकिन इसकी दिशा सकारात्मक होनी चाहिए ।पहले शिक्षा का उद्देश्य था ----सा विद्या या विमुक्तये।  मतलब शिक्षा का उद्देश्य हर तरह के कुविचार , अंधविश्वास ,नैतिक और चारित्रिक पतन से मुक्ति के साथ - साथ समाज को हर तरह के शोषण , अन्याय , अत्याचार  से मुक्ति दिलाना था। सांस्कृतिक और नैतिक रूप से सबल ऐसा नागरिक पैदा करना था जो बिना हिचकिचाहट के बहुजन हिताय अपने आप को समर्पित कर दें। आज शिक्षा का उद्देश्य है--- सा विद्या या नियुक्तये। वैसी शिक्षा जो हमें रोजगार दे सके। अब रोजी - रोजगार,नौकरी के अवसर इस मरनासन्न पूंजीवादी व्यवस्था में पहले की तरह रहा नहीं ।इसके लिए सर्वत्र गला काट प्रतियोगिता चल रही है। पढ़ें -लिखे ,ऊंची डिग्रीधारी  नौजवान मारे -मारे फिर रहे हैं ।यही कारण है कि शिक्षा और शिक्षक के प्रति आम लोगों में सम्मान भाव  का अभाव हो गया है। नई पीढ़ी उच्छृंखल होती जा रही हैं। उनकी यह उच्छृंखलता शिक्षण संस्थानों सहित समाज में हर जगह देखी जाने लगी है। बच्चों के माता-पिता और अभिभावक खुद और परिवार के भरण -पोषण हेतु अथोपार्जन में इतने व्यस्त हैं कि वे अपने बच्चों पर ध्यान ही नहीं दे पा रहे हैं। सच  ही है ,जिस आदमी को पेट की फि क्र करने से ही  फुर्सत न मिले , वह अपने बच्चों की तिलीभ की तरफ क्या खाक ध्यान देगा ?

# बिहार में नदियों पर बैराज बनाने के विरोध में उठते स्वर

कुमार कृष्णन

हम अपनी जीवनदायिनी नदियों का शोषण खतरनाक स्तर तक कर चुके हैं। हमारी नदियां अपना मूल रूप खो चुकी हैं और बुरी तरह से अस्त-व्यस्त दशा में हैं। सिंचाई और हाइड्रोपावर के लिए बांध बने हैं, पानी को मनचाही दिशा में ले जाने के लिए बैराज बनाए गए हैं। फरक्का बराज के दुष्परिणाम को हम सभी देख चुके हैं फिर भी सरकारें चेत नहीं रही है और लगातार नये नये बांध और बराज बनाने का काम चालू है। भारत में विश्वबैंक की मदद से बड़े बांधों, बराजों द्वारा उपजाऊ धरती, जंगल सहित जैव विविधता से भरी प्रकृति और नदी से जुड़ी संस्कृति को स्वाहा कर विकास का यज्ञ चलाया जा रहा है।


गंगा मुक्ति आंदोलन के प्रमुख अनिल प्रकाश ने बिहार की नदियों पर बराजों के निर्माण पर आपत्ति जतायी है और कहा है कि ॡबिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सात नदियों पर बराज बनाने की हड़बडी करने से पहले गंगा पर बने फरक्का बराज से उत्पन्न विनाशकारी बाढ़, कटाव, जल जमाव, भूमि के उसर होने, मछलियों के अकाल आदि भीषण स्थितियों का वैज्ञानिक आंकलन अवश्य करा लेना चाहिए। ॡसरकार के बिहार की नदियों पर बराज बनाने के फैसले के विरोध में व्यापक आंदोलन की तैयारी आरंभ हो गयी है। इस फैसले के विरोध में बिहार, बंगाल और उत्तरप्रदेश में प्रथम चरण में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। इसके उपरांत साथी संगठनों की बैठक कर आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी। अब तो मुजफ्फरपुर यानी तिरहुत में नारा गूंजने लगा हैॿ बागमती की धारा पर तटबंध बनाने आये हो, विश्वबैंक से कर्जा उठाकर हमें डुबाने आये हो। ह्य दरअसल नेपाल में होने वाली बारिश से बिहार में होने वाली तबाही को रोकने के लिए बिहार सरकार ने चार बराज बनाने का निर्णय लिया है। बिहार के जल संसाधन विभाग के मंत्री विजय चौधरी के अनुसार नेपाल में हाई डैम बनाने का प्रस्ताव कई सालों से है, लेकिन वहां फिलहाल हाई डैम बनने की उम्मीद नहीं दिख रही है। नेपाल में हाई डैम का मामला इसलिए अटका पड़ा है कि वहां कोई भी जल संधि तभी लागू की जाएगी जब तक कि वहां की संसद इसे दो तिहाई बहुमत से पारित न कर दे। नेपाल की संसद के इस पेंच के कारण बिहार सरकार को बराज बनाने का फैसला लेना पड़ा। इस फैसले के तहत नेपाल से आने वाली चार नदियों में चार जगह पर बराज बनाए जाएंगे। यह बराज कोसी नदी पर डगमारा में, गंडक नदी पर अरेराज में, महानंदा नदी पर मसान में और बागमती नदी पर डिंग में बनाए जाएंगे। डीपीआर तैयार किया जा रहा है। बाढ़ नियंत्रण को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ी राशि दी है और लोग सोच रहे हैं कि नेपाल से आने वाले बाढ़ के पानी से जो नुकसान होता है उसे रोकने के लिए इन चार जगह पर बड़े बराज बनाये जा रहे हैं, जिससे कि बाढ़ के पानी को नियंत्रित किया जा सकता है। इसके लिए विश्व बैंक से 4400 करोड़ रुपये की सहायता ली जा रही है। यह डीपीआर मार्च 2025 तक पूरा हो जाएगा।

नेपाल सरकार से भारत सरकार की कई बार हाई डैम बनाने को लेकर बातचीत हुई है। वर्ष 2004 में वहां संयुक्त रूप से विराटनगर में कार्यालय भी खोले गए हैं, लेकिन जहां भी सर्वे होता है लोग हंगामा करने लगते हैं। यही कारण है कि नेपाल में हाई डैम बनाना मुश्किल हो रहा है। इस स्थिति में बिहार सरकार ने अब बिहार में ही नेपाल से आने वाली चार नदियों पर बराज बनाने का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार ने हाल ही में बिहार के लिए प्रत्येक वर्ष आने वाली बाढ़ से संबंधित आपदाओं से निपटने के लिए 11, 500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल में भारत ने नेपाल में कोसी, बागमती और कमला नदी पर उच्च-स्तरीय बांध बनाने और संबंधित डीपीआर तैयार करने के लिए 2004 में विराटनगर (नेपाल) में एक संयुक्त परियोजना कार्यालय स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की थी। इस मामले का एक दूसरा पहलू भी है, विशेषज्ञों का मानना है कि बिहार की बाढ़ को लेकर एक वैज्ञानिक ढंग से व्यापक अध्ययन की आवश्यकता है उसके बाद नदी जोड़ योजना का काम हो या फिर बराज बनाने का काम हो। विकास योजनाएं बनाते समय उसके सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय दुष्परिणामों को नजरअंदाज करने का क्या नतीजा हो सकता है, इसे समझने के लिए फरक्का बैराज को एक मॉडल के रूप में देखा जाना चाहिए। फरक्का बैराज 1975 में बनकर तैयार हुआ। मकसद था कि इसके जरिए 40 हजार क्यूसेक पानी का रुख बदल दिया जाये, ताकि कोलकोता बंदरगाह बाढ़ से बच सके। यह अनुमान करते समय नदी में आने वाले तलछट का अनुमान नहीं किया गया। परिणामस्वरूप, आवश्यकतानुसार पानी का रुख नहीं बदला जा सका। दुष्परिणाम आज सामने है। बैराज का जलाशय तलछट से ऊपर तक भरा है।

# बच्चों के अस्तित्व पर स्वच्छ भारत मिशन का प्रभाव

**यह मिशन अगले महीने गांधी जयंती पर अपनी 10वीं वर्षगांठ मनाएगा। एसबीएम के एक दशक की अवधि में हमें अभूतपूर्व लाभ हुए हैं- स्वच्छ पर्यावरण, महिलाओं की गरिमा एवं सुरक्षा, जीवनयापन में आसानी, घरेलू बचत और हमारी परंपरा के अनुरूप स्वच्छता की संस्कृति से हम समृद्ध हुए हैं। अब हम सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और जीवन बचाने में एसबीएम की एक मजबूत छाप भी देख रहे हैं। इस नेक मिशन की सफलता वास्तव में हर भारतीय के लिए गर्व की बात है।**



**डॉ. विनोद के. पॉल**
**लेखकः नीति आयोग के सदस्य**

स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा एक बुनियादी उपाय है। स्वच्छता से डायरिया, हैजा, टाइफाइड, हेपेटाइटिस, कृमि संक्रमण एवं मलाशय संबंधी रोग जैसी जल-जनित बीमारियों के साथ-साथ कुपोषण का खतरा कम हो जाता है। वर्ष 2012 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया था कि स्वच्छता में निवेश किए गए प्रत्येक अमेरिकी डॉलर के एवज में स्वास्थ्य संबंधी लागत में कमी, अधिक उत्पादकता और असामयिक मौतों में कमी के रूप में 5.5 अमेरिकी डॉलर के बराबर का लाभ मिलता है।

भारत में स्वच्छता का इतिहास बहुत पुराना है और इसकी शुरूआत उस सिंधु घाटी सभ्यता से होती है, जहां शौचालय निर्माण एवं अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग किया जाता था। हमारे शास्त्रों में कहा गया है, स्वच्छे देहे स्वच्छचित्तं, स्वच्छचित्ते स्वच्छज्ञानम् यानी स्वच्छ शरीर में शुद्ध मन का निवास होता है और शुद्ध मन में सच्चे ज्ञान का निवास होता है।

इस समृद्ध विरासत के बावजूद, व्यापक स्वच्छता की दिशा में भारत की यात्रा चुनौतियों से भरी रही है। वर्ष 1981 की जनगणना के समय तक, मात्र एक प्रतिशत ग्रामीण घरों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध थी। इस हकीकत ने भारत सरकार द्वारा विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों- केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम, संपूर्ण स्वच्छता अभियान और निर्मल भारत अभियान- के शुभारंभ का मार्ग प्रशस्त किया। इन सभी कार्यक्रमों की सहायता से ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता कवरेज 39 प्रतिशत तक पहुंच गया।

दुनिया भर में होने वाले खुले में शौच का लगभग 60 प्रतिशत बोझ भारत पर था। यहां 50 करोड़ से अधिक लोग खुले में शौच करते थे। हमारी महिलाओं के सामने अंधेरे में अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने और अपनी गरिमा एवं सुरक्षा बनाए रखने की दुविधा थी। इसी पृष्ठभूमि में, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पांच वर्षों में ग्रामीण भारत को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाने के लक्ष्य के साथ 2014 में स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की शुरूआत की थी। भारत ने 2 अक्टूबर 2019 को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर यह उपलब्धि हासिल कर ली। उन पांच महत्वपूर्ण वर्षों के दौरान, ग्रामीण स्वच्छता कवरेज बढ़कर शत-प्रतिशत हो गया।

इस मिशन के तहत, 2014 से 1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के सार्वजनिक निवेश के साथ 11.7 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। यह महज परिसंपत्ति निर्माण की एक कवायद भर नहीं थी, बल्कि यह एक ऐसा राष्ट्रव्यापी आंदोलन था जिसने व्यवहार में परिवर्तन से संबंधित एक ठोस क्रांति के साथ बुनियादी ढांचे के विकास को मिलाकर एक अरब से अधिक लोगों को प्रेरित किया। इसकी पहचान एक जन आंदोलन के तौर पर थी और यह शायद व्यवहार में परिवर्तन से संबंधित दुनिया की सबसे बड़ी कवायद थी। बच्चों, महिलाओं, पुरुषों, समुदाय के नेताओं, नागरिक समाज और सरकारी मशीनरी ने एकजुट होकर काम किया। स्वच्छता से जुड़े संदेश हर माध्यम से लोगों तक पहुंचे। मशहूर हस्तियों ने इस सामूहिक सुर में सुर मिलाया। ग्राम-स्तर के स्वयंसेवक (स्वच्छाग्रही) जमीनी स्तर पर परिवर्तन के चैंपियन बन गए। प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों, बैठकों, मन-की-बात में किए जाने वाले वातार्लापों और स्थानों एवं परिसरों की सफाई के आदर्श कार्यों के माध्यम से देश का नेतृत्व किया और लोगों को प्रेरित किया।

एसबीएम चरण-क की सफलता के बाद, चरण-॥ की शुरूआत की गई। इस चरण का उद्देश्य ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, परिदृश्य स्वच्छता और समग्र ग्रामीण स्वच्छता के व्यापक पहलुओं का समाधान करते हुए ओडीएफ संबंधी उपलब्धियों को बनाए रखना है। वर्ष 2024-25 तक, सभी गांवों को स्थायी तौर-तरीकों और बेहतर स्वच्छता की विशेषता से लैस ओडीएफ प्लस मॉडल में बदलने का लक्ष्य है। इस मिशन का अगला लक्ष्य संपूर्ण स्वच्छता है- जिसके लिए देश के प्रत्येक नागरिक, समुदाय और संस्थान की ओर से निरंतर समर्पण की आवश्यकता होगी।

शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका नेचर में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन सार्वजनिक स्वास्थ्य पर एसबीएम के व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है, खासकर शिशु मृत्यु दर को कम करने के मामले में। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण और शिशु मृत्यु दर शीर्षक वाले इस अध्ययन में शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर (यू5एमआर) के रुझानों से संबंधित 10 वर्षों की अवधि (2011-20) में 35 भारतीय राज्यों और 640 जिलों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। लेखकों ने शौचालय की बढ़ती सुलभता और बाल मृत्यु दर में गिरावट के बीच एक मजबूत संबंध का दस्तावेजीकरण किया है। इस अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि एसबीएम के बाद जिला स्तर पर शौचालयों की सुलभता में प्रत्येक 10 प्रतिशत अंक की वृद्धि से जिला स्तर पर आईएमआर में 0.9 अंक और यूएमआर में औसतन 1.1 अंक की कमी आई है। एक सीमा प्रभाव का भी सबूत है, जिसमें जिला स्तर पर 30 प्रतिशत (और उससे अधिक) का शौचालय कवरेज आईएमआर में 5.3 अंक और प्रति हजार जीवित जन्मों पर यू5एमआर में 6.8 अंक की कमी के समतुल्य है। लेखकों का अनुमान है कि एसबीएम के कारण बड़े पैमाने पर शौचालय की सुलभता ने सालाना 60,000- 70,000 शिशु मृत्यु को रोकने में योगदान दिया है।

हालांकि, यहां इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि यह मात्र प्रभाव संबंधी अध्ययन भर नहीं है, जो एसबीएम की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डालता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (2018) के अनुसार, 2014 और 2019 के बीच डायरिया से होने वाली 3,00,000 से अधिक मौतों को रोकने में एसबीएम की अहम भूमिका रही है। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (2017) ने बताया कि गैर-ओडीएफ गांवों की तुलना में ओडीएफ वाले इलाकों के बच्चों में वेस्टिंग के मामले 37 प्रतिशत कम थे, जो इस बात की पुष्टि करती है कि स्वच्छता कैसे बचपन के पोषण पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। ओडीएफ गांवों के बच्चों में डायरिया के मामले लगभग एक तिहाई कम थे। वर्ष 2017 में एक अध्ययन में, यूनिसेफ ने अनुमान लगाया कि 93 प्रतिशत महिलाएं घर में शौचालय उपलब्ध होने के बाद सुरक्षित महसूस करती हैं, जो महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा को बढ़ाने में एसबीएम की भूमिका को दशार्ता है। इसके अतिरिक्त, इस अध्ययन में किए गए आर्थिक विश्लेषण से पता चला कि ओडीएफ गांवों में प्रत्येक परिवार ने स्वास्थ्य संबंधी देखभाल की अपेक्षाकृत कम लागत और बचाए गए जीवन के आर्थिक मूल्य एवं समय की बचत की दृष्टि से सालाना लगभग 50,000 रुपये की बचत की।

स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बीच के संबंध को देखते हुए, एसबीएम से हासिल हुए सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी लाभ अपरिहार्य हैं। हाल के अध्ययन से हमें जो जानकारी मिली है, वह शौचालय की सुलभता के कारण बच्चों के जीवित रहने की संभावनाओं में सुधार का एक ठोस परिमाण है। राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता से संबंधित बदलाव निश्चित रूप से वयस्कों में जल-जनित संक्रमण को कम करने के साथ-साथ संभवतः रोगाणुरोधी प्रतिरोध के बोझ को भी कम करने में प्रभाव डालेगा। इसका बचपन में स्टंटिंग एवं विकास पर भी निरंतर प्रभाव माना जाता है। आईसीएमआर और शिक्षा जगत को एसबीएम के इन आयामों पर वस्तुनिष्ठ अध्ययन करना चाहिए।

स्वच्छ भारत मिशन इस बात का एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि समर्पण, सहयोग, योजना, शानदार कार्यान्वयन और निरंतर जन आंदोलन के जरिए क्या कुछ हासिल किया जा सकता है। एसबीएम के 4पी वाले मंत्र- राजनीतिक इच्छाशक्ति, सार्वजनिक वित्त, साझेदारी और जनभागीदारी- के साथ-साथ अनुनय, इस कार्यक्रम की सफलता एवं प्रसार में सहायक रहे हैं। यह रणनीतिक पैकेज देश में और विदेश में अन्य सामाजिक परिवर्तन मिशनों के लिए एक मॉडल है।

अब जबकि हम विकसित भारत @2047 की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, हमें स्वच्छता और साफ-सफाई के मामले में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश के रूप में उभरने की जरूरत है। व्यवहार में बदलाव को बनाए रखने, निर्मित शौचालयों का निरंतर उपयोग सुनिश्चित करने और अपशिष्ट प्रबंधन के उन्नत उपायों को समन्वित करने की प्रतिबद्धता अटल रहनी चाहिए। स्वच्छता एक ऐसा साझा मूल्य बनना चाहिए, जिसके स्वामित्व और पालन की जिम्मेदारी हम सभी को उठानी चाहिए।

# विदेशी धरती पर भारत की गरिमा को धूमिल करते राहुल गांधी

**बेशक यह उनके द्वारा अपने ऊपर चढ़े हुए एहसानों को उतारने की एक प्रक्रिया भर ही है। लेकिन फिर भी उनकी जुबान से निकले हुए सत्य को नकारा नहीं जा सकता। यह सत्य ही है कि जो राहुल गांधी इस वक्त विदेशी दौरे पर हैं वह पप्पू तो नहीं हैं। क्योंकि पप्पू भारतीय समाज में उस सरल सहज और बाल सुलभ बुद्धि के बच्चे को कहा जाता है, जो पानी से पप्पा और रोटी से अट्टा ही कह पाता है। लेकिन राहुल गांधी तो ऐसे नहीं हैं!**





**डॉ. राघवेन्द्रा शर्मा**
**लेखकः मध्यप्रदेश भाजपा कार्यालय मंत्री**

ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष और राहुल गांधी के नजदीकी सहयोगी सैम पित्रोदा ने दावा किया है कि राहुल गांधी पप्पू नहीं है। उल्लेखनीय है कि सैम पित्रोदा अमेरिका के टेक्सास शहर में भारतीय मूल के छात्रों के समक्ष राहुल गांधी का परिचय प्रस्तुत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी उच्च शिक्षित, पढ़े लिखे और किसी भी विषय पर गहन सोच रखने वाले रणनीतिकार हैं। राहुल गांधी उच्च शिक्षित, पढ़े-लिखे और रणनीतिकार हैं, इस विषय पर भी बात कर लेंगे। फिलहाल शुरूआत इस सवाल से करते हैं कि राहुल गांधी पप्पू हैं अथवा नहीं। बेशक इस मुद्दे पर सैम पित्रोदा के साथ हमारी वैचारिक सहमति है कि जिस राहुल गांधी का परिचय सैम पित्रोदा टैक्सास के छात्रों से करा रहे थे, वह पप्पू कतई नहीं हैं। सहमति यह कि जो राहुल गांधी अमेरिका के टेक्सास में छात्रों से रूबरू कराए जा रहे थे वे पप्पू तो बिल्कुल नहीं है और उन्हें पप्पू कहा जाना भी नहीं चाहिए। क्योंकि जो उन्हें पप्पू कहता है, दरअसल वह राहुल गांधी की अनेक खूबियों के साथ एक पक्षीय अन्याय कर बैठता है।

मसलन राहुल गांधी पप्पू हैं ही नहीं, बल्कि वे राजनीति के एक ऐसे मंझे हुए खिलाड़ी हैं, जो समयानुकूल रणनीति को अपनाते हुए सिर्फ इस बात को ध्यान में रखते हैं कि येन केन प्रकारेण आम आदमी के बीच अपना सियासी उल्लू सीधा होना चाहिए। फिर भले ही ऐसा करने से भारत की छवि वैश्विक स्तर पर धूमिल ही क्यों ना करनी पड़ जाए। जैसा कि अक्सर होता रहता है, राहुल गांधी जब कभी भी विदेश यात्रा पर जाते हैं तब भारतीय गरिमा और उसके दैदीप्यमान आभामंडल को धूल-धुसरित करना नहीं भूलते। इस बार भी राहुल गांधी जब चार दिवसीय अमेरिकी यात्रा पर गए तो हमेशा की तरह इस बार भी अपने कर्तव्यों की इति श्री करना नहीं भूले। विदेशी धरती पर उन्होंने बड़ी बेबाकी के साथ कहा कि भारत में रोजगार की समस्या है। जबकि चीन में निश्चित रूप से रोजगार की समस्या नहीं है। इसके अलावा वर्जीनिया के हर्नडान में कह बैठे कि भारत में सिखों की धार्मिक स्वतंत्रता पर सवालिया निशान हैं। इस बात को लेकर लड़ाई है कि सिखों को पगड़ी, कड़ा आदि पहनने और गुरुद्वारा जाने की इजाजत दी जाएगी या नहीं? साथ में यह भी कह दिया कि यह समस्या भारत में केवल सिखों के लिए ही नहीं, सभी धर्मों के लिए मुंह बाए खड़ी हुई है।

बड़ा आश्चर्य होता है राहुल गांधी के इस बयान को सुनकर कि भारत में सिखों को उनकी धार्मिक अभिव्यक्तियों को व्यक्त करने पर भी सवालिया निशान अंकित हैं। यह बात भी वह राहुल गांधी कह रहे हैं जिनकी दादी की उन्हीं के अंगरक्षकों द्वारा हत्या कर दिए जाने पर कांग्रेस भारत भर के सिखों के खून की प्यासी हो गई थी। वह राहुल गांधी, जिनके पिता ने सिखों के सामूहिक नरसंहार पर यह कहा था कि जब कोई बड़ा बरगद का वृक्ष गिरता है तो धरती थोड़ी बहुत हिलती ही है। जबकि मुझे लिखते हुए बेहद संतोष होता है की तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हो अथवा भारतीय जनता पार्टी, हम सब उन बेहद प्रतिकूल हालातों के बीच भी सिखों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हुए थे, आज भी खड़े हुए हैं और आगे भी खड़े रहेंगे।

यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी ने भारत विरोधी मानसिकताओं को प्रोत्साहित करते हुए और भारत की नकारात्मक तस्वीर प्रस्तुत करने वाले बयान विदेशी मंचों पर दिये हों। एक बार तो वे भारत के आंतरिक मामलों में अमेरिका से दखल करने की गुजारिश भी कर चुके हैं। हद तो यह हो गई कि इस बार राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा पर ठीक उसी प्रकार के आरोप लगाए जैसे अनेक भारत विरोधी संगठन लंबे अरसे से इन दोनों राष्ट्रभक्त संगठनों के बारे में गाल बजाते रहे हैं। जैसे - राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस महिलाओं को घर पर और एक खास भूमिका तक सीमित रखना चाहती है। स्पष्ट करना उचित रहेगा कि इस तरह के शातिराना बयान देने वाले व्यक्ति को पप्पू तो कतई नहीं माना जा सकता। राहुल गांधी का यह गुण तो ऐसी उच्च कोटि का है जिसे ध्यान में रखते हुए उन्हें घर का भेदी ही कहा जा सकता है। वह घर का भेदी जो विदेश की धरती पर अपने ही देश के बारे में नकारात्मक बातें करता हो और चीन जैसे शत्रु देश की तारीफ करने का एक भी अवसर हाथ से जाने देना नहीं चाहता हो। निसंकोच लिखा जा सकता है कि वैश्विक स्तर पर जितने भी देश के नेता विदेश यात्राओं पर जाते हैं, तब वह अपने घरेलू मामलों को बाहरी नेताओं अथवा मीडिया के सामने नहीं रखते। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केवल उन्हीं मसलों को रखा जाता है, जिन्हें उठाने पर या तो हमारे देश को नुकसान पहुंचाने वाली शक्तियां आहत होती हों अथवा जिन मसलों को उठाए जाने पर हमारे देश को किसी भी प्रकार का लाभ अर्जित होता हो। यहां इस बात का उल्लेख करना उचित रहेगा कि भारत में लंबे समय तक कांग्रेस का ही शासन बना रहा। जाहिर है आज जिसे भाजपा कहा जाता है, कल वह भारतीय जनसंघ हुआ करती थी। तब और अब, जब कभी भी उक्त दल के नेता पक्ष अथवा विपक्ष में रहते हुए विदेश यात्राओं पर गए, तब तब उन्होंने भारत के अंदरूनी मामलों का अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जिक्र तक नहीं किया।

तब भी जबकि 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने संविधान की हत्या करते हुए देश पर जबरन आपातकाल थोप दिया था और विरोधी दल के नेता चुन चुन कर जेलों में ठूंसे जा रहे थे। लेकिन वाह रे राहुल गांधीजी, यह जब कभी भी विदेश जाते हैं तो संभवत लिखकर ले जाते हैं कि इस बार भारतीय अस्मिता और उसकी गरिमा को किस प्रकार तार तार करना उचित रहेगा। अब यदि ऐसे व्यक्ति को यदि कोई पप्पू कहता है तो फिर सैम पित्रोदा का असहज होना स्वाभाविक है। उन सैम पित्रोदा का, जो कालांतर में भारतीय नागरिकों को केंद्र में रखकर नस्लीय टिप्पणी करने के कारण ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटाए जा चुके हैं।

# आखिर कब रुकेगा खूबसूरत मणिपुर में भड़कती हिंसा का दौर

मनोज कुमार अग्रवाल

मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा है। पूर्वोत्तर में स्थित इस प्राकृतिक सौंदर्य सम्पन्न राज्य में लूट, हत्या और अशांति की स्थिति बनी हुई है। मणिपुर में एक बार फिर हालात बिगड़ गए हैं। हिंसा कई जिलों में देखने को मिली है, सबसे ज्यादा तनाव की स्थिति इम्फाल में चल रही है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए पूर्वी और पश्चिमी इम्फाल के कई इलाकों में तत्काल प्रभाव से कर्फ्यू लगा दिया गया है।

मणिपुर में 1 सितंबर से अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है, कई जगहों पर आगजनी हुई है, पहली बार आतंकी शरारती तत्वों ने हमले के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर सबको चौंका दिया है। पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा है। आंसू गैस के गोले तक दागे गए हैं। उस स्थिति की वजह से ही छात्रों ने भी सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया है, कई इलाकों में बड़ी संख्या में हुजूम सड़कों पर दिखा है। उस भीड़ का पुलिस से भी आमना-सामना हुआ जिसमें कई लोग घायल हुए। आंदोलनकारियों ने राज्यपाल के घर तक को घेरने की कोशिश की, रात के समय टॉर्च मार्च निकाल कर भी विरोध प्रदर्शन हुआ।

मणिपुर में 3 मई 2023 से हिंसा का दौर शुरू हुआ था। लेकिन 16 महीने बाद भी राज्य में शांति बहाल नहीं हुई है। ताजा मामला जिरीबाम जिले का है, जहां शनिवार को हुई ताजा हिंसा में 5 लोगों की मौत हो गई। मणिपुर में हालात की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वहां हिंसा में शामिल दोनों समुदायों के पास अब ऐसे हथियार हैं जिनका इस्तेमाल आमतौर पर युद्ध में किया जाता है। सेना इस कदर मजबूर है कि उन्हें एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात करने पड़े हैं। पहाड़ों और घाटियों में लोगों ने बंकर बना रखे हैं। ऐसे में सवाल ये उठता है कि आखिर 16 महीने बाद भी इस राज्य में हिंसा क्यों नहीं थम रही।

पिछले साल 3 मई को मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आयोजित ह्यआदिवासी एकजुटता मार्चॡ के बाद भड़की जातीय हिंसा के बाद से मणिपुर में अब तक 200 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। मणिपुर की आबादी में मैतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी, जिनमें नागा और कुकी शामिल हैं, 40 प्रतिशत हैं और मुख्य रूप से पहाड़ी जिलों में रहते हैं। इस हिंसा के चलते हजारों की संख्या में लोग राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं।

वैसे तो मणिपुर में पिछले साल मई से ही हालात तनावपूर्ण हैं लेकिन पिछले कुछ महीनों से स्थिति थोड़ी नियंत्रण में थी। अब पुनः हवाई बमबारी, आरपीजी और अत्याधुनिक हथियारों के लिए ड्रोन के इस्तेमाल के बाद हालात और खराब हो गए हैं। ताजा हमले के बाद तलाशी में पुलिस को 7.62 मिमी स्नाइपर राइफल, पिस्तौल, इम्प्रोवाइज्ड लॉन्ग रेंज मोर्टार (पोम्पी), इम्प्रोवाइज्ड शॉर्ट रेंज मोर्टार, ग्रेनेड, हैंड ग्रेनेड समेत तमाम आधुनिक हथियार मिले।

वही, मणिपुर अखंडता पर समन्वय समिति ने एक कड़ा अल्टीमेटम जारी किया है, जिसमें मणिपुर में चल रहे संकट को हल करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों से तत्काल और निर्णायक कार्रवाई की मांग की गई है।

समिति ने स्थिति से निपटने के लिए बलों को पांच दिन की समय सीमा तय की है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि कार्रवाई न करने पर लोगों को अपनी आबादी की सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाने पड़ेंगे। समिति ने स्थिति से निपटने के लिए केंद्रीय बलों के तरीके, खासकर कुकी उग्रवादी समूहों से निपटने के उनके तरीके पर गहरा असंतोष व्यक्त किया है। अपने अल्टीमेटम में, समिति ने या तो इन उग्रवादी समूहों पर कड़ी कार्रवाई करने या मणिपुर से केंद्रीय बलों को वापस बुलाने का आह्वान किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तर प्रदेश : मैनपुरी में भारी बारिश से मकान गिरने की दो घटनाओं में पांच लोगों की मौत

मैनपुरी । उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में गुरुवार को भारी बारिश के कारण दो अलग-अलग जगहों पर मकान गिरने से कुल पांच लोगों की मौत हो गई। ये हादसे मैनपुरी के कुरावली और भोगांव में हुए। कुरावली तहसील में दीवार गिरने से एक महिला और एक युवक की मौत हो गई। भोगांव तहसील में दो मासूम बच्चों और एक युवक की दबकर मौत हो गई। पांचों शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एडीएम राम जी मिश्रा ने बताया, ह्लजनपद से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, तहसील कुरावली में एक सूचना प्राप्त हुई, जहां दो लोगों की मृत्यु हुई। इनमें एक महिला और एक युवक शामिल है। इसी तरह तहसील भोगांव में तीन लोगों की मौत हुई, जिनमें दो बच्चे और एक युवक शामिल है। हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को पांच लाख रुपये की धनराशि दी जाएगी। स्थानीय निवासी सुनील कुमार ने बताया, ह्लमुझे सुबह पौने छह बजे इस घटना के बारे में जानकारी मिली थी।

### अदालत ने घटिया नमकीन के उपभोग को लेकर सरकार से किया जवाब तलब

प्रयागराज, मानव उपभोग के लिए घटिया स्तर की नमकीन की बिक्री के मुद्दे पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रदेश के प्रमुख सचिव (खाद्य एवं नगर आपूर्ति) को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने प्रमुख सचिव से यह बताने को कहा है की इस व्यवस्था पर रोकथाम के लिए क्या कदम उठाए गए हैं इस मुद्दे की गंभीरता पर विचार करते हुए न्यायमूर्ति वी. के. बिरला और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह की पीठ ने पांच सितंबर को दिए अपने आदेश में कहा, ह्लह्लपशु चारा के नाम पर नीलाम की गई घटिया नमकीन खरीदी जा रही है और उसे कुछ अन्य नमकीनों के साथ मिलकर फिर से पैकेजिंग कर खुले बाजार में मानव उपभोग के लिए बेची जा रही है अदालत ने कहा कि इसका आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर परिणाम हो सकता है पीठ ने कहा इस मुद्दे की गंभीरता पर विचार करते हुए यह अदालत मौजूदा जनहित याचिका का दायरा बढ़ा रही है ।

# वैंकटेश्वरा के एम.बी.बी.एस. एवं नर्सिंग के 349 मेधावियों को टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन

## सक्षम युवा शक्ति ही विकसित राष्ट्र के साथ भारत को फिर से बनायेगी विश्वगुरुः डा. हरि सिंह ढिल्लो

- प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजना से प्रदेश का हर युवा हुआ डिजिटली सशक्तः राजेश कुमार
- डिजीटल इण्डिया के सपने को साकार करने में यू.पी. पूरे देश में शीर्ष परः डॉ. सुधीर गिरि




प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान में उत्तर प्रदेश सरकार की युवाओ को स्वाबलम्बी एवं डिजीटली सशक्त बनाने वाली सबसे महत्वपूर्ण योजना ह्लस्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजनाह्व के तहत वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के 349 से अधिक छात्र-छात्राओ के लिए ह्लटैबलेट वितरण समारोहह्व का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान प्रबंधन एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्र-छात्राओ को टैबलेट देते हुए इस योजना को भारत के युवाओ के लिए सबसे महत्वपूर्ण एवं कल्याणकारी बताते हुए इसे ह्लडिजीटल क्रान्तिह्व के क्षेत्र में मील का पत्थर करार दिया। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में ह्लडिजी शक्तिह्व योजना के तहत ह्लटैबलेट वितरण समारोहह्व का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. हरि सिंह ढिल्लो, कार्यक्रम अध्यक्ष आई.ए.एस. श्री राजेश कुमार त्यागी, संस्थान अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डॉ.) कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया श्री.वेंकटेश्वरा समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि सरकार की डिजीटल इण्डिया-स्किल इण्डिया, क्लीन इण्डिया जैसी योजनाओ से देश आज दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर है, उन्होने आगे कहा कि संचार क्रान्ति के दौर में युवाओ को राष्ट्र विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की यह शानदार पहल है। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा पिछले एक दशक में केन्द्र सरकार एवं प्रदेश में योगी सरकार ने डिजीटल क्रान्ति लाकर भारत को दुनिया में वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित किया । आज भारतीय युवा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज करा रहे है। समारोह को कुलपति प्रो. (डॉ.) कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पाण्डेय, डॉ. राजेश सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर समूह के प्रधान सलाहकार डॉ. वी.पी.एस. अरोडा, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, आर. एस. शर्मा, डा. संजीव भट्ट, डा. एना ब्राउन, डा. मंजरी राणा, डा. एस. वाल्टर,डा. दिव्या गिरधर, रीना जोशी, अनुषा कर्णवाल, नीमा बिष्ट, पूजा एरी, डॉ. अश्विन सक्सेना, मारूफ चौधरी, अरूण गोस्वामी, एस.एस. बघेल, सी.एफ. ओ.विकास भाटिया,फैजान,अनिल, मुकेश, ध्रुव चौधरी एवं मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन रिंकी शर्मा ने किया।

# अमरोहा में निकला जुलूस-ए-अमारी...........

## अजाखानों से उतरे काले अलम, शिया समुदाय का सोग खत्म

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। नगर में हजरत इमाम हसन असकरी की शहादत के जिक्र के साथ जुलूसे अमारी निकाला गया।अजाखानों से काले अलम उतार दिए गए।जुलूस काजीजादा के इमामबाड़ा चांदसूरज से निकला। अजाखाने में सिब्ते सज्जाद और हमनवां ने *मालिके सलतन्ते कूफा जब मुख्तार हुए*,मरसिया ख्वानी की। मौलाना डॉ कौसर मुज्तबा ने फजाईल और मसाईब बयां किए। कहा कि हुकूमत ने इमाम हसन असकरी अलेहस्सलाम को जहर देकर शहीद कर दिया था। जुलूस में सबसे आगे ऊट चल रहे थे, जिसके ऊपर अमारीया थी। इसके बाद अलम, तख्त और दुलदुल चल रहा था। जुलूस काजी जादा, सद्दो, नख्शबी, नौगईयां, चाहगौरी, हैदरियान, मजापोता, कोट, दानिशमंदान, बगला होता हुआ शफातपोता पहुंचा।अशरफुल मसाजिद शफातपोता में नमाजे जौहरेन, पढ़ी गई। इसके बाद जुलूस मौ कटरा, गुजरी, मच्छरहट्टा, मंडी चौब, दरबारे कलां, अहमद नगर, कटकूई, काली पगड़ी, जाफरी, पचदरा होता हुआ काजी गली स्थित इमाम बाड़ा छज्जी पहुंचा। इस इमामबाड़े में एक मजलिस हुई। जिसमें मुदस्सिर अली खां और साथियों ने मरसिया पढ़ा। मौलाना डॉ शहवार हुसैन ने मजलिस को खिताब किया और फजाइल व मसाईब ब्यान किए।बाद मजलिस जुलूस नौबत खाना, सट्टी, हक्कानी, लकड़ा होता हुआ इमामबाड़ा सज्जादियां मे पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान इमाम बाड़ा सैयद चांद नौबतखाना और नगर के सभी इमामबाड़ो के काले अलम उतारे दिए गए। शहर की मातमी अंजुमन असगरी, बनी हाशिम, रजा-ए-हुसैनी, गुलजारे हैदरी, सज्जादिया, मोहम्मदी, हुसैनी, सादात, इमामिया, अकबरी, हाशमी रूट पर मातम और नौहा ख्वानी की। जुलूस का संचालन अंजुमने रजाकाराने हुसैनी रजिस्टर्ड ने किया। अंजुमन के काईद गुलाम सज्जाद, नायब काईद इमदाद आब्दी जनरल सेक्रेटरी खुरशीद हैदर जैदी, , डॉ चंदन नकवी, हुसैन हैदर, शाने मेहदी, अफजाल मुनाज़िर, मौ तकी खां, कमर रजा सलीम, जाफर रजा,शाने मुज्तबा मौ सलीम,हसन काजिम काशिफ, अख्तर अब्बास, नजीर हैदर, वसीम अब्बास ने जुलूस का संचालन किया। कल ईद जेहरा है। अब शिया समुदाय में खुशी के कार्यक्रम प्रारंभ होगें।

# स्योहारा पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल बरामद एवं दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता




स्योहारा।जनपद के पुलिस कप्तान अभिषेक सिंह के आदेश पर तथा पुलिस अधीक्षक पूर्वी व पुलिस क्षेत्राधिकारी के कुशल निर्देशन में पुलिस द्वारा अपराध की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिये अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में स्योहारा थाना में चोरी हुई मोटरसाइकिल के पंजिकृत हुए मुकदमे में पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए चोरी हुई मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर गुड वर्क किया। 9 सितंबर को नौशाद पुत्र इसहाक निवासी अलादीनपुर थाना स्योहारा ने अपनी मोटरसाइकिल सुजुकी जिक्सर नम्बर वढ-20-अफ-5466 की चोरी होने का एक प्रार्थना पत्र थाना स्योहारा में दिया था। जिस पर थाना स्योहारा में तत्काल मुकदमा पंजीकृत किया गया और थानाध्यक्ष धीरज सिंह नागर ने जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने के लिये एक टीम गठित कर विवेचनात्मक कार्रवाई उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह को सौपी और वह छानबीन में लग गये। उन्होंने इस केस का जल्द खुलासा करते हुए अभियुक्तों नाजिर पुत्र हकीमुद्दीन निवासी ताजपुर थाना नूरपुर व सादिक पुत्र वकील निवासी ताजपुर थाना नूरपुर को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की हुई मोटरसाइकिल भी बरामद की।अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरिक्षक वीरेंद्र सिंह,हेड कांस्टेबल भजनलाल हेड कांस्टेबल अनुज राणा तथा कांस्टेबल सतपाल सिंह रहे।

# पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष पति ने की प्रेसवार्ता, भाजपा सरकार पर लगाएं गम्भीर आरोप

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा/गजरौला। पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष पति/पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि वर्तमान की योगी-मोदी की सरकार मे देश व प्रदेश की जनता महगाई की मार झेल रही है।इस सरकार मे संविधान को खत्म करने एवं बेगुनाह लोगों को झूठे मुकदमे में फसाया जा रहा है। भाजपा सबका विकास, सबका साथ और सबके विश्वास का नारा देकर लोगों को गुमराह कर रही है। बृहस्पतिवार को धनौरा विधानसभा क्षेत्र के गजरौला मे स्थित समाज वादी पार्टी कार्यालय पर प्रेसवार्ता कर पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष पति, समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान की रक्षा के लिए कार्य कर रही है और भारतीय जनता पार्टी संविधान को खत्म करने व लोगो को झूठे मुकदमो में फसाने का कार्य कर रही है भाजपा नारा देकर सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास जनता को धोखा देकर वोट हासिल कर अपनों का साथ-अपनों का विकास की निति पर चल रही है जनता झूठे मुकदमो व महंगाई की मार से त्रस्त है उन्होंने कहा आजपा सरकार में सबसे ज्यादा रउ/रळ एक्ट के झूठे मुकदमे अमरोहा जनपद की धनौरा विधानसभा मे लिखे जा रहे है जिसका एक वर्तमान मे उधारणगजरौला के एक प्राथमिक विद्यालय में एक शिक्षिका द्वारा एक शिक्षामित्र पर रउ/रळ एक्ट का झूठा मुकदमा लगाया गया है जो कि बिल्कुल गलत है हम उसकी कड़ी निंदा करते है विद्यालय में शिक्षक बच्चो को शिक्षित करने का कार्य करे न कि राजनीतिकरण करे, इससे समाज व विद्यालयों में गलत सन्देश जा रहा है तथा उक्त सुझ्ञादमे व अन्य लोगो पर लगाये गये रउ/रळ एक्ट के झूठे मुकदमो की पुलिस द्वारा निष्पक्ष जाँच की जाये और यह झूठे मुकदमे खत्म किये जाये, वरना समाजवादी पार्टी धनौरा विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करने के लिए वाध्य होगी। श्री चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी गरीब/दलित/पिछड़े वर्ग के लोगो के साथ है उक्त रउ/रळ एक्ट की धारा जो गरीब/दलित / वंचित समाज के लोगो की रक्षा के लिए बनाई गयी है हमे उक्त धारा से कोई आपत्ति नहीं है जो व्यक्ति गलत करे उसके खिलाफ कानून के नियमानुसार कार्यवाही होनी चाहिये, मगर कुछ लोगो द्वारा उसका दुरूपयोग किया जा रहा है जो सहन नहीं किया जायेगा।

# शिक्षक बन सीएम योगी ने छात्रों को दी नसीहत; कहा-बार बार न दोहराएं गलतियां

लखनऊ, एजेसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अटल आवासीय विद्यालयों के द्वितीय शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ करने के लिए लखनऊ में मोहनलालगंज के सिठौली कला स्थिति विद्यालय पहुंचे। सीएम योगी ने यहां छात्रों के साथ अच्छा समय बिताया। सीएम योगी ने प्रतिभाशाली छात्रों के द्वारा बनाए गए इनोवेटिव मॉडल्स को देखा और उसकी सराहना की। सीएम ने क्लासरूम जाकर बच्चों से संवाद भी किया। सीएम योगी ने शिक्षक बनकर छात्रों को सफलता के मंत्र भी दिए और उन्होंने छात्रों के सवालों का भी जवाब दिया। सीएम योगी ने छात्रों के साथ ग्रुप फोटोशूट भी कराया। एक छात्र ने सीएम से पूछा कि हाल ही में हमने लखनऊ में स्वतंत्रता दिवस की परेड में हिस्सा लिया था, जहां हमें पुरस्कार भी मिला था। क्या हम दिल्ली की परेड में भी जा सकते हैं? इस सवाल के जवाब में सीएम योगी ने मुस्कुराते हुए कहा कि हां जरूर भेजा जाएगा। इसी तरह एक बच्चे ने पूछा कि जब आप स्कूल में पढ़ते थे तो क्या आपको भी गलती करने पर डांट पड़ती थी। इस पर सीएम ने शिक्षक की तरह छात्रों को नसीहत दी कि गलती अनजाने में हो जाए तो उसके लिए व्यक्ति दोषी नहीं होता है, उसमें सुधार की गुंजाइश होती है, लेकिन बार-बार गलती को दोहराना नहीं चाहिए। व्यक्ति कार्य करेगा तो गलती होगी, लेकिन यदि गलती बार-बार दोहराता है तो वह आदतन कर रहा है। स्वाभाविक रूप से हर बच्चे के जीवन में यह चीजें होती हैं। जब आप कुछ भी कार्य करिए, मेहनत करिए। अच्छी दिशा में कार्य करेंगे तो परिणाम अच्छे आएंगे। इस दौरान एक बच्ची ने अटल आवासीय विद्यालय में अच्छी व्यवस्था के लिए सीएम योगी का धन्यवाद देते हुए पूछा कि जब वो बच्चे थे तब क्या उन्हें भी इसी तरह की शिक्षा का अवसर मिला था। इस पर सीएम योगी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना है जो आप लोगों के लिए यह व्यवस्था बनाई गई है। वास्तव में यह जनता का ही पैसा है। गलत हाथों में पैसा जाता है तो वो इसका दुरुपयोग करते हैं। सही हाथों में पैसा जाता है तो ऐसे ही सदुपयोग होता है, जैसे आपके लिए इतना अच्छा विद्यालय बना है। अटल आवासीय विद्यालय अभी 16 बन चुके हैं और 2 बन रहे हैं। 57 अन्य जनपदों में भी हम बना रहे हैं। इससे हजारों बच्चों का कल्याण होने वाला है। अगर सही रास्ते पर चलोगे तो मंजिल मिलेगी, अगर गलत रास्ते पर चलोगे तो भटक जाओगे। यूपी सरकार ने अटल आवासीय विद्यालय के लिए भवन और भूमि उपलब्ध करवाने के साथ ही रजिस्टर्ड श्रमिकों के सेस के पैसे से यहां की हर दिन की गतिविधियों के संचालन के लिए एक कॉर्पस फंड बनाया है। इसके लिए आपको प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर धन्यवाद ज्ञापित कीजिए। कक्षा 6 की छात्रा छवि गौतम ने सीएम से पूछा कि बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय खोलने का विचार उनके मन में कब और कैसे आया? इस पर सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने इसके बारे में हमें कहा था कि जो बीओसी बोर्ड होता है, जहां पर रजिस्टर्ड श्रमिकों के सेस का पैसा इकट्ठा होता है उसका कमोवेश दुरुपयोग होता है। उन्होंने कहा था कि इसके बारे में कुछ सोचिए। मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करने के बाद हमारे मन में आया कि जो हमारा श्रमिक है वो निरंतर चलता रहता है। आज एक जिले में तो अगले दिन दूसरे जिले में कार्य करता है। वह अपने बच्चों को पढ़ा नहीं पाते हैं तो क्या हम उसके लिए व्यवस्था कर पाएंगे। दूसरा कोरोना कालखंड में जो बच्चे निराश्रित हुए थे, उन बच्चों के लिए कुछ व्यवस्था होनी चाहिए। इसी दिशा में पीएम मोदी की परिकल्पना को हमने अटल आवासीय विद्यालय के रूप में आपके सामने प्रस्तुत किया है। इसके लिए पीएम मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करना चाहिए और दूसरा श्रद्धेय अटल के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कीजिए, जिनके नाम पर कितने गरीब बच्चे यहां पर आकर अपना भविष्य बना रहे हैं। सवाल-जवाब के बाद सीएम योगी ने सभी बच्चों के साथ सेल्फी भी ली।

# सीएम योगी ने कहा-प्रतिभा जाति, मत और मजहब की बंधक नहीं होती, विपक्ष पर साधा निशाना

लखनऊ, एजेसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मोहनलालगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एक साथ प्रदेश के सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधा। सीएम ने कहा कि सामाजिक न्याय के नाम पर सामाजिक वैमनस्यता पैदा करके देश के दुश्मनों को प्रोत्साहित करने वाले गरीबी के दंश को क्या झेल पाएंगे? सीएम ने कहा कि जिन लोगों ने हमेशा शोषण किया, अराजकता फैलाई, कभी गरीबी नहीं देखी, उनसे उम्मीद करना कि वो बीओसी बोर्ड से जुड़े हुए रजिस्टर्ड श्रमिक या इन निराश्रित बच्चों जिन्होंने कोविड कालखंड में अपने माता-पिता या अभिभावक को खोया है, उनकी पीड़ा को समझ पाएंगे। उन लोगों के पास उसे समझने के लिए न समय है, न फुर्सत है, क्योंकि उनके अपने एजेंडे हैं। उनका एकमात्र एजेंडा राजनीतिक स्वार्थ के लिए लोगों को बांटना है। इसके अलावा उनको कुछ भी नहीं दिखाई देता। ये चाहते हैं कि एक गरीब कभी गरीबी, अभाव और अशिक्षा से मुक्त न होने पाए। अगर हो जाएगा तो इनके बंटवारे और सामाजिक वैमनस्यता की राजनीति पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। यही कारण है कि सरकारें पहले भी थीं, पैसा पहले भी था, लेकिन गरीबों के बच्चों के लिए शिक्षा का प्रबंध नहीं किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में जो लोग अराजकता पैदा करना चाहते हैं, अव्यवस्था पैदा करना चाहते हैं, माफियागीरी करना चाहते हैं उन्हें हिलाने के लिए अटल आवासीय विद्यालय एक मॉडल के रूप में स्थापित हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि अभी तो हमने 18 विद्यालय प्रारंभ किए हैं, जबकि दूसरे चरण में हम 57 जनपदों में कंपोजिट विद्यालय के रूप में भी ऐसे ही विद्यालय खोलने जा रहे हैं। वहीं, तीसरे चरण में इसे प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में लेकर जाएंगे, तो चौथे चरण में 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना होगी। उन्होंने कहा कि पांचवें चरण में इसे हम न्याय पंचायत स्तर पर लेकर जाएंगे। इसका मतलब है कि 2000 ऐसे विद्यालय प्रदेश के अंदर दिखाई देंगे जो बच्चों को उत्तम शिक्षा देने का माध्यम बनेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगले चरण में जो 57 विद्यालय बनेंगे उनमें पहली क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चे अध्ययन करेंगे। इनमें बाल वाटिका भी बनाई जाएगी। इससे पूर्व सीएम योगी ने कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश पाने वाले बच्चों को स्कूल बैग एवं पाठ्य पुस्तकें प्रदान की। वहीं सीएम ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 6 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट वितरित किया।


# कार्यालय नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला, रामपुर

पत्रांकः– 233/न०प०न०दूं/2024–25 दिनांकः–12.09.2024

## निविदा सूचना

समस्त फर्मों/ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला (रामपुर) मे राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य किये जाने हेतु निविदाएं दिनांक 13.09.2024 से दिनांक 03.10.2024 अपराहन 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 03.10.2024 को 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष फर्मों/ठेकेदारो की उपस्थिति में में खोली जायेंगी। निविदा को बिना कारण बताएँ स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है जिसे कहीं भी किसी भी दशा में चुनौती नहीं दी जा सकती है। कार्य की जमानत धनराशि नकद/एफ०डी०आर० के माध्यम से तथा निविदा मूल्य (जी०एस०टी० सम्मिलित करते हुए) नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला (रामपुर) के खाता सं० 13480100018055 बैंक ऑफ बड़ौदा मसवासी आई०एफ०एस०सी० कोड–BARBOMASWAS में नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला के पक्ष में जमा की जायेगी। अन्य शर्तों तथा निविदा से संबंधित अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी है। कार्यों का विवरण निम्नवत् हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रकाशन की तिथि | 13.09.2024 |
| 2 | निविदा जमा करने की प्रारम्भिक तिथि/समय | 13.09.2024 प्रातः 10.00 बजे से |
| 3 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 03.10.2024 अपरांहः 02.00 तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि व समय | 03.10.2024 अपरांहः 03.00 तक |

| क्र.स. | निर्माण कार्य का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वार्ड नं0 7 में नफीस प्रधान के मकान से तस्वीर अहमद के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स एवं आर०सी०सी० नाली निर्माण कार्य। | 2,51,000 | 25,100 | 296 | 3 माह |
| 2. | ट्यूबवेल नं0 4 की ट्रीटमेंट का कार्य | 2,66,444 | 26,644 | 314 | 3 माह |

शर्ते :–

1. उपरोक्त से सम्बन्धित जानाकारी किसी भी कार्यालय दिवस पर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि पर अवकाश होने पर निविदा अगले दिन आमंत्रित की जाएगी।
3. निविदा दाता का जी०एस०टी० व पैन नम्बर पंजीकरण होना अनिवार्य होगा तथा जी०एस०टी०/पैन न० की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. सम्बन्धित कार्यों को निर्धारित समय के अन्तर्गत पूर्ण न करने/विलम्ब करने पर ठेकेदार को शर्तों के अनुरुप अर्थदण्ड आरोपित किया जायगा।
5. निर्माण से सम्बन्धित सभी किसी भी प्रकार की कमी आने पर निर्माणकर्ता को अपने खर्चे पर आकर कमी ठीक करनी होगी।
6. निर्धारित मानको के अनुसार कार्य/आपूर्ति न कराये जाने अथवा अनुबन्ना की किसी भी शर्त का उल्लघंन करने पर बिल में से धनराशि की कटौति तथा जमानत धनराशि जब्त करने एवं अनुबन्ध निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला के पास निहित होगा।
7. किसी भी विवाद की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी नगर पंचायत नरपत्तनगर बूंदावाला का निर्णय अन्तिम होगा और सम्बन्धित फर्म को मान्य होगा। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र जनपद रामपुर होगा।
8. आपूर्ति का भुगतान समस्त जांच उपरान्त तथा शासन के समय वृद्धि पश्चात धन उपलब्धता के अनुसार ही किया जाएगा।
9. अपठनीयध्अस्पष्ट स्कैन ध्ओवर राइटिंग, कॉपी टेण्डर के साथ संलग्न होने पर निविदा निरस्त कर दी जाएगी।
10. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
11. ठेकेदार या संस्था नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला का वकायेदार व किसी भी विभाग से ब्लैक लिस्टिड नहीं होना चाहिए।
12. ठेकेदार/संस्था को शासन द्वारा समय–समय पर जारी किये शासनादेशो का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला
रामपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला
रामपुर

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024





# हॉउसफुल 5 का हिस्सा बन ठहाकों का डोज देने को तैयार जैकी श्रॉफ!

अक्षय कुमार ने बीते साल 2023 में हाउसफुल फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त हाउसफुल 5 की घोषणा कर फैंस को बड़ा तोहफा दिया था। इसके बाद से ही प्रशंसक हाउसफुल 5 के साथ हंसी की रोलरकोस्टर सवारी के लिए तैयार हैं। वे लगातार फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारियों का इंतजार कर रहे हैं। अक्षय कुमार और रितेश देशमुख जैसे पुराने कलाकार हाउसफुल 5 में कुछ नए ट्विस्ट के साथ वापस आ रहे हैं। साथ ही संजय दत्त, फरदीन खान, कृति खरबंदा, नोरा फतेही और पूजा हेगड़े जैसे नए सदस्य भी हैं। वहीं, अब इस फिल्म में एक और नए कलाकार के शामिल होने की खबर सामने आई है।

जैकी श्रॉफ हाउसफुल 5 में शामिल होने के लिए तैयार हैं। साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल फिल्म फ्रेंचाइजी अपनी पांचवीं किस्त के साथ वापस आ गई है, जो इस महीने के अंत में जल्द ही फ्लोर पर आ जाएगी। हाल ही में खबर आई कि बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ को आगामी कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 5 में मुख्य भूमिका में शामिल होने के लिए चुना गया है।

हाउसफुल बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय फ्रेंचाइजी में से एक है, जिसमें कई स्टार कलाकार हैं और यह पिछले दो दशकों से दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही है। जैकी श्रॉफ के फिल्म में शामिल होने की खबर के बाद से प्रशंसकों के बीच काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। हाउसफुल फिल्म सीरीज की हर किस्त ने हमें अलग-अलग और कई तरह के हंसी-मजाक वाले पल दिए, जिसने इसे बॉलीवुड में एक लोकप्रिय कॉमेडी फिल्म फ्रेंचाइजी बना दिया, इसलिए अब दर्शकों को हाउसफुल 5 से क्रेज और हंसी-ठहाकों के साथ रोमांच की उम्मीदें और अधिक हो गई हैं। हालांकि, हाउसफुल 5 स्टार-कास्ट के विशिष्ट किरदारों को अभी गुप्त रखा गया है, लेकिन एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जैकी श्रॉफ और संजय दत्त दोनों ही कॉमेडी ड्रामा के मुख्य किरदार होंगे। उनके किरदार कहानी में कॉमेडी और ड्रामा का मजा देंगे। अपनी कॉमिक टाइमिंग और आकर्षक स्क्रीन प्रेजेंस के साथ जैकी श्रॉफ और संजय दत्त से फिल्म में हाई-वोल्टेज एनर्जी लाने की उम्मीद है। हालांकि, इन खबरों पर प्रोडक्शन हाउस या निर्माताओं ने चुप्पी नहीं तोड़ी है। फिलहाल उनकी आधिकारिक घोषणा का इंतजार बाकी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, हाउसफुल फिल्म सीरीज की पांचवीं किस्त की शूटिंग सितंबर के अंत में लंदन में शुरू होने वाली है।



# अपनी उपलब्धियों से संतुष्ट हैं करीना कपूर

करीना कपूर खान हिंदी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री हैं। उन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर बेहतरीन और सफल फिल्में की हैं। बॉलीवुड में उनकी पहचान बड़ी अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्हें काफी सम्मान भी मिलता है। ऐसे में जहां बॉलीवुड के कई अभिनेता हॉलीवुड की फिल्मों में छोटी से छोटी भूमिका भी करने के लिए आतुर रहते हैं, वहां करीना को ऐसा करने की आवश्यकता महसूस नहीं होती। उन्होंने हाल में ही अपने विचार साझा करते हुए कहा कि उन्हें हॉलीवुड के किसी प्रोजेक्ट में काम करने की दिलचस्पी नहीं है। वह अपने वर्तमान के काम से संतुष्ट हैं। हाल में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने कहा कि वह अपने करियर और जीवन से सुंतुष्ट हैं। उन्होंने वो सब कुछ हासिल कर लिया है, जिसका उन्होंने लक्ष्य रखा था। अभिनेत्री ने कहा हॉलीवुड की फिल्मों में काम करने के सवाल पर कहा, मैंने वह सब कुछ हासिल कर लिया है, जो मैंने तय किया था और हॉलीवुड में जाने या अंग्रेजी भाषा की फिल्मों में अभिनय करने की मेरी कभी कोई ऐसी महत्वाकांक्षा नहीं रही थी। उन्होंने कहा कि उनकी महत्वाकांक्षाएं सार्थक काम करने और खुद के प्रति ईमानदार रहने में हैं। बात करें करीना के वर्क फ्रंट की, तो वह जल्द ही हंसल मेहता की द बकिंघम मर्डर्स में नजर आने वाली हैं। यह थ्रिलर 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। इस फिल्म का निर्माण शोभा कपूर, एकता आर कपूर और खुद करीना कपूर खान ने संयुक्त रूप से किया है। इसके अलावा वह रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की अगली किस्त सिंघम अगेन में भी नजर आने वाली हैं। ये फिल्म इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होने वाली है।

# जसलीन रॉयल ने गुरु रंधावा के खिलाफ दायर किया मुकदमा, कॉपीराइट उल्लंघन से जुड़ा है मामला





गुरु रंधावा पंजाबी मनोरंजन जगत का एक बड़ा नाम हैं। वह गायक, गीतकार और संगीतकार हैं, जिनके गाने अक्सर चार्टबस्टर साबित होते हैं। उन्हें लाहौर, पटोला, हाई रेटेड गबरू आदि गानों के लिए जाना जाता है। मशहूर गायक के लिए मुश्किलें पैदा होती नजर आ रही हैं। हाल में ही गायिका जसलीन रॉयल ने उनके खिलाफ कॉपीराइट से जुड़ा एक मुकदमा दायर किया है।

## रनवे 34 के प्रचार के दौरान बनाई थी रचनाएं

जसलीन ने अपने संगीत के कॉपीराइट को लेकर टी-सीरीज, गीतकार राज रणजोध और गायक गुरु रंधावा के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। एक बयान के अनुसार, गायिका द्वारा इन पर एल्बम जी थिंग के गीत ऑल राइट में उनके संगीत से जुड़ी रचनाओं के अनधिकृत उपयोग का आरोप लगाया गया है। बयान में कहा गया है कि जसलीन ने अजय देवगन अभिनीत रनवे 34 के प्रचार कार्यक्रमों के लिए साल 2022 में कुछ मूल संगीत रचनाए बनाई थीं। इन रचनाओं को गीतकार राज रणजोध के साथ ऑडियो-वीडियो कॉल और मैसेजों के जरिए साझा किया गया था। बाद में इन रचनाओं को गाने के स्क्रैच वर्जन में शामिल किया गया था।

## सहमति के बिना रचनाओं के इस्तेमाल का जसलीन ने किया दावा

इस गाने को लेकर गुरु रंधावा से बातचीत की गई थी। हालांकि, उनके द्वारा रिकॉर्ड किया गया गाना जसलीन को पसंद नहीं आया, जिसके कारण सभी इस गाने के लिए जुड़ नहीं पाए। जसलीन के पास इस संगीत के सभी अधिकार थे। साल 2023 में, जसलीन को एहसास हुआ कि टी-सीरीज द्वारा रिलीज किया गए गाने ऑल राइट में उनकी मूल रचनाओं का उपयोग किया गया है। इस गाने को गुरु रंधावा ने अपनी आवाज दी है। गायिका ने उनकी सहमति के बिना उनके मूल संगीत रचनाओं का उपयोग करने और उन्हें श्रेय न देने को लेकर मुकदमा दायर किया है। जारी किए गए बयान के अनुसार, मुकदमे में कॉपीराइट उल्लंघन और नैतिक अधिकारों के उल्लंघन का दावा किया गया है। जसलीन के वकीलों ने अदालत से एक अंतरिम आदेश प्राप्त किया है, जिसमें टी-सीरीज को सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म से गाना हटाना पड़ेगा। राज रंजोध और गुरु रंधावा को भी किसी भी तरह से गीत का उपयोग करने से प्रतिबंधित किया गया है।



# रेड डालने फिर से आ रहे अजय देवगन, इंतजार हुआ खत्म! 21 फरवरी 2025 को रिलीज होगी 'रेड 2'

अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रेड 2' की रिलीज तारीख सामने आ गई है। फिल्म की घोषणा होने के बाद से ही प्रशंसक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। बुधवार को निर्माताओं ने इसके रिलीज तारीख की घोषणा करते हुए उनकी उत्सुकता को दोगुना कर दिया है। यह फिल्म साल 2018 में आई 'रेड' का सीक्वल है, जिसमें अजय देवगन ने एक आईआरएस अधिकारी की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को पहले 15 नवंबर को रिलीज किया जाना था।

इस दिन 'रेड 2' होगी रिलीज बॉलीवुड स्टूडियो टी-सीरीज ने अपने सोशल मीडिया पर घोषणा करते हुए एक पोस्ट जारी किया। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, एक्शन तीव्रता और रहस्य को वापस लेकर आ रहे हैं। 'रेड 2' 21 फरवरी 2025 को रिलीज होगी!'

अजय देवगन की आगामी फिल्म 'रेड 2' आयकर विभाग के गुमनाम नायकों की कहानी बताएगी। उनकी किताबों से सच्ची घटनाएं सामने लाएगी। अजय देवगन के अलावा इस फिल्म में वाणी कपूर और रजत कपूर महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। अभिनेता रितेश देशमुख 'रेड 2' में खलनायक की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता ने किया है। इसके पहले भाग को भी राज कुमार ने ही निर्देशित किया था, जो दर्शकों को खूब पसंद आई थी। फिल्म ने क्रिटिक्स की भी सराहना प्राप्त की थी। इस सीक्वल को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने अपने बैनर टी-सीरीज और पैनोरमा स्टूडियोज के तहत बनाया है।

अजय देवगन का वर्क फ्रंट अजय देवगन को आखिरी बार पीरियड स्पोर्ट्स ड्रामा 'मैदान' और 'औरों में कहां दम था' में देखा गया था। उनकी अगली फिल्म रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' है।

# वेदांग रैना ने साझा किया जिगरा में काम करने का अनुभव



बॉलीवुड के उभरते सितारे वेदांग रैना ने जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से डेब्यू किया। अपनी पहली ही फिल्म से उन्होंने दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ी है। अब उनकी अगली फिल्म जिगरा रिलीज होने वाली है। इसमें वे आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगे। अभिनेता ने अपनी इस आगामी फिल्म को लेकर बातचीत की और साथ ही म्यूजिक के प्रति प्रेम पर भी चर्चा करते नजर आए।

## फिल्म द आर्चीज में काम करना सपने जैसा

इस फिल्म को लेकर वेदांग ने कहा, फिल्म द आर्चीज में काम करना उनके लिए किसी बड़े सपने के पूरे होने जैसा है। इस फिल्म के बाद रैना अपने दूसरे प्रोजेक्ट जिगरा पर काम कर रहे हैं। फिल्म को लेकर वेदांग ने कहा कि मेरे डेब्यू के बाद, अब मैं आलिया के साथ फिल्म जिगरा के लिए काम कर रहा हूं। फिल्म जिगरा का निर्देशन वसन बाला ने किया है।

## आलिया के साथ काम करने को लेकर उत्साहित

आलिया भट्ट के साथ काम करने को लेकर वेदांग रैना ने अपना उत्साह और आभार व्यक्त किया है। वेदांग ने कहा, जिगरा मेरे लिए और बड़ा सपना है। सेट पर पहले दिन से ही अलग माहौल देखने को मिला। इस फिल्म में आलिया और वसन बाला सर के साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं इस प्रोजेक्ट को लेकर बहुत उत्साहित हूं, साथ ही दुनिया को दिखाना भी चाहता हूं। ये प्रसिद्धि संभालना नया सा है अभिनेता ने अपने करियर को लेकर कहा कि मेरा करियर 0 से 1000 और फिर सीधे 2000 गुना हो गया है। वेदांग रैना ने कहा, ये प्रसिद्धि और इसे संभालना कुछ नया सा है। वह स्पॉटलाइट में रहने की अभी भी आदत डाल रहे हैं। लोग मुझे अभी भी सड़कों पर पहचानने की कोशिश करते हैं, ये मेरे लिए कुछ नया है। उन्होंने कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि कलाकारों की जिंदगी अचानक से बदल जाती है। उन्होंने कहा, इस प्रसिद्धि के बीच अपनी पहचान और स्वयं को बनाए रखना भी बहुत मुश्किल है लेकिन जरूरी है।



# ईशान खट्टर ने स्वीकारी प्रेम संबंध में होनी की बात, बताया वो उनके जितनी स्थापित नहीं

ईशान खट्टर बॉलीवुड के प्रतिभाशाली अभिनेताओं में से एक हैं। उन्होंने हाल में ही द परफेक्ट कपल से हॉलीवुड डेब्यू किया है। ईशान ने पहली बार फिल्म धड़क से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद से वह लगातार अपने अभिनय से दर्शकों और फिल्म आलोचकों से सराहना बटोरते रहे हैं। ईशान के अभिनय के अलावा उनकी निजी जिंदगी की भी काफी चर्चा होती है। वह अक्सर अपनी कथित गर्लफ्रेंड चांदनी बैंज के साथ नजर आते हैं, जिन्हें लेकर लगातार अफवाहें उड़ती रहती हैं। इस बीच अभिनेता ने अपने रिलेशनशिप स्टेटस को लेकर बात की है। ईशान खट्टर आमतौर पर डेटिंग को लेकर ज्यादा बातें नहीं करते हैं, लेकिन हाल में ही उन्होंने पुष्टि की है कि वह जिनके साथ हैं वह उतनी स्थापित नहीं, जितना वो हैं। हाल में ही द डर्टी मैगजीन को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि वह अब सिंगल नहीं हैं। उनसे पूछा गया कि क्या वह अपनी मौजूदा रिलेशनशिप को लेकर कुछ बताना चाहेंगे, जिसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि उनकी जिंदगी में अभी एक लड़की है।

## निजी जीवन को गुप्त रखना पसंद करते हैं ईशान

अभिनेता ने कहा, मैं किसी ऐसे व्यक्ति के साथ रिश्ते में हूं, जो मेरे जितना स्थापित नहीं है। मैं इस बात से बहुत अच्छे तरीके से परिचित हूं कि यह मेरे साथ रहने वाली महिलाओं को किस तरह से प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कहा कि वह मीडिया या पैपराजी को अपनी तस्वीरें खींचने से रोक नहीं सकते, जिस वजह से वह अपनी निजी जीवन को गुप्त रखना चाहते हैं। उन्होंने खुद को एक बेहतर पार्टनर बताते हुए कहा कि अभी भी उनमें कुछ खामियां हैं, जिनपर अपने पिछले रिश्तों के बाद से वह काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह बहुत ज्यादा भावुक हैं। ईशान खट्टर अक्सर मलेशियाई मॉडल चांदनी बैंज के साथ घूमते नजर आते हैं। इन दोनों की डेटिंग को लेकर लगातार अफवाहें उड़ती रहती हैं। दोनों को पहली बार सितंबर 2023 में साथ देखा गया था, तब से दोनों अक्सर एक साथ नजर आते हैं। बात करें ईशान के वर्क फ्रंट की तो, वह हाल में ही हॉलीवुड सीरीज द परफेक्ट कपल में नजर आ रहे हैं।



# शनिवार को 'फनीवार' बनाने आ रही कपिल की टोली, इस दिन से शो होगा शुरू

कपिल शर्मा के प्रशंसकों के लिए खुशखबरी है। एक बार फिर कॉमेडियन अपने चुटकुलों से सभी को गुदगुदाने के लिए 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन के साथ वापस आ रहे हैं। इस बार इस शो को और भी मजेदार बनाने का वादा किया जा रहा है, उनके हिसाब से हर शनिवार एक मजेदार शनिवार बन जाएगा। 21 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर शुरू हो रहे इस शो के दूसरे सीजन में कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी।

पिछले सीजन में कई दिग्गजों के साथ 13 हफ्तों तक हंसी-मजाक चलता रहा और इस बार सीजन 2 में कपिल, सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, अर्चना पूरन सिंह और राजीव ठाकुर के साथ और भी ज्यादा हंसी, पागलपन का मिलने का दावा किया जा रहा है। कपिल और उनकी टोली 21 सितंबर से हर शनिवार को एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है। जैसे-जैसी इसके प्रसारित होने की तारीख नजदीक आ रही है प्रशंसकों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है कि इस सीजन में उन्हें क्या नया और मजेदार देखने को मिलेगा।

कुछ दिनों पहले निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर दूसरे सीजन का एलान किया था। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा था, अब शनिवार होगा फनीवार क्योंकि कपिल और गैंग डबल मस्ती और हंसी के साथ आ रहे हैं।

सीजन 2 जल्द ही आ रहा है। बने रहें। अब बुधवार को शो का टीजर वीडियो जारी करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'फन से आपके शनिवार को फनीवार बनाने हम आ रहे हैं 21 फरवरी से 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' देखने के लिए तैयार हो जाइए हर शनिवार सिर्फ नेटफ्लिक्स पर।'




## मरक्युरी ईवी टेक लिमिटेड बोर्ड 13 सितंबर को फंड बढ़ाने पर विचार करेगा

**मुंबई, एजेंसी।** ईवी के बिज़नेस में लगी लीडिंग कंपनी मरक्युरी ईवी टेक लिमिटेड (बीएसईः 531357) ने घोषणा की है कि उसका बोर्ड 13 सितंबर, 2024 को कन्वर्टिबल इक्विटी वारंट्स और/या प्रेफेरेंशिएल बेसिस पर इक्विटी शेयर्स जो ऐसे अनुमोदनों के अधीन हैं जो आवश्यक हो सकते हैं जिनमें सदस्यों का अनुमोदन और अन्य स्टेट्यूटरी अनुमोदन, लागू होकर, इसमें सम्मिलित होते हैं, उन्हें इक्विटी शेयर्स इश्यू करके धन जुटाने पर विचार हेतु बैठक करेगा। मरक्युरी ईवी टेक लिमिटेड (बीएसईः 531357) संपूर्ण ईवी इको सिस्टम में उपस्थिति वाली एक लीडिंग ईवी कंपनी है। इसमें अत्याधुनिक 20 एकड़ की ईवी टेक्नोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग सुविधा है। कंपनी के पास थंडरबोल्ट ब्रांड के तहत उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला है। कंपनी ने अपने थंडरबोल्ट ब्रांड में नवीनतम समावेश 4-व्हीलर थंडरबोल्ट मस्क के रूप में किया है। कंपनी का मिशन इनोवेटिव और एडवांस्ड मेक-इन-इंडिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सॉल्यूशंस के साथ एक ज़िम्मेदार और ग्रीन ट्रांसपोर्टेशन जर्नी को जारी रखना है।

## जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर ने क्षमता विस्तार के लिए 2,359 करोड़ के पूंजीगत खर्च को मंजूरी दी

**मुंबई, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू समूह का एक हिस्सा और भारत के दूसरे सबसे बड़े निजी वाणिज्यिक बंदरगाह ऑपरेटर, जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (कंपनी) ने आज अपने जयगढ़ और धरमतर बंदरगाह पर क्षमता विस्तार के लिए 2,359 करोड़ के पूंजीगत व्यय को मंजूरी दे दी। कंपनी की वित्त वर्ष 2030 की विकास योजना के एक भाग के रूप में, मौजूदा क्षमता 170 एमटीपीए से बढ़ाकर 400 मिलियन टन प्रति वर्ष करने की योजना है। संबंधित सहायक कंपनियों के बोर्ड ने 36 एमटीपीए (धरमतर में 21 एमटीपीए और जयगढ़ में 15 एमटीपीए) की कुल क्षमता विस्तार योजना को मंजूरी दे दी है। पूंजीगत खर्च योजना में नए बर्थ के लिए मैकेनिकल, सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्य और तीसरे पक्ष के कार्गो आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए जयगढ़ बंदरगाह के लिए रेलवे साइडिंग जैसे अतिरिक्त बुनियादी ढांचे शामिल हैं।

## भारत में एपीआई-संचालित कम्प्लायन्स सिस्टम को बढ़ावा देते हुए टैली ने अगले 3 सालों में 30-40 फीसदी विकास का लक्ष्य रखा

**मुंबई एजेंसी।** भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़- तेज़ी से विकसित होते एमएसएमई सेक्टर को मजबूत बनाने के दृष्टिकोण के साथ टैली सोल्युशन्स ने आज अपनी कनेक्टेड सर्विसेज़ को और बेहतर बनाते हुए नए टैलीप्राइम 5.0 का लॉन्च किया। बिज़नेस मैनेजमेन्ट सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराने वाली जानी-मानी टेक्नोलॉजी कंपनी टैली ने एपीआई-संचालित टैक्स फ्ल्इलिंग के साथ अपनी कनेक्टेड सर्विसेज़ को नया आयाम दिया है। देश-विदेश में मिड-मास सेगमेन्ट के बिज़नेस के संचालन को सुगम बनाने के प्रयास में यह लॉन्च किया गया है। 'कनेक्टेड जीएसटी' से युक्त नया वर्ज़न सभी ऑनलाईन जीएसटी ऑपरेशन्स के लिए कंसोलिडेट इंटरफेस की तरह काम करेगा, जिसके लिए जीएसटी पोर्टल पर जाने की ज़रूरत नहीं होगी। यह लॉन्च टैली के कनेक्टेड अनुभव को और भी मजबूत बनाएगा।

# एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने दक्षिणी रेलवे जोन के सेलम डिवीज़न से रेलवे ऑर्डर प्राप्त किया

**हैदराबाद एजेंसी।** एलईडी वीडियो डिस्प्ले के डिजाइन, विकास और निर्माण में एक ग्लोबल लीडर एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीएसईः 532850, एनएसई) ने घोषणा की है कि उसे दक्षिणी रेलवे जोन के सेलम डिवीजन से एक ऑर्डर मिला है। ऑर्डर के तहत दक्षिणी रेलवे जोन एसजीइ, एसए पर दूरसंचार आधारित यात्री सुविधाएं और ईएलएस, इरोड में का प्रावधान मतलब है कि कंपनी को इरोड के ईएलएस स्टेशन पर फाइबर ऑप्टिक केबल के जरिए हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्शन स्थापित करना है।

हाल ही में, कंपनी को पश्चिमी रेलवे जोन के रतलाम डिवीजन से एक ऑर्डर मिला। इस ऑर्डर के तहत, कंपनी को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 14 स्टेशनों पर 12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज बनाने के लिए दूरसंचार उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग करना होगा।

हाल ही में, कंपनी ने 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए शानदार कमाई की सूचना दी। 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी ने अपने परिचालन से राजस्व रु. 1071.46 लाख, जो साल दर साल 53त्न की वृद्धि है। ईबीडीटा साल दर साल 32त्न बढ़कर रु. 212.26 लाख से रु. 281.24 लाख । पीएटी में साल दर साल 59त्न की वृद्धि हुई, रु. 123.60 लाख से रु. 196.52 लाख। पीएटी मार्जिन 17.98त्न पर दर्ज किया गया, जो साल दर साल 45 बीपीएस की वृद्धि दर्ज कर रहा है।

कंपनी ने पहले भी घोषणा की है कि उसने जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) आधारित पब्लिक एड्रेस सिस्टम (पीए), यात्री सूचना प्रणाली (पीआईएस) (पीएपीआईएस) और एलईडी डेस्टिनेशन बोर्ड विकसित किए हैं, जो नए और मौजूदा एलएचबी/आईसीएफ प्रकार एसी और गैर एसी कोच, जिसमें पेंट्री कार और पावर कार भी शामिल हैं, के अनुसार अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) स्पेक नंबर आरडीएसओ/सीजी-18001 (रेव.2) और क्षमता सह क्षमता मूल्यांकन (सीसीए) के लिए आवेदन किया है। इससे पहले, रेलवे मंत्रालय ने ईओजी टाइप एलएचबी एसी और एनएसी कोच के लिए आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था के लिए कंपनी के क्षमता सह क्षमता मूल्यांकन को मंजूरी दी थी। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की कि उसने अपना क्यूआईपी इश्यू बंद कर दिया है, और बोर्ड ने 46 प्रति शेयर के इश्यू मूल्य पर पात्र योग्य संस्थागत खरीदारों को 1,95,65,217 इक्विटी शेयर जारी करने और आवंटन को मंजूरी दी। क्यूआईबी के बीच, कंपनी ने अंतरा इंडिया एवरग्रीन फंड लिमिटेड, कोयस ग्लोबल ओपर्च्युनिटीज फंड और मिनर्वा वेंचर्स फंड को शेयर आवंटित किए।

एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड 1988 से एलईडी वीडियो डिस्प्ले, उच्च-स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक और दूरसंचार उपकरण और दूरसंचार सॉफ्टवेयर के विकास में एक वैश्विक नेता है। एक आईएसओ 9001:2008 और आईएसओ 14001:2004 प्रमाणित कंपनी, इसने एलईडी वीडियो, ग्राफिक्स और टेक्स्ट डिस्प्ले, एलईडी लाइटिंग समाधान, एम्बेडेड, सिस्टम और दूरसंचार सॉफ्टवेयर और संचार और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के गतिशील क्षेत्रों में एक मजबूत उपस्थिति स्थापित की है।

## हेयर एण्ड केयर आमंड हेयर ऑयल से अपने बालों के डैमेज को ठीक करें: डॉ. शिल्पा

**मुंबई, एजेंसी।** खूबसूरत और स्वस्थ बाल पाने में सबसे बड़ी चुनौती डैमेज्ड बालों की होती है, जैसे कि बाल टूटना और उनका उलझना यानी फ्रिज होना। बाल चाहें पर्यावरण के कारणों से डैमेज हों, बार-बार हीट स्टाइलिंग करने से या स्ट्रांग केमिकल ट्रीटमेंट करवाने से, वे बेजान हो जाते हैं और अपनी चमक खो देते हैं। ऐसे में बालों का टूटना चिंताजनक हो जाता है। हालांकि बादाम के रूप में प्रकृति ने हमें इसके लिये एक ताकतवर नुस्खा दिया है। बादाम में काफी पोषक-तत्व होते हैं, जो डैमेज्ड बालों को रिपेयर करने और उनमें दोबारा जान डालने में मददगार हो सकते हैं।

मैरिको लिमिटेड की मुख्य शोध एवं विकास अधिकारी डॉ. शिल्पा वोरा बालों की देखभाल में बादाम की अहमियत के बारे में बता रही हैं।

बादाम में कई जरूरी पोषक-तत्व होते हैं, जो उन्हें जड़ से मजबूत करते हैं, उनका टूटना कम करते हैं और उसे रिपेयर करने में मदद करते हैं। खास फार्मूले वाला, हल्का-फुल्का और नरिशिंग हेयर ऑयल इसका आदर्श समाधान हो सकता है। सिर की त्वचा में बादाम के तेल की मालिश करने से खून का बहाव बेहतर होता है और बालों को पोषण मिलता है। ये डैमेज्ड बालों की नमी बरकरार रखते हैं और उन्हें जड़ से मजबूत बनाते हैं।

# आईटेल ने कलर प्रो 5जी पर डबल धमाका ऑफर की घोषणा की

- **इस खास ऑफर के तहत, कलर प्रो 5जी खरीदने पर आपको मिलेंगे 3000 मूल्य के दो मुफ्त बैग**




**मुंबई, एजेंसी।** फेस्टिव सीजन की शुरुआत के साथ, आईटेल अपने नए कलर प्रो 5जी पर डबल धमाका ऑफर ऑफर के साथ सेलिब्रेशन को और भी खास बनाने आ गया है। उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए, आईटेल कलर प्रो 5जी की हर खरीद पर आपको एक नहीं, बल्कि दो खास उपहार मिलेंगे - एक स्टाइलिश डफेल बैग और एक ट्रेंडी बैकपैक। इसके अलावा, आईटेल आपके खरीद के 100 दिनों के भीतर फ्री स्क्रीन रिप्लेसमेंट की सुविधा भी दे रहा है, जिसकी कीमत 2000 है। कलर प्रो 5जी में 5जी++ एनआरसीए टेक्नोलॉजी टेक्नोलॉजी जैसे और भी कई खास फीचर्स हैं। इसमें नई नेक्स्ट-जन आइवीसीओ टेक्नोलॉजी भी है, जो धूप में फोन के बैक पैनल का रंग बदल देती है, जिससे इसका लुक और भी आकर्षक हो जाता है। इन ऑफर्स के साथ, कलर प्रो 5जी की प्रभावी कीमत 5जी सेगमेंट में बहुत ही प्रतिस्पर्धी हो जाती है, जो अन्य ब्रांड्स के मुकाबले बेहतर मूल्य प्रदान करती है।

## 'रात जवान है' में दिखेगी पैरेंटहुड की वाइल्ड राइड!

**मुंबई, एजेंसी।** जब जवानी की खुशी का पैरेंटहुड से सामना होता है, तब इंसान की दुनिया ही बदल जाती है! सोनी लिव की नई ओरिजिनल सीरीज 'रात जवान है' तीन पक्के दोस्तों की अनिश्चित जिन्दगी में अचानक होने वाले नये-नये बदलावों पर रोशनी डालती है। यह दोस्त हैं राधिका (अंजली आनंद), अविनाश (बरुन सोबती) और सुमन (प्रिया बापट) और उनका सबसे बड़ा एडवेंचर होता है बच्चों को पालना। इस सीरीज का हाल ही में आया ट्रेलर उन तीनों के सफर की मजेदार झलक देता है। तीनों ही डाइपर, कॅरियर और दोस्ती के जंजाल में उलझे दिखाई देते हैं। यह तीनों दोस्त एक-दूसरे का साथ तो देते हैं, लेकिन उनका सफर दिल को छू लेने वाले किसी यादगार रोलरकोस्टर से कम नहीं है!


# सरवेश्वर फूड्स लिमिटेड ने एनबीएफसी के साथ रणनीतिक साझेदारी की

**मुंबई, एजेंसी।** जम्मू स्थित कृषि-खाद्य क्षेत्र में एक उभरता हुआ अग्रणी सरवेश्वर फूड्स लिमिटेड ने घोषणा की कि उसने किसानों को वित्तीय सहायता बढ़ाने के लिए - जो कंपनी की आपूर्ति श्रृंखला की रीढ़ हैं - और कृषि क्षेत्र में सुधार लाने के लिए कुछ गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के साथ रणनीतिक साझेदारी की है।

सरवेश्वर फूड्स लिमिटेड हमेशा से अच्छी गुणवत्ता के खाने पर ध्यान देता रहा है और किसानों को बहुत महत्व देता है। कंपनी ने किसानों को आधुनिक तरीकों से खेती करने और अपने खेतों को बेहतर बनाने के लिए पैसे देने के लिए कुछ एनबीएफसी कंपनियों के साथ हाथ मिलाया है। इन साझेदारियों से खेती का काम और बेहतर होगा और कंपनी को भी फायदा होगा। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत, सरवेश्वर फूड्स लिमिटेड एनबीएफसी और किसानों के बीच संबंधों को सुगम बनाएगा। वित्तीय व्यवस्था एनबीएफसी और किसानों के बीच सीधे की जाएगी, कंपनी के लिए कोई रिसोर्स इसमे नहीं होगा। सरवेश्वर फूड्स लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री रोहित गुप्ता ने कहा, किसान हमारी सफलता के केंद्र में हैं, और उनका कल्याण हमारे मिशन से जुड़ा है। हम इन रणनीतिक साझेदारियों को बनाने के लिए अपने व्यापक नेटवर्क और लंबे समय तक चले आ रहे संबंधों का लाभ उठा रहे हैं। एनबीएफसी के साथ सहयोग करके, हम उन आवश्यक संसाधनों को प्रदान करना चाहते हैं जो हमारे किसानों को सशक्त बनाएंगे। और उनकी क्षमताओं को बढ़ाएंगे। यह पहल हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने, कृषि समुदाय का समर्थन करने और सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है कि सरवेश्वर फूड्स लिमिटेड से जुड़ा हर कोई न केवल पनपे बल्कि सामूहिक रूप से समृद्ध हो।

# 2,500 की करते थे नौकरी, 18 की उम्र में शुरू किया कारोबार... आज 41 देशों में फैला है साम्राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विवेक चंद सहगल मदरसन ग्रुप के सह-संस्थापक हैं। एक साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर वह ग्लोबल ऑटोमोटिव इंडस्ट्री की सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक बन गए हैं। 28 सितंबर, 1956 को दिल्ली में जन्मे सहगल की सफलता की कहानी उद्यमिता का बेहतरीन उदाहरण है। 18 साल की उम्र में चांदी का व्यापार उनका पहला व्यवसाय था। 1970 के दशक की शुरुआत में उन्होंने 2,500 रुपये के वेतन से अपने करियर की शुरुआत की थी। आइए, यहां विवेक चंद सहगल की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



**पिलानी से की शुरुआती पढ़ाई** – विवेक चंद सहगल ने अपनी शुरुआती शिक्षा राजस्थान के पिलानी के बिड़ला पब्लिक स्कूल से हासिल की। फिर दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। सहगल ने 1975 में अपनी मां स्वर्ण लता सहगल के साथ मदरसन की शुरुआत की थी। शुरुआत में कंपनी चांदी के व्यापार में थी।

**ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में रखे कदम** – यह और बात है कि समय के साथ चांदी के व्यापार में गिरावट आई। इसे देखते हुए सहगल को अपनी रणनीति बदलनी पड़ी। इस तरह उन्होंने ऑटोमोबाइल व्यवसाय में कदम रखने के लिए एक रणनीतिक कदम उठाया। यह रणनीतिक बदलाव वास्तव में गेम चेंजर साबित हुआ। मदरसन को ग्लोबल दिग्गज के रूप में उभरने में मदद मिली। ऑटो कंपोनेंट्स में कंपनी के पहले कदम 1986 में पड़े जब इसने जापान की सुमितोमो वायरिंग सिस्टम्स के साथ ज्वाइंट वेंचर बनाया। इसने ऑटोमोटिव व्यवसाय में मजबूत ग्रोथ का मंच तैयार किया।

**41 देशों में फैला है साम्राज्य**– जब से विवेक चंद सहगल ने मदरसन समूह की बागडोर संभाली है, कंपनी का काफी विस्तार हुआ है। वह संवर्धन मदरसन ग्रुप के चेयरमैन हैं। यह समूह 41 देशों में फैला हुआ है। इसकी 350 से अधिक मैन्यूफैक्चरिंग यूनिटें हैं। ग्रुप में 1,35,000 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं। यह समूह ऑडी, बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज जैसी प्रतिष्ठित कार निर्माताओं के लिए वायरिंग हार्नेस, विजन सिस्टम, मॉड्यूल और पॉलीमर प्रोडक्ट बनाती है।

**ऑस्ट्रेलिया में सबसे अमीर भारतीय**– अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवेक चंद सहगल के उद्यमशीलता कौशल को पहचान मिली है। 2016 में उन्हें भारत में श्वङ्ख एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवार्ड मिला। 2023 तक उनकी संपत्ति 4.8 अरब डॉलर आंकी गई। यह उन्हें दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक बनाता है। आज सहगल न केवल सबसे प्रसिद्ध भारतीयों में से एक हैं बल्कि ऑस्ट्रेलिया में सबसे अमीर भारतीय भी हैं।

# दो दिन में 1,000 महंगा हुआ सोना, चांदी में उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी की कीमत में इस हफ्ते काफी तेजी आई है। इस सप्ताह अब तक सोने की कीमतों में 460 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है, जबकि चांदी का रेट 1,800 रुपये प्रति किलो तक बढ़ गया है। गुरुवार को भी शुरुआती कारोबार में सोने और चांदी की कीमत में तेजी दिख रही है। एमसीएक्स पर अक्टूबर डिलीवरी वाला सोना सुबह 11 बजे 59 रुपये की तेजी के साथ 71986.00 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। इसी तरह दिसंबर डिलीवरी वाली चांदी 407 रुपये की तेजी के साथ 84857.00 प्रति किलो के भाव चल रही है।



अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने-चांदी की कीमत में मिलाजुला रुख देखने को मिला। बुधवार को सोने का अक्टूबर वायदा अनुबंध 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,927 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी का दिसंबर वायदा अनुबंध 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84,450 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ। अमेरिका में महंगाई के आंकड़ों के कारण सोने और चांदी की कीमतों में बहुत अधिक उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। अगस्त में यू.एस. कोर सीपीआई महंगाई में बढ़ोतरी उम्मीद से ज्यादा रही। इससे सोने की कीमतें अपने उच्चतम स्तर से फिसल गईं।

**सर्राफा कीमत**– राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव बुधवार को 500 रुपये बढ़कर 74,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की लिवाली बढ़ने तथा वैश्विक बाजारों के मजबूत संकेतों से सोने की कीमतों को बल मिला। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके साथ ही पिछले दो दिन में सोने की कीमतों में 1,000 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी बुधवार को 500 रुपये बढ़कर 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में चांदी 84,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 500 रुपये की तेजी के साथ 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम से 74,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की ओर से खरीदारी बढ़ने से बाजार में धारणा मजबूत हुई, जिससे सोने की कीमतों में तेजी आई।

**क्या कहते हैं एनालिस्ट्स**– अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स सोना 0.31 प्रतिशत बढ़कर 2,550.90 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी डॉलर में गिरावट के कारण बुधवार को सोने की कीमतों में तेजी आई। शेयर बाजार में बिकवाली और जोखिम से बचने की भावना ने सोने जैसी सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर प्रवाह को बढ़ावा दिया। इससे भी सोने की कीमतों को समर्थन मिला। विदेशी बाजारों में चांदी का भाव भी बढ़कर 29.11 डॉलर प्रति औंस पर रहा। जानकारों का कहना है कि डॉलर इंडेक्स में उतार-चढ़ाव और ईसीबी की मॉनिटरी पॉलिसी मीटिंग से पहले इस हफ्ते सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। एमसीएक्स पर सोने को 71,700-71,440 रुपये सपोर्ट और 72,200-72,500 रुपये पर रेसिसटेंस मिल रहा है। इसी तरह चांदी को 83,800-83,100 रुपये पर सपोर्ट और 85,200-86,000 रुपये पर रेसिसटेंस मिल रहा है।

# श्रीलंका में लोगों को साफ पानी मुहैया कराने के लिए एडीबी ने मदद को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई विकास बैंक ( एडीबी ) ने श्रीलंका के जल आपूर्ति और स्वच्छता क्षेत्र के सुधारों का समर्थन करने के लिए 10 करोड़ अमेरीकी डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। एडीबी ने बुधवार को बताया कि स्वीकृत ऋण जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति देश के लचीलेपन को बढ़ाने और दीर्घकालिक स्थिरता को बढ़ावा देने में मदद करेगा। यह सहायता 100 मिलियन अमरीकी डॉलर के दो उप-कार्यक्रमों से बना होगा। यह जल आपूर्ति और स्वच्छता सेवाओं के अधिक लचीले और टिकाऊ वितरण में योगदान देगा।



एडीबी के अनुसार, उप-कार्यक्रम 1 के तहत राष्ट्रीय स्तर पर और राष्ट्रीय जल आपूर्ति और जल निकासी बोर्ड (एनडब्ल्यूएसडीबी) के लिए नीतियां और रणनीतियां बनाई जाएंगी। जबकि उप-कार्यक्रम 2 के तहत सुधार कार्यों और दिशानिर्देशों का कार्यान्वयन किया जाएगा।

एडीबी के वरिष्ठ शहरी विकास विशेषज्ञ पेड्रो अल्मेडा ने कहा, श्रीलंका में सुरक्षित और विश्वसनीय जल आपूर्ति की कुशल डिलीवरी खंडित जल संसाधन प्रबंधन द्वारा सीमित है और जलवायु परिवर्तन से यह और भी बदतर हो गई है। यह कार्यक्रम न केवल सुरक्षित जल तक पर्याप्त पहुंच सुनिश्चित करने के लिए तंत्र को मजबूत करेगा बल्कि इस क्षेत्र की शासन और स्थिरता चुनौतियों का भी समाधान करेगा। यह निजी क्षेत्र की भागीदारी को भी सक्षम करेगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार



### भारत ने कोरिया को हराकर एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में जीत की लय जारी रखी

**हुलुनबुइर (चीन) (एजेंसी)।** गत चैम्पियन भारत ने बृहस्पतिवार को यहां हीरो एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में कोरिया को 3-1 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारत ने इससे पहले चीन को 3-0 से, जापान को 5-0 और पिछले साल की उप विजेता मलेशिया को 8-1 से मात दी। कोरिया के खिलाफ भारत के लिए अराईजीत सिंह हुंडल ने आठवें मिनट में जबकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने नौवें और 43वें मिनट में दो गोल दागे। कोरिया की ओर से एकमात्र गोल जिहुन यांग ने 30वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर किया। पहले ही सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित कर चुकी भारतीय टीम अब शनिवार को अपने अंतिम लीग मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। छह टीमों के टूर्नामेंट के लीग चरण से शीर्ष चार टीमें शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जबकि फाइनल रविवार को खेला जायेगा।

45वां शतरंज ओलंपियाड

### भारत की अच्छी शुरुआत , पुरुष टीम नें मोरक्को को 4-0 तो महिला टीम नें जमैका को 3.5-0.5 से हराया



**बुडापेस्ट , हंगरी (एजेंसी)।** 45वें शतरंज ओलंपियाड में इस बार स्वर्ण पदक की सबसे मजबूत दावेदार भारतीय शतरंज टीम नें अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ कर ली है । पहले राउंड में भारतीय टीम नें पुरुष वर्ग में मोरक्को को तो महिला वर्ग में जमैका को पराजित किया ।

पुरुष वर्ग में भारत आज डी गुकेश के बिना खेलने उतरा और गुकेश की जगह पहले बोर्ड पर प्रज्ञानन्दा नें मोर्चा सम्हाला और उन्होने तिसीर मोहम्मद को पराजित किया , दूसरे बोर्ड पर अर्जुन एरीगैसी नें एलबीजा जेकस को , तीसरे बोर्ड पर विदित गुजराती नें महदी पिररे और चौंथे बोर्ड पर पेंटाला हरीकृष्णा नें अनस मोयाद को पराजित करते हुए टीम को 4-0 से जीत दिला दी अब दूसरे राउंड में भारत का सामना आइसलैंड से होगा जिसमें गुकेश की वापसी संभव है ।

महिला वर्ग में भारतीय टीम नें जमैका को एक संघर्षपूर्ण मैच में मात दी , हालांकि भारत नें मैच 3.5-0.5 के बड़े अंतर से जीता पर जमैका की टीम नें अंत तक संघर्ष किया । भारतीय टीम शीर्ष खिलाड़ी हरिका के बिना उतरी और पहले बोर्ड पर वैशाली रमेशबाबू नें क्लार्क अदानी को , दूसरे बोर्ड पर दिव्या देशमुख नें मिलेर रेचल को और चौंथे बोर्ड पर तानिया सचदेव नें गैबरियला वॉटसन को पराजित किया जबकि तीसरे बोर्ड पर वन्तिका अग्रवाल को रेहाना ब्राउन नें ड्रॉ पर रोक लिया । अब दूसरे राउंड में भारतीय टीम चेक गणराज्य की टीम से मुक़ाबला खेलेगी जिसमें हरिका द्रोणावल्ली टीम में वापसी करेंगी ।

# प्रधानमंत्री मोदी ने पैरालंपिक पदक विजेताओं से की मुलाकात

## परमार ने लिया पीएम का आटोग्राफ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यहां अपने आवास पर भारत के पैरालंपियन खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें हाल ही में संपन्न पेरिस खेलों में रिकॉर्ड 29 पदक जीतने के लिए बधाई दी। खेल मंत्रालय द्वारा साझा किए गए 43 सेकेंड के वीडियो में प्रधानमंत्री को पैरालंपियन पदक विजेताओं को बधाई देते और उनसे बात करते हुए देखा जा सकता है।

बातचीत के दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के प्रमुख देवेंद्र झाझडिया भी मौजूद थे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा में लगातार दूसरा पैरालंपिक स्वर्ण जीतने वाली निशानेबाज अवनि लेखरा और पैरालंपिक पदक जीते वाले भारत के पहले जूडो खिलाड़ी दृष्टिबाधित कपिल परमार उन लोगों में शामिल थे जिन्हें प्रधानमंत्री के साथ तस्वीर खिंचवाते देखा गया।

परमार को प्रधानमंत्री मोदी से अपने पदक पर हस्ताक्षर करवाते देखा गया। भारत ने पैरालंपिक खेलों में 29 पदक जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें अभूतपूर्व 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं। पेरिस खेलों में भारत के 84 सदस्यीय दल ने हिस्सा लिया और तीन साल पहले तोक्यो खेलों में हासिल किए गए 19 पदकों के पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया।

इन खेलों के दौरान भारत ने पहली बार एथलेटिक्स की ट्रैक स्पर्धाओं में पदक जीतने के अलावा तीरंदाजी में पहली बार स्वर्ण (हरविंदर सिंह के माध्यम से) पदक जीता। स्वदेश लौटने पर पैरालंपियन खिलाड़ियों को सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है और खेल मंत्री मांडविया ने स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख रुपए, रजत पदक विजेताओं को 50 लाख रुपए और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 30 लाख रुपये का पुरस्कार दिया। राकेश कुमार के साथ मिलकर कांस्य पदक जीतने वाली बिना हाथ वाली तीरंदाज शीतल देवी जैसे मिश्रित टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 22.5 लाख रुपए की राशि मिली।

# पूर्व पाकिस्तानी स्टार का पीसीबी पर तीखा हमला

## अपनी आंखें खोलो, सौरव गांगुली ने भी बोला था



**करांची (एजेंसी)।** पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेट टीम स्टार बासित अली ने टीम के हालिया संघर्षों के बाद एक बार फिर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और अध्यक्ष मोहसिन नकवी पर निशाना साधा। टी20 विश्व कप 2024 के ग्रुप चरणों से बाहर होने के कुछ महीनों बाद पाकिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने स्थिति पर अपने विचार को मजबूत करने के लिए सौरव गांगुली और रविचंद्रन अश्विन जैसे भारतीय क्रिकेटरों द्वारा प्रस्तुत किए गए समान विचारों का भी हवाला दिया।

उन्होंने यूट्यूब पर कहा, मोहसिन नकवी, कृपया अपनी आंखें खोलिए। आप कहते हैं कि आप पाकिस्तान के क्रिकेट को ठीक कर देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सकता। यह कड़वा सच है। जब मैं यासिर शाह के बारे में बोलता हूं तो लोग मेरी आलोचना करते हैं। रविचंद्रन अश्विन ने भी यही बात कही है, उन्होंने पाकिस्तान में स्पिनरों की कमी पर आश्चर्य व्यक्त किया है। हो सकता है कि मैं गलत होऊं, लेकिन क्या अश्विन भी गलत हैं? यहां तक कि सौरव गांगुली ने भी कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट कैसे खराब हो गया है। पाकिस्तान के क्रिकेट को ठीक करने के वादे सिर्फ नौटंकी के अलावा कुछ नहीं हैं।

# आयरलैंड की महिला टीम ने इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में हराया



**बेलफास्ट (एजेंसी)।** एमी मैगुएर (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद कप्तान गैबी लुईस (72) रनों की शानदार अर्धशतक पारी की बदौलत आयरलैंड की महिला टीम ने इंग्लैंड को रोमांचक एकदिवसीय मुकाबले में हराया दिया है।

154 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की सलामी जोड़ी एमी हंटर और कप्तान गैबी लुईस ने अच्छी शुरुआत की। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 51 रन जोड़े। सातवें ओवर में फ्रेया केम्प ने एमी हंडर (18) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद मैडी विलियर्स ने ओर्ला प्रेंडरगैस्ट (11) को आउट कर दिया।

लीह पॉल (22) रन बनाकर आउट हुई। इस दौरान कप्तान गैबी लुईस एक छोर पर डटी रही। नौवें ओवर में 137 के स्कोर पर कप्तान गैबी लुईस के (72) के आउट होने के बाद लगातार तीन और विकेट गिरने से आयरलैंड की टीम संकट में आ गई थी। हालांकि रेबेका स्टोकेल (नाबाद तीन) तथा अलाना डाल्जेल (नाबाद चार) टीम को जीत की ओर ले गई और आयरलैंड ने 22 ओवर में सात विकेट पर 155 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया।

इंग्लैंड ने इस हार के बावजूद तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीत ली है। इंग्लैंड की ओर से मैडी विलियर्स ने तीन विकेट लिये। लॉरेन फाइलर को दो विकेट मिले। फ्रेया केम्प ने एक बल्लेबाज को आउट किया। पिछले मैच 275 रनों से करारी हार झेलने के बाद बुधवार की रात तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज एम्मा लैम्ब का विकेट गवां दिया। इसके बाद टैमी ब्यूमोंट ने होली आर्मिटेज के साथ दूसरे विकेट के लिये 43 रन जोड़े। होली आर्मिटेज ने (15), पैगे स्कोल्फील्ड (21) और रयाना मैकडोनाल्ड-गे (17) रन बनाकर आउट हुई। टैमी ब्यूमोंट ने (52) रनों की पारी खेली। आयरलैंड के गेंदबाजी कहर के आगे इंग्लैंड के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

आयरलैंड के गेंदबाजों ने इंग्लैंड की पूरी टीम को 20.5 ओवर में 153 के स्कोर पर समेट दिया। आयरलैंड की ओर से एमी मैगुएर ने 3.5 ओवर में 19 रन देकर पांच विकेट लिये। फ्रेया सार्जेंट को दो विकेट मिले। ओर्ला प्रेंडरगैस्ट, अलाना डेलजेल और जेन मैगुइरे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# 'शीर्ष पर मंत्र हमेशा एक ही रहा है'

## 19 गेंदों में अर्धशतक लगाकर बोले ट्रैविस हेड

**साउथम्पटन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में 23 गेंदों पर 59 रनों की धमाकेदार पारी खेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने



छोटे प्रारूप में अपने लगातार प्रदर्शन का श्रेय गेंद को हिट करने के लिए वास्तव में अच्छी स्थिति में होने को दिया। साउथम्पटन में हेड ने 19 गेंदों पर अर्धशतक बनाया, जो इस साल टी20 में उनका चौथा 50 से अधिक का स्कोर है। लेकिन उन्होंने सैम कुरेन के एक ओवर में तीन चौकों और छक्कों की हैट्रिक की मदद से 30 रन बनाकर फिर से ध्यान आकर्षित किया जिससे ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली। पिछले हफ्ते हेड ने स्कॉटलैंड के खिलाफ भी 25 गेंदों पर 80 रन बनाए, जहां उन्होंने सिर्फ 17 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

हेड ने कहा, अगर वे स्कोर करने के अवसर प्रदान करते हैं, तो मैं मौजूद रहने और खेलने के लिए तैयार रहने की कोशिश कर रहा हूं और वास्तव में सभी मैदानों तक पहुंचने के लिए तैयार हूं, जो मुझे लगा कि मैंने किया। मैंने पिछले 12 महीनों तक बहुत अधिक टी20 क्रिकेट नहीं खेला है। अपने खेल पर काम करते हुए बहुत कुछ तकनीक और मैं अपनी स्विंग से क्या हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं, इस पर निर्भर करता है। इसलिए मुझे लगता है कि मैं गेंद को हिट करने के लिए वास्तव में अच्छी स्थिति में हूं।

शीर्ष क्रम के पुरुष टी20आई बल्लेबाज हेड ने मैथ्यू शॉर्ट के साथ 86 रनों की ओपनिंग साझेदारी में भी भाग लिया, जिन्होंने सिर्फ 26 गेंदों पर 41 रन बनाए। यह पिछले सप्ताह एडिनबर्ग में स्कॉटलैंड के खिलाफ 6 ओवर की अवधि में 113 रन बनाने के बाद पावर-प्ले में ऑस्ट्रेलिया का दूसरा सर्वोच्च स्कोर भी है।

# ब्रैड हॉग ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारत की संभावित प्लेइंग 11 चुनी, इसे रखा बाहर



**चेन्नई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर ब्रैड हॉग ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारत की प्लेइंग 11 की भविष्यवाणी करते हुए फॉर्म में चल रहे ऑलराउंडर अक्षर पटेल और अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल को बाहर रखा है। भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट चेन्नई के प्रतिष्ठित एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार 8 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की। यश दयाल को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया, जबकि ऋषभ पंत लगभग 21 महीने बाद टेस्ट सेटअप में लौटे। हॉग ने बांग्लादेश टाइगर्स के खिलाफ भारत के लिए अपनी संभावित प्लेइंग 11 चुनी।

हॉग ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में मैं जिस एकादश को लेकर जा रहा हूं, वह है जयसवाल, रोहित शर्मा ओपनिंग करेंगे। गिल तीसरे, कोहली चौथे और जडेजा पांचवें नंबर पर आएंगे ताकि बाएं हाथ और दाएं हाथ के संयोजन को बनाए रखा जा सके। सरफराज खान, पंत और फिर गेंदबाजों की बारी जिसमें अश्विन, कुलदीप यादव, सिराज और बुमराह हैं। उन्होंने कहा, वह टीम ऑस्ट्रेलिया में भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। इसलिए उन्हें ऑस्ट्रेलियाई गर्मियों के लिए तैयार होना होगा। भारत के लिए यह एक अच्छी शुरुआत होगी। मेरी प्लेइंग 11 में केएल राहुल या अक्षर पटेल नहीं हैं।

# बारिश के कारण अफगानिस्तान न्यूजीलैंड टेस्ट के चौथे दिन का खेल धुला

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)।** बारिश के कारण अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन का खेल धुल गया। दोनों टीमों के बीच टॉस सुबह नौ बजे होना था लेकिन भारी बारिश के कारण चौथे दिन भी खेल रद्द करना पड़ा। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, 'अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड टीमों के बीच चौथे दिन का खेल लगातार बारिश के कारण नहीं हो सकेगा। इसमें कहा गया, 'स्टेडियम का मुआयना करके कल सुबह खेल आठ बजे शुरू करने के बारे में फैसला लिया जाएगा। पिछले चार दिन में इस मैच में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी है। पहले दो दिन आउटफील्ड गीली थी जिससे अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी के लिए इस मैदान की तैयारी पर भी सवाल उठे हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अभी तक सात ही मैच ऐसे हुए हैं जो एक भी गेंद फेंके बिना रद्द किए गए हों। न्यूजीलैंड टीम का 1998 में डुनेडिन टेस्ट भी बारिश के कारण इसी तरह रद्द हुआ था। अफगानिस्तान इस मैच की मेजबान है जिसे शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का मौका नहीं मिलता। आईसीसी से 2017 में टेस्ट टीम का दर्जा मिलने के बाद यह उसका दसवां टेस्ट है। यह टेस्ट आईसीसी विश्व चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं है। न्यूजीलैंड टीम अब श्रीलंका में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी जिसके बाद भारत में 16 अक्टूबर से तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी।

# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम घोषित

- **प्रदर्शनकारी छात्र की हत्या के आरोपी ऑलराउंडर शाकिब को मौका; पहला मुकाबला 19 से**
- **नजमुल हसन शांतो टीम के कप्तान रहेंगे**




**ढाका (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ 19 सितंबर से होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। दो मैचों की इस सीरीज के लिए 16 मेंबर्स की टीम चुनी गई। नजमुल हसन शांतो टीम के कप्तान होंगे।

टीम में शाकिब अल हसन को भी मौका मिला है। उन पर बांग्लादेश में हसीना सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल छात्र की हत्या का आरोप है। आंदोलन में 400 से ज्यादा लोगों की जान गई थीं। इन्हीं में से एक स्टूडेंट की हत्या का आरोप शाकिब समेत 147 लोगों पर लगा है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने हत्या के आरोप में शाकिब अल हसन का बचाव किया था। बोर्ड के प्रेसिडेंट फारुक अहमद ने कहा था- शाकिब अल हसन जब तक दोषी साबित नहीं हो जाते हैं तब तक बांग्लादेश के लिए खेलना जारी रखेंगे। हम उन्हें भारतीय दौरे के लिए भेजेंगे।

### शोरीफुल की जगह जाकिर अली को मौका

भारत के खिलाफ खेली जाने वाली सीरीज के लिए बांग्लादेश की पूरी वही टीम है, जिसने पाकिस्तान को उन्हीं की सरजमीं पर पहली बार टेस्ट सीरीज हराई थी। इसमें केवल एक बदलाव हुआ है। शोरीफुल इस्लाम को टीम में जगह नहीं मिली है। उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में चोट लग गई थी। शोरीफुल की जगह जाकिर अली को शामिल किया गया।

### टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम

नजमुल हसन शान्तो (कप्तान), महमुदुल हसन जॉय, जाकिर हसन, शादमान इस्लाम, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिट्टन कुमेर दास, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, नईम हसन, नाहिद राणा, हसन महमूद, तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद और जेकर अली अनिक।

### पहले टेस्ट के लिए टीम इंडिया

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और यश दयाल।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा में मुठभेड़, दो बदमाशों को लगी गोली; तीसरा भी दबोचा गया

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा के सेक्टर- 62 स्थित इंडस वैली पब्लिक स्कूल के पास पुलिस और तीन बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए और तीसरे को कॉम्बिंग के दौरान पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटे गए पांच मोबाइल फोन, 2300 रुपये, दो तमंचा और चोरी की बाइक बरामद की। एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि बुधवार सुबह थाना सेक्टर- 58 पुलिस टीम सेक्टर- 62 में चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक पर तीन संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो वह तेजी से भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया तो कुछ दूर चलकर बदमाश बाइक फिसलने से गिर गए। बदमाशों ने भागते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम द्वारा की गई फायरिंग में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। इनकी पहचान जिला मेरठ के गांव पबला के सालिक उर्फ सादिक और हापुड़ के गांव खिलवाई के दीपक के रूप में हुई। तीसरे बदमाश को पुलिस टीम ने कॉम्बिंग के दौरान पकड़ लिया। उसकी पहचान हापुड़ के गांव खिलवाई के सनी के रूप में हुई। पूछताछ करने पर बदमाशों ने बताया गया कि बरामद मोबाइल फोन में से एक मोबाइल फोन व 2300 रुपये इनके द्वारा मंगलवार रात में बड़े डी पार्क और अन्य मोबाइल छोटे डी पार्क व अन्य क्षेत्रों से लूटे गए थे। इससे पहले भी यह लोग लूट की कई घटनाएं नोएडा में कर चुके हैं। ये बदमाश पहले भी मेरठ व अन्य जिलों से लूट व चोरी में जेल जा चुके जा चुके हैं। घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी राह चलते लोगों की कनपटी पर तमंचा लगाकर मोबाइल, जेवरात और नकदी लूट लेते हैं। इनका गिरोह मेरठ का है। अधिक वारदातें मेरठ में की हैं। मंगलवार रात सेक्टर-62 में घटना करने के बाद पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान इन बदमाशों को मुठभेड़ में दबोच लिया।

### केरल के राज्यपाल ने फोन टैपिंग के खिलाफ विधायक के आरोपों पर रिपोर्ट मांगी

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को पत्र लिखकर सीपीआई (एम) समर्थित विधायक पी. वी. अनवर द्वारा एडीजीपी के खिलाफ लगाए गए आरोपों और फोन टैपिंग मुद्दे पर रिपोर्ट मांगी है। राज्यपाल ने पत्र में अनवर के आरोपों को केंद्र में रखा और इस तरह के गंभीर मुद्दे पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पर रिपोर्ट मांगी। उन्होंने अनवर और पथानामथिट्टा के पुलिस अधीक्षक सुजीत दास के बीच हुई टेलीफोन पर बातचीत का भी हवाला दिया। राज्यपाल ने यह भी कहा कि विधायक की टिप्पणी यह साबित करती है कि बाहरी ताकतों ने सरकार की शक्तियों का दुरुपयोग किया है, साथ ही उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारियों की आपराधिकता को भी उजागर किया है। राज्यपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों की फोन टैपिंग सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी आदेशों और दिशा-निर्देशों के खिलाफ है। उन्होंने विधायक के इस बयान की ओर भी इशारा किया कि उन्होंने भी पुलिस अधिकारियों के फोन टैप किए हैं, जो एक गंभीर बात है और इसके खिलाफ कानूनी कदम उठाए जाने चाहिए। 1 सितंबर को नीलांबुर के विधायक पी.वी. अनवर ने केरल के कानून व्यवस्था के प्रभारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) एम.आर. अजित कुमार की तुलना एक कुख्यात अपराधी से की, जिसने खुद को भगोड़े डॉन दाऊद इब्राहिम की तरह पेश किया है और मंत्रियों, विधायकों और राजनेताओं के फोन टैप करने का आदेश दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके पास पुलिस अधिकारियों की कई फोन रिकॉर्डिंग हैं और उन्होंने अपने और पथानामथिट्टा के पुलिस अधीक्षक सुजीत दास के बीच रिकॉर्ड की टेलीफोन बातचीत को लीक कर दिया है। रिकॉर्डिंग में एसपी को यह कहते हुए सुना गया कि एडीजीपी ने एक व्यक्ति से 2 करोड़ रुपये की रिश्वत ली थी और अजित कुमार ने अपने विश्वासपात्रों को त्रिशूर और पलक्कड़ के एसपी के रूप में रखा था और उनका इस्तेमाल आर्थिक लाभ के लिए कर रहे थे। गैरकानूनी गतिविधियों में उनकी संलिप्तता को उजागर करने के लिए उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारियों के फोन भी टैप किए थे।

# 1930 हेल्पलाइन नंबर और 'आई4सी' के प्लेटफॉर्म्स को जन-जन तक पहुँचाना बेहद जरूरी है: अमित शाह

### साइबर सुरक्षा केवल डिजिटल दुनिया तक ही सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अहम पहलू है



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 'आई4सी' के पहले स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि, 'साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए 1930 हेल्पलाइन नंबर और 'आई4सी' के प्लेटफॉर्म्स को जन-जन तक पहुँचाना बेहद जरूरी है। बीते 9 वर्षों में विचार से इनिशिएटिव और इनिशिएटिव से इंस्टिट्यूशन में बदल चुका 'आई4सी' आज देश की साइबर सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ बन चुका है। इस मौके पर शाह ने 'आई4सी' के चार प्रमुख प्लेटफॉर्म्स - सस्पेक्ट रजिस्ट्री, साइबर कमांडो, साइबर फ्रॉड मिटिगेशन सेंटर और को-ऑर्डिनेशन प्लेटफार्म - का शुभारंभ भी किया, जो साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान देंगे।'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साल 2015 में सेफ साइबर स्पेस अभियान के तहत 'आई4सी' की स्थापना हुई थी। साल 2019 में गृह मंत्री बनने के बाद अमित शाह की अगुआई में 'आई4सी' साइबर सुरक्षित भारत का मजबूत स्तंभ बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह सर्वविदित है कि टेक्नोलॉजी इस दुनिया के लिए वरदान है तो अभिशाप भी है। टेक्नोलॉजी के बढ़ते उपयोग से आज देश ही नहीं दुनिया भर में कई खतरे पैदा हो रहे हैं, इसलिए यह स्पष्ट है कि साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम पहलू भी है। ग्लोबल विलेज के इस दौर में यह भी तय है कि कोई भी एक संस्था अकेले साइबर स्पेस को सुरक्षित नहीं रख सकती। यह तभी संभव है जब कई स्टेकहोल्डर्स एक ही मंच पर आकर एक ही रास्ते पर आगे बढ़ें। क्योंकि, राज्यों या देशों की अपनी सीमा है लेकिन इंटरनेट और टेक्नोलॉजी पर आधारित साइबर अपराध या साइबर अपराधियों की कोई सीमा नहीं है।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और साइबर सेफ भारत के लिए प्रतिबद्ध अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में देश के 72 से अधिक टीवी चैनल्स, 190 रेडियो एफएम चैनल्स, सिनेमाघरों और कई अन्य प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से 'आई4सी' एक जन-जागरूकता अभियान शुरू करने जा रहा है। क्योंकि, जब तक ठगी के शिकार हुए पीड़ित को साइबर अपराध से बचने का तरीका नहीं पता होगा तब तक यह अभियान सफल नहीं हो सकता।

एक आँकड़े के अनुसार, 31 मार्च, 2014 तक देश में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 25 करोड़ थी, जो 31 मार्च, 2024 तक बढ़कर 95 करोड़ हो गई है। डिजिटल इंडिया पहल के कारण जहाँ 35 करोड़ जन-धन खाते और 36 करोड़ रुपे डेबिट कार्ड जैसी सर्विसेज आसान हुई है, वहीं साल 2024 में 20 लाख 64 हजार करोड़ रुपये का क्ष्छ लेन-देन भी संभव हो पाया है। साल 2014 में देश की मात्र 600 पंचायत इंटरनेट से जुड़ी थीं, आज 2,13,000 पंचायत जुड़ी हैं। यह स्वाभाविक है कि जब डिजिटल अकाउंट और डिजिटल ट्रांजेक्शन बढ़ते हैं, तो डिजिटल फ्रॉड से सुरक्षा की ज़रूरत भी बहुत अधिक बढ़ जाती है। आज देश ही नहीं पूरी दुनिया के सामने साइबर अपराधियों द्वारा व्यक्तिगत डेटा की बिक्री, ऑनलाइन उत्पीड़न, महिला और बाल शोषण, फर्जी समाचार और टूल किट, मिस इनफॉरमेशन कैंपेन जैसी चुनौतियाँ मौजूद हैं।

मोदी जी की दूरदर्शिता और अमित शाह की नीतियों के तहत 'आई4सी' साइबर अपराध की तमाम चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है। 'आई4सी' ने 600 से अधिक एडवाइजरी जारी की हैं, साइबर अपराधियों द्वारा संचालित कई प्रकार की वेबसाइट्स, सोशल मीडिया पेज, मोबाइल एप्स और अकाउंट्स को ब्लॉक किया है। मेवात, जामताड़ा, अहमदाबाद, हैदराबाद, चंडीगढ़, विशाखापट्टनम और गुवाहाटी में सात ज्वाइंट साइबर को-आर्डिनेशन टीम्स गठित की गई हैं। लेकिन जैसा कि अमित शाह भी मानते हैं कि कोई अकेला इससे नहीं निपट सकता, बल्कि सभी स्टेकहोल्डर्स और देश की जनता को मिलकर यह लड़ाई लड़नी होगी। भारतीय राजनीति के चाणक्य और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की नीतियों के तहत भारत आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, और नशा के खिलाफ अंतिम चरण की लड़ाई लड़ रहा है। ऐसे में अब यह मान लेना चाहिए कि शाह के कुशल मार्गदर्शन में भारत साइबर अपराध से मुक्त होगा।

## मेट्रो स्टेशन में घूमती मिलीं हॉस्टल से गायब तीन लड़कियां, टोका-टोकी से नाराज हो दीवार फांद कर भागीं






**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के नेहरू नगर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से मंगलवार तड़के लापता तीनों छात्राएं मिल गईं। सिहानी गेट पुलिस ने शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन से तीनों को बरामद कर लिया। बताया गया कि हॉस्टल वार्डन की टोका-टाकी से परेशान होकर छात्राएं हॉस्टल से गायब हुई थीं। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से तीन छात्राओं के गायब होने की सूचना मिली थी। गायब हुई किशोरियों की उम्र 14 से 16 साल है। तीनों छठी, सातवीं और आठवीं कक्षा की छात्रा हैं। जांच में सामने आया कि तीनों छात्राएं करीब दो माह पहले ही विद्यालय में आई थीं। यहां हॉस्टल वार्डन की सख्ती उन्हें रास नहीं आई। वार्डन द्वारा रोजाना की जाने वाली टोका-टाकी से छात्राएं परेशान थीं। इसे लेकर आठवीं कक्षा की छात्रा की वार्डन सविता त्यागी से बहस भी हुई थी। बताया गया है कि सोमवार रात को भी वार्डन ने उन्हें समय पर सोने के लिए टोका था। इसके बाद तीनों छात्राओं ने तड़के करीब चार बजे हॉस्टल से भागने का प्लान बना लिया था। डीसीपी सिटी ने बताया कि तीनों छात्राएं मंगलवार तड़के उठीं और पहली मंजिल की छत से लटककर कूद गईं। इसके बाद तीनों छात्राएं विद्यालय की पांच फीट ऊंची चारदीवारी को फांद कर चली गईं। पूछताछ में छात्राओं ने बताया कि वह विद्यालय से भागकर गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंची।

## फरीदाबाद में बिना पीयूसी वाहन चलाने वाले सावधान, अब पेट्रोल पंप पर कटेगा चालान



**फरीदाबाद, एजेंसी।** प्रदूषण जांच प्रमाणपत्र (पीयूसी) के बिना वाहन चलाने वाले चालकों की अब खैर नहीं है। दिल्ली की तर्ज पर स्मार्ट सिटी के पेट्रोल पंप पर अब उनका भी चालान काटेगा। पेट्रोल पंप पर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही में उसमें बिना पीयूसी वाले वाहनों का डाटा फीड किया जाएगा। पेट्रोल पंप पर पहुंचते ही ऐसे वाहन चालकों का चालान किया जाएगा। फरीदाबाद के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मुनीष सहगल ने बताया कि बिना पीयूसी वाले वाहनों के चालान के लिए दिल्ली के करीब 30 पेट्रोल पंप पर शुरू की गई व्यवस्था का आकलन कर रहे हैं।

पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में फीड साफ्टवेयर की भी जानकारी ली जा रही है। आकलन के बाद इस सुविधा को फरीदाबाद में भी शुरू किया जाएगा। साथ ही बिना पीयूसी वाले वाहनों का सीसीटीवी कैमरे से चालान कर, इसकी जानकारी चालकों या वाहन स्वामी के मोबाइल फोन पर मैसेज कर दी जाएगी। इससे स्मार्ट सिटी के प्रदूषण स्तर को कम करने में काफी मदद मिलेगी और वाहन स्वामी अपने वाहनों का समय रहते पीयूसी बनाएंगे।

जानकारी के अनुसार फरीदाबाद में प्रदेश में गुरुग्राम के बाद सबसे अधिक वाहन है। शहर में करीब 16 लाख 68 हजार 81 के आसपास छोटे-बड़े वाहन हैं। इनमें दुपहिया और भारी मालवाहक वाहन भी शामिल है। इसके अलावा हाईवे समेत शहर के 50 प्रमुख सड़कों पर तीन लाख से अधिक वाहनों का आवागमन हो रहा है। परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कई ऐसे वाहन चालक हैं, जो पीयूसी की समय-सीमा खत्म होने के बावजूद उसे दोबारा नहीं बनाया है। ऐसे में ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई के लिए यातायात पुलिस से भी सहयोग लिया जा रहा है।

## युद्ध के मैदान में सैनिकों की जगह लेंगे रोबोट, ऑस्ट्रेलिया की सेना कर रही परीक्षण



**कैनबरा, एजेंसी।** भविष्य में सैनिकों के स्थान पर रोबोट युद्ध लड़ते नजर आ सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सेना ने इसे लेकर कोशिश भी शुरू कर दी है। सेना एक मानवरहित रोबोट का परीक्षण कर रही है, जिसे जीयूएस (ग्राउंड अनक्रूड सिस्टम) नाम दिया गया है। यह जोखिम भरे इलाकों में सैनिकों की जगह ले सकता है। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि रोबोट का परीक्षण पिलबारा रेजिमेंट के सैनिक कर रहे हैं। यह रेजिमेंट ऑस्ट्रेलियाई सेना का रीजनल फोर्स सर्विलांस ग्रुप (आरएफएसजी) है। मंत्रालय के अनुसार, यह निगरानी रोबोट ऑस्ट्रेलिया में ही विकसित किया गया है। इसमें कैमरे और सेंसर लगे हैं, जो बैटरी के जरिए लगातार 30 दिनों से अधिक समय तक निगरानी कर सकते हैं। बैटरी की क्षमता कम होने पर एक ऑन-बोर्ड तरल ईंधन जनरेटर इसे रिचार्ज करेगा। सेना के फ्यूचर लैंड वारफेयर के महानिदेशक ब्रिगेडियर जेम्स डेविस ने कहा कि रक्षा अधिकारी नई तकनीक का इस्तेमाल करने वाली क्षमताओं को विकसित करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

मंत्रालय के मुताबिक, यह रोबोट गतिशील वस्तुओं का पता लगा सकता है और इस सूचना को रिमोट ऑपरेटर को भेज सकता है। जीयूएस में निगरानी क्षेत्र का विस्तार करने की क्षमता है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए भारत ने शुरू की कोशिशें, सेंट पीट्सबर्ग में रूसी एनएसए से मिले अजीत डोभाल



**सेंट पीट्सबर्ग, एजेंसी।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने सेंट पीटर्सबर्ग में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई शोइगु से मुलाकात की। दोनों शीर्ष अधिकारियों की बैठक में यूक्रेन संघर्ष का समाधान खोजने में भारत की संभावित भूमिका और पारस्परिक हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बुधवार शाम को डोभाल-शोइगु की बैठक ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के सम्मेलन के दौरान हुई।

रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर हुई बातचीत

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 23 अगस्त को कीव में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत को लेकर भी दोनों एनएसए के बीच बातचीत हुई। रूस में भारतीय दूतावास ने डोभाल और शोइगु की मुलाकात पर कहा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और पारस्परिक हितों के अहम मुद्दों पर चर्चा की।

रूस और यूक्रेन दोनों देश भारत की मध्यस्थता के लिए तैयार

गौरतलब है कि अजीत डोभाल की रूस यात्रा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा के ढाई सप्ताह बाद हो रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ अपनी मुलाकात में प्रधानमंत्री मोदी ने रूस यूक्रेन युद्ध तुरंत समाप्त करने की अपील की थी और कहा था कि भारत क्षेत्र में शांति बहाली के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। वहीं पिछले दिनों एक कार्यक्रम के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी अपने बयान में कहा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति के लिए वह भारत, चीन और ब्राजील की मध्यस्थता को स्वीकार कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर कहा कि भारत संघर्ष की शुरुआत से ही शांति के पक्ष में रहा है और वह इस संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए व्यक्तिगत रूप से भी योगदान देना चाहेंगे। शनिवार को, इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने ज़ेलेंस्की के साथ अपनी वार्ता के बाद कहा कि भारत और चीन इस संघर्ष का समाधान खोजने में भूमिका निभा सकते हैं।

## बिजली कटौती के कारण ठप हुई चीन की डिजिटल व्यवस्था, लोगों के पास ब्रेड खरीदने के लिए भी नकदी नहीं

**बीजिंग, एजेंसी।** यागी तूफान ने वियतनाम और चीन में तबाही मचा दी, जिसका असर आज भी दिख रहा है। छह सितंबर को यह तूफान चीन के हैनान प्रांत से टकराया था। यागी तूफान के कारण क्षेत्र में भारी बारिश हुई, जिससे आम जनजीवन काफी ज्यादा प्रभावित हुआ। इस तूफान ने चीन जो भारी तबाही मचाई, उसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि तूफान के कारण उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिसमें बिजली कटौती भी शामिल है। इस दौरान लोगों ने कैशलेस समाज में रहने की चुनौतियों का अनुभव साझा किया। बिजली कटौती के कारण लोग अपना मोबाइल उपकरण चार्ज नहीं कर पा रहे थे, जिससे उन्हें लेनदेन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

चार्जिंग स्टेशन पर लोगों की भीड़

सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में देखा गया कि मोबाइल फोन जैसे उपकरण चार्ज करने के लिए चार्जिंग स्टेशन पर भीड़ लगी है। यहां एक विक्रेता ने लोगों को फोन चार्ज करने के लिए एक इंजन-संचालित प्रणाली स्थापित की है। वीडियो के कैप्शन में लोगों की परेशानियों का जिक्र किया गया। कैपिशन में कहा गया, तूफान के बाद पानी और बिजली काट दी गई। लोग मोबाइल उपकरण चार्ज करने के लिए परेशान हैं, क्योंकि उनका सारा पैसा मोबाइल वॉलेट में जमा होता है। बिना फोन के आप रोटी भी नहीं खरीद सकते।

**कैशलेश समाज की कमजोरियों के बारे में चर्चा शुरू:** वीडियो के वायरल होने के बाद संकट के समय में पूरी तरह से कैशलेस समाज की संभावित कमजोरियों के बारे में बातचीत शुरू हो गई। वहीं एक अन्य वीडियो में इलेक्ट्रिक वाहनों पर निर्भरता को लेकर भी चिंता जताई गई। लोग चार्जिंग स्टेशनों में अपने वाहनों को लेकर पहुंच रहे हैं। पोस्ट में बताया गया कि केवल 550 या उससे अधिक के सोशल क्रेडिट स्कोर वाले लोग ही चीन के प्राथमिक डिजिटल वॉलेट वीचेट का इस्तेमाल करके रिचार्ज कर सकते हैं। वीडियो में चीन की डिजिटल अर्थव्यवस्था के अन्य पहलू पर भी प्रकाश डाला गया है, जिसमें यूजर्स को अपना पैसा एक्सपायरी डेट से पहले खर्च करना होता है।





## बॉस के साथ संबंध होना भारतीय मूल की वकील को पड़ा भारी, कंपनी ने नौकरी से निकाला

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में एक भारतीय मूल की वकील का अपने बॉस के साथ संबंध होना भारी पड़ गया। दरअसल, यह पता चलने पर कि कंपनी के सीईओ के साथ महिला का रिश्ता है तो उसे नौकरी से निकाल दिया गया। नॉरफॉक साउथर्न कॉर्पोरेशन की मुख्य कानूनी अधिकारी नवनीता नाग को उनके पद से बर्खास्त कर दिया गया है। जांच में यह दावा किया गया था कि उनका अपने बॉस (मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन शॉ) के साथ सहमति से रिश्ता चल रहा था। मामला सामने आने पर शॉ को भी नौकरी से निकाल दिया गया था।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129